सुप्रभात
रांची, मंगलवार
22.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी/चतुर्दशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 129 12

फीफा वर्ल्ड कप में इंग्लैंड की धमाकेदार जीत, ईरान को 6-2 से रौंदा

## न्यूज डायरी

### गुमला में हथियार के साथ तीन नक्सली पकड़े गये

**गुमला।** पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के तीन उग्रवादियों को धर दबोचा। वे किसी बड़ी घाटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। इनमें कामडारा थाना के मुरगा गांव निवासी प्रेम लोहरा (25), इसी थाने के बामडीह गांव निवासी बसंत लोहरा (20) व सिमडेगा जिला के कोलेबिरा थाना स्थित कोरकोटोली अघरमा के कुलदीप केरकेटटा (37) शामिल हैं। इनके पास से कई हथियार भी बरामद किये गये हैं।

### ज्यूडिशियल एकेडमी में सेमिनार 26 को

**रांची।** झारखंड ज्यूडिशियल एकेडमी में 26 नवंबर को रीजनल कॉफ्रेंस का आयोजन किया गया है। इस रीजनल कॉफ्रेंस में झारखंड हाइकोर्ट समेत चार राज्यों के हाइकोर्ट के जज और न्यायिक पदाधिकारी शामिल होंगे।

### मालगाड़ी पटरी से उतरी, तीन की मौत

**जाजपुर।** ओडिशा भद्रक-कपिलास रोड रेलवे सेक्शन के कोरई स्टेशन पर सोमवार सुबह एक मालगाड़ी पटरी से उतर गयी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत की हो गयी। चार लोग घायल हैं। स्टेशन का वेटिंग रूम भी इसकी चपेट में आ गया। वहां मौजूद लोग ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। मालगाड़ी के आठ डिब्बे प्लेटफॉर्म तथा प्रतीक्षालय से टकरा गये। सीएम नवीन पटनायक ने यात्रियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

### ऐतिहासिक पारी : 50 ओवर में 500 रन बने

**नयी दिल्ली।** बेंगलुरू में सोमवार को जगदीशन की ऐतिहासक पारी (277) की बदौलत तमिलनाडु ने 506/2 रन का स्कोर खड़ा किया। किसी वनडे में पहली बार 500 से ज्यादा रन बने। तमिलनाडु के बल्लेबाज नारायण जगदीशन ने लिस्ट-ए क्रिकेट में ऐतिहासिक पारी खेली है। 26 साल के इस खिलाड़ी ने विजय हजारे ट्रॉफी में अरुणाचल के खिलाफ 277 रन ठोंक दिये हैं। यह वनडे और लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे बड़ा निजी स्कोर है। उन्होंने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा है।

### कमलगाजी फैक्ट्री में गैस रिसाव से दहशत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कमलगाजी में कोल्ड ड्रिंक फैक्ट्री में गैस रिसाव होने से कई कर्मी अचानक बीमार पड़ गये। फैक्ट्री से निकलने वाले अमोनिया गैस धीरे-धीरे इलाके में फैलता जा रहा है। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए राहत-बचावकर्मी और दमकल की गाड़ियां लगी हुई हैं। इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि गैस के रिसाव को नहीं रोका गया तो पूरा इलाका इसकी चपेट में आ सकता है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 49,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 63,500 रु./प्रति किलो |

# दुल्हन की तरह सजा झारखंड विधानसभा भवन

## आज सम्मानित होंगे विनोद सिंह, तीन दिनों तक चलेगा 22वां स्थापना दिवस समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड विधानसभा का मंगलवार को स्थापना दिवस समारोह है। सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। विधानसभा भवन को दुल्हन की तरह सजाया गया है। पूरा विस भवन रौशनी से जगमग कर रहा है। स्थापना दिवस के मौके पर तीन दिनों तक कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। पहले दिन स्थापना दिवस समारोह के मौके पर उत्कृष्ट विधायक के रूप में चयनित विनोद सिंह के साथ-साथ सभा के उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम का उदघाटन राज्यपाल रमेश बैस करेंगे। वहीं सीएम हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद होंगे। समारोह के पहले दिन देश की सीमा पर और नक्सली हिंसा में शहीद हुए राज्य के जवानों के आश्रित परिवार को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही, राज्य में इस साल 10वीं और 12वीं के टॉपर्स स्टूडेंट्स को भी सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा विधानसभा की त्रैमासिक पत्रिका उड़ान का भी लोकार्पण होगा। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो द्वारा लिखित पुस्तक संसदीय दायित्व के तीन साल का भी लोकार्पण किया जायेगा। 23 नवंबर से सांस्कृतिक सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी कड़ी में विधानसभा द्वारा केंद्र-राज्य संबंध पर राष्ट्रीय सम्मेलन होगा। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची और पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च, पीआरएस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सम्मेलन में देशभर के विधिक व संसदीय विशेषज्ञ पहुंचेंगे। देश में पहली बार किसी विधानसभा द्वारा महत्वपूर्ण विषय पर अकादमिक पहल हो रही है।इसमें केंद्र व राज्य के संबंधों की कानूनी बारीकियों पर चर्चा होगी। सम्मेलन में भारत की संघीय संरचना, केंद्र-राज्य संबंधों की वर्तमान स्थिति पर विचार-विमर्श किया जायेगा। प्रख्यात कवि कुमार विश्वास का भी कार्यक्रम है।

(शेष पेज 11 पर)

# मुख्यमंत्री ने दी आरक्षण संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 14 सितंबर 2022 को मंत्रिमंडल की बैठक में स्वीकृत कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के तहत झारखंड में पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण संशोधन विधेयक में सन्निहित प्रस्ताव में संशोधन को सोमवार को स्वीकृति दे दी है। इसके तहत 2001 के मूल अधिनियम की धारा 4 ,1 एवं 4, 2 के प्रावधान विलोपित किया गया है। मालूम हो कि झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़ा वर्गों के लिएद्ध से जुड़े 2001 के मूल अधिनियम की धारा 4, 1 एवं 4, 2 के प्रावधानों को विलोपित करते हुए उसे नये रूप से प्रतिस्थापित किया गया है। अधिनियम की धारा 4, 1 के अंतर्गत किसी स्थापना में सेवाओं और पदों की सभी नियुक्तियां जो सीधी भर्ती से भरी जानी हो, निम्नलिखित रूप से विनियमित की जायेगी। खुली गुणागुण, मेरिट कोटि से 23 प्रतिशत और आरक्षित कोटि से 77 प्रतिशत नियुक्तियां होंगी।

(शेष पेज 11 पर)

# लातेहार में सुरक्षाबलों ने 3 नक्सलियों को मार गिराया

## बेंदी जंगल में जेजेएमपी से हुई भिड़ंत, कई हथियार बरामद

### इलाका सील, सघन सर्च ऑपरेशन जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार पुलिस के लिए सोमवार का दिन सफलता से भरा रहा। सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को मार गिराया। जिले के घनघोर बेंदी जंगल में यह मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ के बाद पुलिस महकमा सक्रिय हो गया है। लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आलोक में लातेहार पुलिस व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम सदर थाना क्षेत्र के बेंदी पंचायत के सुखलकट्ठा जंगल में सर्च पर निकली थी।

इसी क्रम में सुरक्षाबलों की प्रतिबंधित संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) उग्रवादियों से मुठभेड़ हो गयी। मुठभेंडस्थल से दो इंसास राइफल और एक एसएलआर समेत भारी मात्रा में गोलियां बरामद की गयीं हैं। एसपी अंजनी अंजन ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। कई उग्रवादी जंगल का फायदा भाग निकलने में सफल रहे।



### नक्सलियों ने एक दिन पहले भी की थी फायरिंग

रविवार को नक्सलियों ने लातेहार जिले के एकमहुआ हुटाप अमझरिया सड़क निर्माण कार्य में लगी कंपनी की साइट पर हमला कर दिया था। इस हमले में जेजेएमपी संगठन के नक्सली शामिल थे। यह हमला लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में हुआ था। जेजेएमपी के नक्सली लेवी लेने गये थे।

एसपी को सूचना मिली थी कि बेंदी जंगल में जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा के नेतृत्व में बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए उग्रवादी जमा हुए हैं।

(शेष पेज 11 पर)

# रांची समेत राज्य के 4 विवि की नैक से मान्यता समाप्त

## मारवाड़ी कॉलेज समेत 5 का ऑटोनोमस टर्म भी खत्म

### सरकारी अनुदान से वंचित हो सकते हैं विवि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** रांची समेत राज्य के चार विश्वविद्यालयों की नैक से मान्यता समाप्त हो गयी है। इसके अलावा, मारवाड़ी कॉलेज और रांची वीमेंस कॉलेज समेत कई कॉलेजों की नैक से मान्यता व ऑटोनोमस दर्जा की अवधि भी समाप्त हो गयी है। इस कारण, अब ऐसे कॉलेजों को सरकारी अनुदान से वंचित होना पड़ेगा। विस्तार नहीं मिलने की स्थिति में कॉलेज की डिग्री की वैधता, परीक्षा संचालन व अन्य कामकाज में तकनीकी अड़चनें आ सकती हैं। इसे लेकर कॉलेज प्रबंधन परेशान है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियमानुसार ऑटोनोमस की अवधि खत्म होने और नैक से मान्यता नहीं रहने पर ऑटोनोमस विस्तार के लिए प्रक्रिया पूरी करनी होगी। यूजीसी द्वारा फंड मिलने की भी संभावना कम हो जायेगी। ऑटोनोमस विस्तार के लिए कॉलेजों ने यूजीसी के पास प्रस्ताव भेजकर विस्तार करने का आग्रह किया है। नियमानुसार अवधि पूरी होने के बाद यूजीसी विशेषज्ञ टीम पर निर्भर है कि किसी कॉलेज को ऑटोनोमस का दर्जा देना है या नहीं। अगर दर्जा देने पर सहमति बनती है, तो उन्हें अवधि पूरी होने की तिथि से विस्तार देने का प्रावधान भी है। इधर, इस संबंध में रांची विवि के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा, प्रो वीसी डॉ कामिनी कुमार और विवि की प्रवक्ता डॉ स्मृति सिंह से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया। परंतु, प्रोवीसी ने फोन नहीं रिसिव किया और वीसी तथा प्रवक्ता का फोन बंद मिला।

**जिनका ऑटोनोमस का टर्म भी खत्म :** यूजीसी की जारी सूची के अनुसार झारखंड में पांच कॉलेजों को ऑटोनोमस का दर्जा दिया गया है,जिनकी मियाद पूरी हो गयी है।

(शेष पेज 11 पर)

कोविड के कारण नैक की ओर से एक साल की छूट दी गयी है। नैक से मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। वहीं, रांची वीमेंस कॉलेज का ऑटोनोमस का दर्जा 2022 तक है। परंतु, हमारी ओर से अवधि विस्तार का प्रस्ताव यूजीसी को अप्रैल 2022 में ही भेज दिया गया है।

**डॉ शमशुन नेहार, प्राचार्या रांची वीमेंस कॉलेज, रांची।**

# जावा में भूकंप, 165 की मौत 700 से अधिक लोग घायल



**एजेंसी**

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में सोमवार को आये 5.6 तीव्रता के भूकंप में 165 से अधिक लोगों की मौत हो गयी, जबकि 700 से ज्यादा लोग घायल हैं। भूकंप से कई इमारतें भी क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। यूएस जियोलाजिकल सर्वे ने कहा कि

### कई मकान जमींदोज दहशत में लोगों ने इमारतें खाली की

5.6 तीव्रता का भूकंप पश्चिम जावा प्रांत के सियानजुर क्षेत्र में 10 किलोमीटर (6.2 मील) की गहराई पर केंद्रित था। दहशत के मारे लोगअपने घरों को खाली कर सड़कों पर चले गये हैं।

(शेष पेज 11 पर)

# धनबाद: घूस लेते एएसआइ गिरफ्तार

**धनबाद।** सरायढेला थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर (एएसआइ) राजेंद्र उरांव को धनबाद एसीबी की टीम ने छह हजार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम गिरफ्तार एसआई से पूछताछ में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी आवेदक प्रदीप कुमार पांडेय के आवेदन पर एसीबी ने यह कार्रवाई की है। एसआई डायरी लिखने और थाना से ही जमानत देने के एवज में 10 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। काफी मिन्नतें करने के बाद 6 हजार रुपये पर सहमति बनी। इस बात की शिकायत प्रदीप कुमार पांडेय ने धनबाद एसीबी से की थी। एसीबी ने अपना जाल बिछाते हुए पैसे के साथ एएसआइ को धर दबोचा।

# पीएम आज 71 हजार युवाओं को देंगे केंद्र में पक्की नौकरी

## रांची, हजारीबाग समेत देश के 45 शहरों में होगा प्रोग्राम, कई मंत्री जुड़ेंगे

### डॉक्टर,टीचर जैसे पदों पर सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार में मंगलवार को एक साथ 71 हजार युवाओं को पक्की नौकरी का नियुक्ति पत्र जारी किया जायेगा। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे। वह वीडियो कांफ्रेंसिंग से जरिये इस प्रोग्राम में शामिल होंगे। गुजरात और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर यह प्रोग्राम देशभर के 45 शहरों में होगा। रांची, हजारीबाग, समेत पटना, रायपुर, नयी दिल्ली, पणजी, गुरुग्राम, पोर्ट ब्लयेर, विशाखापट्टनम, इटानगर, गुवाहटी, श्रीनगर, उधमपुर, जम्मू, बैंगलुरु, तिरुवनंतपुरम, लेह, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, पुणे, नागपुर, इंफाल, शिलांग, आइजोल, दीमापुर, भुवनेश्वर और जालंधर आदि शहर शामिल हैं। नियुक्ति पत्र देने से पहले पीएम इन लोगों से संवाद भी करेंगे। दूसरे चरण का यह रोजगार मेला सुबह दस बजे से शुरू होगा। पिछले महीने भी मोदी ने 75 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र बांटे थे। यह नियुक्तियां केंद्र सरकार के कई विभागों में पक्की होगी।

(शेष पेज 11 पर)

### नियुक्ति पत्र देने से पहले करेंगे संवाद

इस बार भी कुछ वैसा ही कार्यक्रम बनाया गया है। मोदी युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र देने से पहले उनके साथ संवाद करेंगे। रोजगार मेले के दूसरे चरण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण चेन्नई से, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर से, सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर गुरुग्राम से, पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह पटना से, भारी उद्योग मंत्री डॉ महेंद्रनाथ पांडे प्रयागराज से और पीएमओ में राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह दिल्ली के छावला स्थित बीएसएफ कैंप से रोजगार मेले के साथ जुड़ेंगे।



## प्रदेश भाजपा ने झारखंड बचाओ अभियान के तहत जिला मुख्यालय का किया घेराव

### डीसी ऑफिस का घेराव के दौरान पुलिस से हुई नोंक-झोंक

# आम जनता झारखंड की महागठबंधन सरकार से चाहती है छुटकारा : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा ने झारखंड बचाओ अभियान के तहत जिला मुख्यालय का घेराव किया। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं ने समाहरणालय गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच हल्की नोक-झोंक भी हुई। इससे पहले मोरहाबादी मैदान में इकट्ठे होकर भाजपा कार्यकर्ता डीसी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे थे। सुरक्षा को लेकर पुलिस का भारी बंदोबस्त किया गया था।

इस अवसर पर दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य की जनता त्राहिमाम कर रही है। पूरे राज्य में भ्रष्टाचार फैला है। इस सरकार को गद्दी पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य को बर्बाद करने के लिए एक भ्रष्ट मंत्री काफी होता है लेकिन सत्ता में शामिल सभी नेता भ्रष्टाचार में डूबे हुये हैं। उन्होंने कहा कि बालू, कोयला, पत्थर सहित अन्य खनिज सम्पदाओं की लूट मची हुई है। उन्होंने कहा कि सीएम भ्रष्टाचार के मुद्दे पर इडी का सामना कर



रहे हैं। सरकार को विकास से कोई लेना देना नहीं है। कानून व्यवस्था फेल है। रोज दिन हत्या हो रही है। महिलाओं के साथ अत्याचार और दुष्कर्म हो रहे हैं। राज्य में जंगल राज कायम हो चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पिछड़ों की हितैषी बनती है लेकिन जब पिछड़ों को उनका हक और अधिकार देने की बारी आती है तो पीछे हट जाती है। सरकार ने होल्डिंग टैक्स, वाटर कनेक्शन चार्ज में वृद्धि कर बोझ डाला।

नगर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि राज्य में दिनदहाड़े हत्या हो जाती है और पुलिस अपराधी को न पकड़ कर ठेले और खोमचे वालों को परेशान करती है। राज्य सरकार घोटालों का इतिहास रच रही है। सिर्फ एक जिले में 1000 करोड़ का घोटाला पकड़ा जाता है तो अनुमान लगाइये पूरे राज्य में कितना घोटाला हुआ होगा।

आक्रोश प्रदर्शन में सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, संजय सेठ, नवीन जायसवाल, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, केके गुप्ता, सुरेंद्र महतो, समरी लाल, संजीव विजयवर्गीय, मनोज कुमार सिंह, हेमन्त दास, प्रदीप सिन्हा, योगेंद्र प्रताप सिंह, सूरज शाहदेव, पवन साहू, शोभा यादव, डॉ सीमा सिंह, सुचिता सिंह, बिनोद सिंह, ललित ओझा, अमरनाथ चौधरी, सुनीता सिंह सहित अन्य शामिल थे।

# जनता को गुमराह करना बंद करे भाजपा : कांग्रेस

### प्रदर्शन सिर्फ नौटंकी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने इसे नौटंकी करार दिया है। उन्होंने कहा है कि राज्य में मुद्दाविहीन भाजपा अब अपना अस्तित्व बचाने के लिए सड़क पर नौटंकी कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत 101 पयदान पर आ गया है। सीएमआई के अनुसार आज देश में 48 करोड़ लोग बेरोजगार हैं, महिलाओं का रोजगार 10 फीसदी कम हुआ है। इस पर चर्चा करने के बजाय भाजपा अपनी नकामियां छिपाने के लिए नाटकीय प्रदर्शन कर रही है।

श्री सिन्हा ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार में जीडीपी बेहाल है, रूपए में गिरावट आ रही है। बैंक घोटाले हो रहे हैं, सभी सरकारी संस्थाओं को बेचा जा रहा है, किसानों परेशान हैं। आजादी के 75वें साल में केवल झूठ, नफरत, अहंकार और पूंजीपतियों का अमृतकाल चल रहा है। जनता की आवाज को बुलंद कर रही महागठबंधन सरकार के खिलाफ अलग अलग हथकंडे अपना रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता को गुमराह करना बंद करे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

पत्रांकः– 946 / मेदिनीनगर, दिनांकः– 19.11.2022 /

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD /MID/MEDININAGAR/F2-16/2022-23 जिसका PR No.-280757 (Water Resource) (22-23) D है, के निविदा की तिथि में अपरिहार्य कारणवश निम्न रूप से संशोधित किया जाता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई0–निविदा वेवसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 07.12.2022 (2:00 PM) |
| 2 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.12.2022 (5:00 PM तक) |
| 3 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 15.12.2022 (3:00 PM तक) |
| 4 | Technical Bid खुलने की तिथि एवं समय | 16.12.2022 (12:30 PM) |

निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR.NO.282894 Water Resource(22-23):D


## अभिषेक झा ने व्यक्तिगत उपस्थिति वाली छूट संबंधी याचिका वापस ली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मनरेगा घोटाले से अवैध कमाई की मनी लाउंड्रिंग मामले में अभिषेक झा की याचिका पर सोमवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान प्रार्थी अभिषेक झा ने याचिका वापस ले ली। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट में हुई। आपको बता दें कि अभिषेक झा ने याचिका में ईडी कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का आग्रह किया था।

उल्लेखनीय है कि मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लॉउंड्रिंग मामले में निलंबित आईएएस पूजा सिंघल उनके पति अभिषेक झा और सीए सुमन कुमार सिंह समेत सात लोगों को आरोपी बनाया है। इनके खिलाफ ईडी ने चार्जशीट भी दाखिल किया है। अभिषेक झा पर मनरेगा घोटाले के पैसे का मनी लाउंड्रिंग करने का आरोप है।

## ओबीसी मोर्चा की आक्रोश यात्रा आज से

**रांची।** प्रदेश में शहरी नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण नहीं दिए जाने पर आज से आक्रोश यात्रा प्रारंभ होगी और 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर आक्रोश मार्च निकाला जायेगा। आज आक्रोश रथ यात्रा को प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रदेश महासचिव प्रभात शर्मा ने कहा के यूपीए गठबंधन की सरकार ओबीसी समुदाय को पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण समाप्त कर अब नगर निकाय चुनाव में भी आरक्षण हटाने का काम कर रही है।

## लालू प्रसाद समेत तीन की सजा बढ़ाने की मांग पर हाईकोर्ट में अब 3 सप्ताह बाद होगी सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बहुचर्चित चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित लालू प्रसाद सहित 6 सजायाफ्ता की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। मामले में सीबीआई की ओर से कोई अधिवक्ता कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ। लालू प्रसाद की ओर से अधिवक्ता प्रभात कुमार ने पैरवी



की। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 3 सप्ताह बाद निर्धारित की। मामले के छह सजायाफ्ता में से तीन आरके राणा, फूलचंद सिंह और महेश प्रसाद का निधन हो चुका है। सीबीआई द्वारा दायर 6 सजायाफ्ता की सजा बढ़ाने मामले में से अब सिर्फ लालू प्रसाद, सुबीर कुमार भट्टाचार्य और बेक जूलियस ही बचे हैं। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि देवघर कोषागार से अवैध निकासी मामले में इन छह सजायाफ्ता को तीन से छह साल की सजा सुनाई गई है। सीबीआई ने इन्हें अधिकतम सजा देने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है।


**MINOR IRRIGATION DIVISION, GUMLA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two envelope System**
**Tender Reference No. WRD/MID/GUMLA-F2-17 / 2022-23**
**Date :- 19.11.2022**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Construction of Check dam on Gautam Nala Under Block-Ghaghra District Gumla |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 95,48,239=00 |
| 3 | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 02.12.2022 Time 2.00 PM |
| 5. | Last date /Time for Submission of Bids Online | 09.12.2022 Time 5.00 P.M. |
| 6. | Last date Time/ Place for receipt of Bids Free Security & other documents. | 10.12.2022 Time 5.00 P.M. 1. E.E.M.I.Division Gumla. 2. S.E.M.I.Circle Ranchi. 3. M.I.Design Div. Ranchi. |
| 7. | Date of opening of e-tender | 12.12.2022 Time 2.00 P.M. |
| 8. | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division-Gumla. Karamtoli Road, Gumla. |
| 9. (a) (b) | Contact No. of Procurement officer E-mail of e-Procurement Officer | 9431383699 eemidgum@gmail.com |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement Cell | 0651-2491232 |

**Note :- Only e-Tenders will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,Gumla.**

PR 282859 Minor Irrigation(22-23)#D


## सीबीआइ कोर्ट में इंडो डेनिस टूल रूम के पूर्व पदाधिकारी के खिलाफ आरोप गठित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सोमवार को इंडो डेनिश टूल रूम, जमशेदपुर के पूर्व पदाधिकारी आशुतोष कुमार उनकी पत्नी चयनिका कुमारी एवं उनका मौसेरा भाई केशव वत्स के खिलाफ आरोप गठित कर दिया है। अभियोजन पक्ष को मामले में 16 दिसंबर से साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया। आशुतोष कुमार पर आय से 1.96 करोड़ रुपये अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। मामले में सीबीआई ने 30 सितंबर 2016 को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। सुनवाई के दौरान तीनों आरोपी अदालत में मौजूद थे। तीनों ने मामले में आपने आप को निर्दोष बताया। मामले में सीबीआई ने जांच पूरी करते हुए बीते अगस्त महीने में चार्जशीट दाखिल की थी। मालूम हो कि हाईकोर्ट ने तीनों आरोपियों को जुलाई 2021 में ₹65 लाख जमा करने की शर्त पर अग्रिम जमानत दी थी।

**नौ साल में अवैध रूप में बनाई सम्पत्ति :** आरोपी आशुतोष कुमार इंडो डेनिश टूल रूम के पदाधिकारी रहते अप्रैल 2007 से सितंबर 2016 की अवधि में 1 करोड़ 96 लाख 97 हजार 628 रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित की। अवैध कमाई से जमशेदपुर एवं पटना चल-अचल सम्पत्ति बनाई थी।

## जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में गड़बड़ी सरकार शपथ पत्र दे

**रांची।** जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में गड़बड़ी मामले में दायर जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई गड़बड़ी की ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए जमशेदपुर एसएसपी को पत्र लिखा है। यह पत्र एसएसपी को मिल चुका है। अब मामले में वे समुचित कार्रवाई करेंगे। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि इस मामले में एसएसपी की ओर से प्राथमिकी दर्ज की गई है या नहीं, मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी। झारखंड स्टेट बार काउंसिल की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन ने पैरवी की।

### एचइसी के लेनिन हॉल से कूटे के नये भवन तक 22 साल का सफर

# राज्य की सबसे बड़ी पंचायत को नजीर पेश करने की है चुनौती



### 19 साल बाद किराये की विधानसभा से मुक्ति, ₹465 करोड़ की लागत से बनी नयी इमारत पर भ्रष्टाचार का धब्बा भी लगा



स्पीकर रवींद्र नाथ महतो

**कभी स्पीकर रहते इंदर सिंह नामधारी ने अपने पैरों में घुंघरू बांधने की कोशिश की थी। झारखंड गठन के बाद तत्कालीन सीएम बाबूलाल मरांडी का ताज छीनने का हुआ था प्रयास, झारखंड विधानसभा में पक्ष–विपक्ष के बीच रही है डेडलॉक की स्थिति। कई बार सदन ने लोकतांत्रिक मूल्यों को संवारने में नजीर भी किया है पेश**

**465 करोड़ रुपये की लागत से बनायी गयी झारखंड विधानसभा हो चुकी क्षतिग्रस्त**

नयी विधानसभा की छत्त क्षतिग्रस्त होने के बाद राज्य में राजनीतिक बिस्फोट हो गया। भ्रष्टाचार को लेकर पक्ष-विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप के दौर चलते रहे। विस भवन के निर्माण को लेकर सवाल उठाया गया। विधानसभा के सेंट्रल लाइब्रेरी भवन की फॉल सीलिंग गिर गई थी। जो हो, अब कोरोना काल के बाद विधानसभा अपना 22वां स्थापना दिवस समारोह रंगारंग तरीके से मना रहा है। इस दौरान भाकपा माले के विनोद सिंह को उत्कृष्ट बिरसा मुंडा विधायक अवार्ड दिया जायेगा। इस दौरान लोकतंत्र पर आस्था रखने वाले विधायकों को जनमुद्दों पर दलगत भावना से उपर उठ कर सदन में सर्वोच्च उदाहरण पेश करने का संकल्प दोहराना चाहिये।

**उदय चौहान**

**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो की अगुवाई में विधानसभा का 22वां सालगिरह मनाया जा रहा है। एचइसी क्षेत्र के कूटे में निर्मित नये विधानसभा भवन का निर्माण ₹465 करोड़ की लागत से हुआ है। इसका विधिवत उद्घाटन 12 सितंबर 2019 को पीएम नमो ने किया था। तब से अब तक इस विधानसभा भवन में स्पीकर के लिए पक्ष-विपक्ष के बीच डेडलॉक की स्थिति के कारण सदन चलाना आसान नहीं रहा है। इस वर्ष बजट सत्र के दौरान प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने तो विभिन्न मुद्दों को लेकर समानांतर सदन चलाया। सदन के अंदर और बाहर भाजपा-आजसू ने सत्ता पक्ष को घेरे में लेते रहे। हालांकि, विपक्ष का रचनात्मक आंदोलन और प्रदर्शन तो लोकतंत्र के लिए स्वस्थ्य परंपरा में शुमार होता है लेकिन, सदन के भीतर पक्ष-विपक्ष के बीच वेल पर पहुंच कर लड़ने-भिड़ने की नौबत आ जाये तो वह स्वस्थ्य संसदीय इतिहास में काला अध्याय के समान ही माना जायेगा। सदन में दोनों पक्षों के बीच संवाद को प्राथमिकता देने के बजाय शोरगुल को अंगीकार कर लिया जाये तो समझिये कि जनता ही हाशिये पर है। इस दौरान कई दफा स्पीकर श्री महतो को सदन में कहना पड़ा कि मैं भी बीपी, शूगर का मरीज हूं। सदन चलाने में सदस्यों को अपेक्षित सहयोग करना चाहिये।

खैर! उम्मीद की जानी चाहिये कि आने वाले समय में राज्य की सबसे बड़ी पंचायत यानी विधानयभा यहां के आदिवासी-मूलवासी की भावनाओं के अनुरूप नजीर पेश करने में सक्षम होगी।

एचइसी के लेनिन हॉल से कूटे के नये भवन तक 22 साल तक विधानसभा का सफर कई मायनों में खासा महत्वपूर्ण है। पहले स्पीकर इंदर सिंह नामधारी ने कभी राज्य की सत्ता हासिल करने के लिए अपने पैरों में घुंघरू बांधने की कोशिश की थी। स्पीकर रहते श्री नामधारी ने सीएम बनने के लिए विधायकों को अपने पक्ष में करने का प्रयास किया था। यह झारखंड विस के लिए काला अध्याय के समान है। वहीं, श्री नामधारी ने सर्वाधिक तीन बार स्पीकर बनने का रिकॉर्ड भी बनाया है। बतौर स्पीकर नामधारी का कार्यकाल 22 नवंबर, 2000 से 29 मार्च, 2004 तक रहा। इसके बाद 4 जून, 2004 से 11 अगस्त 2004 रहा। वहीं, तीसरा कार्यकाल 15 मार्च 2005 से 14 सितंबर, 2006 तक था। वहीं, वर्ष 2008 में इंदर सिंह नामधारी को उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि 15 नवंबर 2000 को एकीकृत बिहार से अलग झारखंड राज्य का निर्माण हुआ था। इसके बाद 22 नवंबर 2000 को नये विधानसभा की स्थापना हुई थी। उस वक्त एचइसी के लेनिन हॉल को किराये में लेकर विस का सत्र संचालन किया जाता था। किराये के विस में लगभग 19 साल काटने के बाद तत्कालीन रघुवर दास सरकार ने कूटे में बेतरीन विधानसभा भवन का निर्माण कराया। हांलाकि, इसके निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। यह अलग बात है कि 39 एकड़ भूमि में फैले इस भवन की भव्यता बेमिशाल है। इस भवन की आधारशिला रघुवर दास ने 12 जून 2015 को रखी थी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण**

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-19/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगजुआ बाजार से स्टेशन की ओर जाने वाले पथ का निर्माण कार्य। | 40,71,100.00 | 82,000.00 | 5,000.00 | 4 माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | :- | 27.11.2022 |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | :- | 03.12.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 4 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | :- | 05.12.2022 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान | :- | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा |
| 6 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :- | 06.12.2022 अपराह्न 2:00 बजे |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 8 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० | :- | 06526-223686, 9801557189 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर) |

9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR282973 (Lohardaga)22-23*D



**MINOR IRRIGATION DIVISION, GUMLA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two envelope System**
**Tender Reference No. WRD/MID/GUMLA-F2-22 / 2022-23 Date :- 19.11.2022**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Construction of Check dam on Jhong Garha Nala Under Block- Raidih , District Gumla |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 55,52,842=00 |
| 3 | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 02.12.2022 Time 2.00 PM |
| 5. | Last date /Time for Submission of Bids Online | 09.12.2022 Time 5.00 P.M. |
| 6. | Last date Time/ Place for receipt of Bids Free Security & other documents. | 10.12.2022 Time 5.00 P.M. 1. E.E.M.I.Division Gumla. 2. S.E.M.I.Circle Ranchi. 3. M.I.Design Div. Ranchi. |
| 7. | Date of opening of e-tender | 12.12.2022 Time 2.00 P.M. |
| 8. | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division-Gumla. Karamtoli Road, Gumla. |
| 9. (a) (b) | Contact No. of Procurement officer E-mail of e-Procurement Officer | 9431383699 eemidgum@gmail.com |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement Cell | 0651-2491232 |

**Note :- Only e-Tenders will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Gumla.**

PR 282867 (Minor Irrigation) 22-23 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़।**

रामगढ़ थाना के सामने, गांधीचौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला–रामगढ़, झारखण्ड– 829122

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 03 वर्ष 2022–23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 2. | परिमाण विपत्र विक्री की तिथि | दिनांक 28.11.2022 को कार्यालय अवधि में। |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.11.2022 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.11.2022को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5. | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. अधीक्षण अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ अंचल, हजारीबाग। 2. कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |

7. कार्य की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | रामगढ़ | पथ प्रमंडल, रामगढ अधीनस्थ विभिन्न पथों में बुश कटिंग एवं किलोमीटर पोस्ट आदि का रंगरोगन कार्य वर्ष 2022–23 (विवेकाधीन मद) | 7.00 | 14000/- | 1250/- | 10 (दस) दिन |

➤ निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।
1. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
2. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण–पत्र, GSTiN से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
3. PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डल रामगढ़।

PR 282871 Road(22-23)D



**GOVT. OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG**

**Very Short e – Quotation No. 01/2022 – 23**

**Letter No:- 1259** **Dated :- 21/11/2022**

Rate through e – quotations are invited for "Material" category annexed as 5 H.P. DC Solar Pump,VFD, Solar Panel, Steel Structure supplying, installation & commissioning for Lift Irrigation Scheme from Manufacturer/Supplier having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under Minor Irrigation Division, Hazaribag, Government of Jharkhand to be used in different Pump Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in.

Details of work experience and list of materials are available on the above e – tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from **25.11.2022 at 2.00 P.M.** to **29.11.2022 at 4.00 P.M.** The technical envelope will be opened on **30.11.2022 at 1.00 PM.**

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under Minor Irrigation Division, Hazaribag.

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Hazaribag**

PR 282891 (Minor Irrigation) 22-23 (D)

स्पीड न्यूज



## मां लक्ष्मी इलेक्ट्रिकल्स एंड सर्विसेज का उद्घाटन

**जमशेदपुर।** सोमवार को मानगो मरीना सिटी कॉम्प्लेक्स में मां लक्ष्मी इलेक्ट्रिकल्स एंड सर्विसेज का उठघाटन समाजसेवी पप्पू सिंह के द्वारा किया गया। पप्पू सिंह ने कहा की इस क्षेत्र में इस तरह की सर्विस की बहुत ही आवश्यकता थी जो मां लक्ष्मी इलेक्ट्रिकल एंड सर्विस खुलने के साथ पूरी हो गई। मां लक्ष्मी इलेक्ट्रिकल्स एंड सर्विसेज के मालिक संतोष कुमार दास ने बताया ही हाल फिलहाल ही उन्होंने मरीना सिटी में घर लिया था मगर किसी भी इलेक्ट्रिकल काम के लिए बिजली मिस्त्री मिलना बहुत कठिन था इसी सोच के साथ मैंने इस दुकान को खोला है जहां आवासीय के साथ ही कमर्शियल इलेक्ट्रिकल के पाट्र्स के साथ साथ कुशल इलेक्ट्रिक मैकेनिक भी उपलब्ध होंगे। इस दुकान के खुलने के बाद अब लोगों को बिजली से संबंधित कामों के लिए बहुत कम दर पर और समय से सेवा उचित शुल्क पर मिल पायेगी।

## 25 को भाजपा के प्रदर्शन में सक्रिय रहेगा जमशेदपुर भाजयुमो

**जमशेदपुर।** राज्य में हेमंत सरकार के उदासीनता, रोजगार पर युवाओं से गयी वादाखिलाफी और विफलता पर भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा आगामी 25 नवंबर को उपायुक्त कार्यालय पर होने वाले जनाक्रोश प्रदर्शन में भारतीय जनता युवा मोर्चा के हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे। सोमवार को साकची स्थित जिला कार्यालय में युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारी व मोर्चा के मंडल अध्यक्षों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनाक्रोश प्रदर्शन को सफल बनाने में युवा मोर्चा की भागीदारी को लेकर व्यापक चर्चा की गई। तय किया गया कि भाजपा महानगर की 25 नवंबर को युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण अपने मंडल क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में नेताजी सुभाष मैदान (आम बागान) के लिए प्रस्थान करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिला महामंत्री अभिमन्यु सिंह चौहान ने कहा कि जमशेदपुर सहित पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था दम तोड़ रही है। आंदोलनकारी जेपीएससी छात्रों पर लाठीचार्ज और तिरंगा यात्रा पर केस दर्ज किया गया। हेमंत सोरेन सरकार में युवाओं की अनदेखी और युवा विरोधी मानसिकता से प्रदेश के युवा वर्ग परेशान और आक्रोशित है। हेमंत सरकार ने बेरोजगारों और युवक-युवतियों के साथ बड़ा धोखा और छलावा किया है। भाजयुमो जमशेदपुर महानगर युवाओं की अनदेखी अब बर्दाश्त नही कर सकती है। हेमंत सरकार के इस उदासीन रवैये पर युवा मोर्चा ने सरकार के खिलाफ कमर कस ली है।

## न्युवोको का नया ऐप- न्युवोनिर्माण लॉन्च

**जमशेदपुर।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, सीमेंट, रेडी-मिक्स कंक्रीट और आधुनिक निर्माण सामग्री में पचास से अधिक उत्पादों की क्षमता के मामले में भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह ने नई न्युवोनिर्माण ऐप लॉन्च की है। नई न्युवोनिर्माण ऐप, पहली डायरेक्ट-टू-कस्टमर होम असिस्ट ऐप है। यह एक ऑल-इन-वन डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो न्यूनतम टर्नअराउंड समय और न्यूनतम निर्भरता के साथ, घर के निर्माण और निर्माण के चरणों में जरूरी सूचनाएं और जानकारियां प्रदान करता है। इसके साथ ही ये ऐप निर्माण संबंधित मार्गदर्शन प्रदान करते हुए समय समय पर उपयोगी सलाह भी देती है। ऐप लॉन्च के मौके पर, मधुमिता बसु, मुख्य रणनीति और विपणन अधिकारी, न्युवोको ने कहा कि कई रिपोर्टों के अनुसार, 2022 और 2027 के बीच भारतीय निर्माण बाजार 10 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने की उम्मीद है। इस वृद्धि का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भारत में अपना नया घर बनाने वाले लोगों के एक विशाल समूह द्वारा संचालित होगा। वर्तमान में, सीमित डिजिटल प्लेटफॉर्म हैं जो उन्हें उनके घर-निर्माण यात्रा में कवर करते हुए जानकारी प्रदान करते हैं।

# कौशल किशोर सिंह स्मृति पुरस्कार सह व्यंग्य संग्रह तेरहवीं का भोज विमोचन समारोह संपन्न

■ विधायक सरयू राय, साहित्यकार डॉ प्रेम जनमेजय, डॉ चंदेश्वर, डॉ संजय पंकज और कनक किशोर किये गये सम्मानित



1. तेरहवीं का भोज का विमोचन करते विधायक सरयू राय व अतिथिगण। 2. डॉ प्रेम जनमेजय को सम्मानित करते विधायक सरयू राय। 3. डॉ चंदेश्वर को सम्मानित करते हुए। 4. डॉ संजय पंकज को सम्मानित करते हुए और 5. प्रो सियारमण त्रिपाठी को सम्मानित करते हुए।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद के तत्वावधान में तुलसी भवन, बिष्टुपुर में सोमवार को कौशल किशोर सिंह स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रोफेसर सियारमण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में विधायक सरयू राय मुख्य अतिथि थे।

समारोह में साहित्य के क्षेत्र में योगदान देने के लिए स्वर्गीय कौशल किशोर सिंह स्मृति सम्मान से नई दिल्ली के अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार और व्यंग्य यात्रा के संपादक डॉ प्रेम जनमेजय, लखनऊ से आए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ चंद्रेश्वर और मुजफ्फरपुर से आए साहित्यकार डॉ संजय पंकज के अलावा सिवान डीएवी कॉलेज के सेवानिवृत्त हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सियारमण त्रिपाठी को मुख्य अतिथि सरयू राय के हाथों सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से साहित्यकारों एवं साहित्यिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय को भी कौशल किशोर सिंह स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद के अध्यक्ष अरविंद विद्रोही ने स्वर्गीय कौशल किशोर सिंह की स्मृतियों को उपस्थित साहित्य जनों के बीच रखा। उन्होंने कहा कि शहर में तो बहुत ही धनवान है किंतु कौशल किशोर सिंह जी एकमात्र ऐसे उद्योगपति थे जिन्हें पूरा शहर केके बाबू के नाम से जानता था। वे सामाजिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों में दिल खोलकर मदद करते थे। उन्होंने अपनी वाणी से कभी किसी को आहत नहीं किया और जरूरतमंद को कभी अपने घर से बिना मदद दिए लौटाया नहीं। वे अपने कर्मचारियों के प्रति भी बहुत ही सहृदयी थे। जमशेदपुर से हिंदी व्यंग की पत्रिका विदूषक के स्वर निकालने में उनके सहयोग को साहित्य जगत कभी नहीं भूल सकता। उनके सहयोग से ही जमशेदपुर में पहली मर्तबा व्यंगकारों का राष्ट्रीय सम्मेलन भी आयोजित किया गया। वे साहित्यकारों का खुले हृदय से स्वागत करने में विश्वास रखते थे।

### व्यंग्य संग्रह तेरहवीं का भोज का हुआ विमोचन

समारोह में सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद के अध्यक्ष अरविंद विद्रोही के नवीनतम व्यंग संग्रह तेरहवीं का भोज का विमोचन भी अतिथियों ने किया। तेरहवीं के भोज व्यंग्य संग्रह की चर्चा करते हुए रांची से आए साहित्यकार कनक किशोर ने कहा कि यह संग्रह श्री विद्रोही के लोकप्रिय संग्रहण में एक है और वे व्यंग के माध्यम से समाज की विकृतियों पर लोकतांत्रिक व्यवस्था की विकृतियों पर करारा प्रहार करते हैं। मुजफ्फरपुर से आए डॉ संजय पंकज ने कहा कि तेरहवीं का भोज के बहाने अरविंद विद्रोही ने लोकतांत्रिक व्यवस्था और दिन प्रतिदिन निर्जीव हो रही जनता की आंखों में उंगली डालने का काम किया है। डॉ पंकज ने कहा कि एक साहित्यकार आत्महंता होता है उसका जीवन जनता और समाज की बेहतरी को समर्पित होता है।

# प्रखंड में जनता दरबार सरकार की एक अच्छी पहल: विद्युतवरण महतो

➲ भाजपा सांसद ने सरकार की पहल को सराहा

■ जनता दरबार का उद्देश्य जन समस्या का त्वरित निष्पादन : उपायुक्त

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**पोटका।** उपायुक्त विजया जाधव द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका प्रखण्ड परिसर में सोमवार को जनता दरबार का किया गया। जनता दरबार में सांसद विद्युत वरण महतो, जिला पार्षद हिरण्मय दास, पार्षद सबिता सरदार, पार्षद सोनमनी सरदार सहित सभी जनप्रतिनिधि, जिला एवं प्रखंड के सभी विभागों के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। सभी पदाधिकारी व कर्मचारी पूर्वाह्न 10 से शाम 4 बजे तक जनता दरबार में उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में दूर दराज गांवों से सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे एवं एक एक कर सभी ने अपनी समस्याएं रखी। इनमें कुछ



मंचासीन उपायुक्त तथा सांसद, परिसंपत्ति का वितरण करते सांसद।

समस्याओं का तुरंत निदान किया गया तो शेष सूचीबद्ध रखते हुए निदान का ठोस आश्वासन दिया।

**जनता दरबार का उद्देश्य ग्रामीण जन समस्याओं का त्वरित निष्पादन करना : डीसी-** मौके पर उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि जनता दरबार का उधेश्य ग्रामीण जन समस्याओं का त्वरित निष्पादन तथा सरकार द्वारा संचालित सभी महत्वाकांक्षी, जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक सुयोग्य लाभुकों तक पहुंचाना है। इसमें स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा, आंगनबाड़ी, मतदाता सूची का अद्यतन, राशन, विभिन्न पेंशन, विभिन्न आवास सहित अन्य शामिल हैं।

**परिसंपत्तियों का किया गया वितरण-** जनता दरबार में परिसंपत्तियों का वितरण अतिथियों के हाथों कराया गया। इसके तहत 6 माह के शिशु को अन्न प्रासन,मातृत्व वंदना योजना का प्रमाण पत्र वितरण, दिव्यांजनों के बीच उपकरण वितरण, स्वरोजगार हेतु ऋण वितरण, जरुरतमंदों को कंबल वितरण व अन्य शामिल हैं।

## केंद्रीय मंत्री से मिलकर 80 हजार पीएम आवास प्लस स्वीकृत कराया

जनता दरबार में सांसद विद्युतवरण महतो ने कहा कि सरकार की यह अच्छी पहल है। ऐसे मौकों पर केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार के साथ क्रियान्वयन भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि जनता दरबार में ग्रामीणों ने शालीनता से बिजली, स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा व पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं को उठाया है। सांसद ने कहा कि केंद्रीय मंत्री तथा संसद में मामला रखते हुए जिला के लिए 80 हजार आवास प्लस स्वीकृत कराया गया है। बिजली की निरंतर उपलब्धता हेतु नए ग्रिड और सबस्टेशन बनाने का काम किया जा रहा है। जिला के लिए 372 सड़क निर्माण व मरम्मत की मांग केंद्र से किया गया है। इनमें 64 सड़क का निविदा हो चुका है,शेष चरणबद्ध तरीका से निर्माण व मरम्मत होंगा। केन्द्र और राज्य सरकार के संयुक्त खर्च से मेगा वृहद जलापूर्ति योजना से हरेक घरो तक नल का जल पहुंचेगा। 36 हजार घरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ेगी। पोटका और डूमरिया प्रखंड के लिए नया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन बनेगा। 100 शय्या वाला अस्पताल व हृदय रोग उपचार हेतु अस्पताल का निर्माण भी कराया जाएगा। यह प्रक्रिया में है।

## 21-26 तक संविधान दिवस कोल्हान क्षेत्र में घुमंतू पुस्तकालय यात्रा

■ इसका उद्देश्य विशेष रूप से नई पीढ़ी को पुस्तकों के अध्ययन की ओर उन्मुख करना है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** संवैधानिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार के लिए देश भर में चल रहे अभियान के तहत 21 से लेकर 26 नवंबर संविधान दिवस तक कोल्हान क्षेत्र में घुमंतू पुस्तकालय यात्रा निकली जाएगी। इसके तहत प्रतिदिन एक शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों के बीच संविधान और उससे जुड़े अन्य विषयों को लेकर विभिन्न क्रिया-कलाप किए जायेंगे।

आरंभ युवा मंच, जमशेदपुर की अगुआई में निकाली जा रही इस यात्रा के तहत प्रतिदिन एक शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों के बीच संविधान और उससे जुड़े अन्य विषयों को लेकर विभिन्न क्रिया-कलाप किए जाएंगे। इस अभियान में सहयोगी की भूमिका में हैं- अरविन्द अंजुम-गांधी शांति प्रतिष्ठान, अर्पिता श्रीवास्तव-भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा), सुखचंद्र झा-गांधी शांति प्रतिष्ठान, दीपक रंजीत-झारखण्ड जनतांत्रिक महासभा, डॉ आशुतोष कुमार झा-कलाधारा, मंथन-जन-मुक्ति संघर्ष वाहिनी और पीयूसीएल।

## साकची में बाबा श्याम के भजनों की रसधार में खूब झूमे श्रद्धालु

■ श्याम भटली परिवार ट्रस्ट जमशेदपुर का 127वां मासिक कीर्त्तन महोत्सव आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बांस की बांसुरी पर घनो इतरवा..., शरण तुम्हारी जो मिल गयी हैं सांवरे..., श्याम धणी को आयो रे बुलावा...., नीला मनै श्याम से मिला दें..., ऐसी मस्ती कहां मिलेगी..., लाखों पापी तार दिये सुनते हैं सरकार..., मोर छड़ी लहरायी रे रशिया ओ..., मेरा सांवरिया बड़ा दिलदार निकला..., खाटू के कण-कण में बसेरा करता सांवरा..., चल खाटू के धाम पता नहीं क्या तुझे मिल जाए.... आदि भटली वाले बाबा श्याम के भजनों की रसधार में श्रद्धालु खुब झूमे। मौका था श्री श्याम भटली परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट जमशेदपुर द्वारा 127वां मासिक श्याम कीर्त्तन महोत्सव का। इस धार्मिक मौके पर स्थानीय भजन गायक महाबीर अग्रवाल, रोहित गुलाटी, बंटी चांगिल और कुमार बावला द्वारा बाबा श्याम के भजनों की अमृत वर्षा कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कलाकारों के भजनों पर भक्तों ने नृत्य भी प्रस्तुत किया।



## विधायक सरयू राय ने भाजपा नेता भूपेंद्र और राकेश सिंह पर किया मानहानि का मुकदमा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय ने सोमवार को अपने अधिवक्ता श्री सौरव कुमार सिन्हा के द्वारा जमशेदपुर व्यवहार न्यालय में एग्रिको, सिदगोड़ा निवासी भूपेन्दर सिंह और ग्वाला बस्ती, टेल्को निवासी राकेश सिंह के विरूद्ध मानहानि (ओं३ङ्गल्ल) का मुकदमा दायर किया। भूपेंद्र एवं राकेश ने अपने सोशल मीडिया फेसबुक एकाउंट से विधायक श्री सरयू राय के ईमानदारी पर सवाल उठाए थे और दावा किया था कि श्री राय ने वर्ष 2014-2019 के दौरान झारखंड खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री रहते विभाग में भ्रष्टाचार कर उससे अर्जित धन के द्वारा एक आलीशान भवन बनाया है। यह आरोप को इन दोनों ने प्रेस एवं सोशल मीडिया में का प्रकाशित कर और लोगों के द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित भी करवाया।

अधिवक्ता सौरव सिन्हा ने आज मानहानि का मुकदमा दायर करने के बाद बताया कि उनके द्वारा विधायक श्री सरयू राय की और से दोनों लोगों को नोटिस जारी कर इन आपत्ति जनक पोस्ट को सोशल मीडिया से डिलीट कर माफी मांगने के लिए 7 दिनों का समय दिया गया था जिसकी अवधि दिनांक 18.11.2022 को पूर्ण हो गई थी तो आज दिनांक 21.11.2022 को उनके मुवक्किल के सहमति से मानहानि का मुकदमा जमशेदपुर के साकची स्थित व्यवहार न्यायालय में भूपेंद्र सिंह एवं राकेश सिंह के खिलाफ दायर किया गया है। अधिवक्ता ने कहा कि मेरे मुवक्किल पर जो आरोप सोशल मीडिया के द्वारा लगाया गया वो शत प्रतिशत झूठा है।

## जमशेदपुर होटल एसोसिएशन को संबोधित करेंगे एसएसपी

➲ कल शाम 5 बजे होटल जीवा, साकची में कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के वरीय आरक्षी अधीक्षक प्रभात कुमार 23 नवंबर को जमशेदपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (जे एच आर ए) के सदस्यों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम शाम 5 बजे होटल जीवा, साकची में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर जमशेदपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन द्वारा श्री कुमार को सम्मानित किया जायेगा। जमशेदपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अधिकारियों ने बताया कि जमशेदपुर के वरीय आरक्षी अधीक्षक प्रभात कुमार एसोसिएशन के सभी सदस्यों को सम्बोधित करेंगे और उनकी समस्याओं से अवगत होंगे। उन्होने ने कहा कि उनका एसोसिएशन जमशेदपुर पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ने की दिशा में काम कर रहा। वह पुलिस प्रशासन को पूरा सहयोग देते आये हैं। होटल संचालकों ने होटल में ठहरने वाले गेस्ट के तमाम एंट्री पुलिस को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग की है।

## कमलदेव हत्याकांड : दो हुए गिरफ्तार, छह अब भी फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** गिरिराज सेना के संरक्षक कमलदेव गिरि हत्याकांड का पुलिस ने दा दिनों बाद खुलासा कर दिया है। कांड को अंजाम देने में शामिल सहयोगियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि मुख्य साजिशकर्ता सतीश प्रधान एवं जाहिद नामक समेत 6 अपराधी अब भी फरार है। सोमवार को एसडीपीओ के कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कमल देव गिरि हत्याकांड में कुल आठ लोग शामिल थे। जिनमें से दो गुलजार हुसैन और मतिउर रहमान उर्फ दानिश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों ने पूछताछ में पुलिस के समक्ष हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। दोनों ने पुलिस को बताया कि हत्या का मुख्य साजिशकर्ता सतीश प्रधान है। उसकी हत्या में आठ लोग शामिल थे। अन्य छह अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस विभिन्न राज्यों में छापामारी कर रही है। पुलिस ने दावा किया कि जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि हत्या का मुख्य कारण का पता पुलिस अब भी नही लगा पायी है। पकड़े गये दो लोगों का कोई अपराधिक इतिहास भी नहीं रहा है।

मालूम हो कि 12 नवंबर की शाम कमलदेव गिरि की भारत भवन चौक के पास बम मारकर हत्या कर दी गई थी। कमलदेव गिरि उस दिन शाम में अपने घर से रेलवे स्टेशन गए थे। भाजपा नेताओं से मिलकर लौटने के क्रम में उनकी हत्या कर दी गई थी। इसके बाद चाईबासा के एसपी ने विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया था। टीम का नेतृत्व सहायक पुलिस अधीक्षक सह एसडीपीओ चक्रधरपुर कपिल चौधरी और सहायक पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल संयुक्त रूप से कर रहे हैं।

एक नजर में

## हिंदू युवा वाहिनी जमशेदपुर महानगर की बैठक



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर में हिंदू युवा वाहिनी जमशेदपुर महानगर की बैठक प्रदेश प्रभारी संतोष झा, जिला प्रभारी महंत मेघानंद सरस्वती जी महाराज के निर्देश पर की गयी। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सतीश सिंह ने की। बैठक में मानगो एवं जुगसलाई नगर निगम की चुनाव एवं संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से नगर निगम चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। मानगो नगर निगम एवं जुगसलाई नगर निगम वार्ड का चुनाव हिंदू युवा वाहिनी के योग एवं कर्मठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी चुनाव लड़ेंगे एवं मेयर पद मे योग एवं कर्मठ उम्मीदवार को हिंदू युवा वाहिनी जमशेदपुर महानगर के द्वारा समर्थन देने का निर्णय लिया गया।

## आज होगी सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के मोबाइल एप की लांचिंग



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा सिंहभूम चेंबर का पहला मोबाइल ऐप लांच होने जा रहा है। जिसका विधिवत लांच डीबी सुंदर रमन, वीपी (रॉ मैटेरियल) टाटा स्टील के द्वारा चैम्बर परिसर में 22 नवंबर मंगलवार को संध्या 05 :15 मिनट पर किया जायेगा। सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने बताया कि सिंहभूम चैम्बर डिजिटलीकरण की ओर अपना कदम बढ़ा रही है। कहा कि यह एप्प चैम्बर के सदस्यों के लिए बहुउपयोगी साबित होगा। चैम्बर के सदस्य चैम्बर की सभी गतिविधि एवं सदस्यों की जानकारी एप्प से प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा की इस एप्प को बनाने में उपाध्यक्ष पीआरडब्लू मुकेश मित्तल एवं कोषाध्यक्ष किशोर गोलछा का महत्वपूर्ण योगदान है। साथ ही उन्होंने कहा कि एप्प लॉन्चिंग के साथ एप्प का डिस्प्ले भी प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होंने मोबाइल ऐप लॉन्चिंग कार्यक्रम में सभी को आमंत्रित किया है।

## सुरभि शाखा ने बच्चों के साथ मनाया आनंद उत्सव



**जमशेदपुर।** सोमवार को मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा ने **आनंद सबके लिए** राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत सुभाष चंद्र बोस छात्रावास विद्यालय गोलमुरी में स्कूल के बच्चों के साथ केक काटकर आनंद उत्सव मनाया गया। बच्चों के बीच मिठाई, बिस्किट, फ्रूटी, चॉकलेट, चिप्स, अलपाहार का वितरण किया गया। शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी के नेतृत्व में संस्था की महिलाओं ने बच्चों और टीचर के साथ मिलकर समय बिताए। महिलाओं ने छात्रावास के बच्चों से बात करके उनकी समस्याएं सुनी और समाधान का भरोसा भी दिया। शाखा सचिव निधि अग्रवाल, नीलम देबूका, पिंकी अग्रवाल, रुचि बंसल, नीतिका, स्वाति चौधरी, वर्षा, कविता, रुपा के सहयोग से कार्य संपन्न हुआ।

## आदित्यपुर में खुली जेआईटीएस की दूसरी शाखा



**जमशेदपुर।** संजय रोड आमबगान स्थित झारखंड आईटी स्कूल (जेआईटीएस) की दूसरी शाखा का उद्घाटन सुमन टावर, टाटा-कांड्रा रोड, आदित्यपुर में सरायकेला-खरसावां के पुलिस अधिक्षक आनंद प्रकाश के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। मौके पर पुलिस अधिक्षक आनंद प्रकाश ने जेआईटीएस के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आदित्यपुर में इस तरह की इंस्टीच्यूट की काफी आवश्यकता है ताकि गरीब बच्चों को दूर तक न जाना पड़े। मौके पर जेआईटीएस के निदेशक त्रिलोक प्रसाद एवं कॉलेज के सदस्यों ने मुख्य अतिथि आनंद प्रकाश को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर त्रिलोक प्रसाद ने कहा कि हमारे यहां बीकॉम, बीए, बीबीए, बीसीए, बीएससी आईटी, एमसीए, एमबीए, एमएससी आईटी, एमएससी, एमकॉम सहित डीसीए, डीसीपीए, पीजीडीसीए के अलावा प्रोफेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम, कंप्यूटर के शॉर्ट टर्म प्रोग्राम, ईआरपी सैप, लर्निंग के अलावा अन्य जॉब ओरिएंटेड कोर्स की पढ़ाई करवाई जायेगी। हमारे यहाँ सभी फैकल्टीज अनुभवी एवं उर्जावान हैं जो छात्रों को हर समय हर संभव सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहतें हैं। ज्ञात रहे कि आदित्यपुर की इस शाखा में एडमिशन जारी है। मौके पर जेआईटीएस के सभी संकाय के सदस्य, छात्र एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## खुशी एवं गम में साथ निभा रही हैं अर्पण : काले



**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'अर्पण' द्वारा पिछले दो दिनों में पांच अलग अलग परिवारों में शादी हेतु एवं श्राद्धकर्म हेतु राशन सामग्री दी गयी। जैसा कि अर्पण के सदस्यों ने ऐसे जरुरतमंद परिवारों में पिछले कई सालों से राशन सामग्री की सेवा कार्य निरंतर जारी है। अर्पण के मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि कई जरूरतमंद लोगों की खुशियां और गम बांटने का निरंतर प्रयास कर रही है अर्पण जहां एक तरफ किसी जरुरतमंद परिवार में शादी समारोह जैसी खुशियों भरे मौके पर राशन सामग्री प्रदान करके खुशियां बांट रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ किसी जरुरतमंद परिवार में असमय मृत्यु से उत्पन्न हुए गम को भी बांटने का प्रयास जारी हैं बाबा वैद्यनाथ की कृपा अर्पण परिवार पर सदैव बनी रहे। टीम अर्पण समाज हित में निरंतर कार्य करें। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में संस्था के जूगुन पांडे, महेश मिश्रा, बिभाष मजुमदार, प्रिंस सिंह, घनश्याम भिरभरिया, सौरव चटर्जी, मनीष चौबे, आलोक सिंह, सुब्रतो पौद्धार, राकेश मंडल, कंचन बाग, रामनारायण मुंडा एवं साथ ही अन्य सैकड़ों सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## स्पीड न्यूज

### खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड के कटैया स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में पिछले दिनों हुए खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को सोमवार को पुरस्कृत किया गया। मेडल देते हुए प्राचार्या अभिलाषा कुमारी ने कहा कि प्रतियोगिता से बच्चों में प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। साथ ही जीवन में हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। वहीं पुरस्कार व प्रोत्साहन उनमें आत्मविश्वास बढ़ाते हुए बेहतर प्रदर्शन के प्रेरित करता है। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सूरजमल राम सहित सभी शिक्षक-शिक्षिका तथा एसएमसी सदस्य उपस्थित थे।

### छात्राओं को मिला मशरूम खेती का प्रशिक्षण



**पाटन पलामू।** तेजस्विनी परियोजना के तहत उदयोगनी के माध्यम से स्कूल में बीच में पढ़ाई छोड़ देनेवाली छात्राओं को स्वावलंबी बनाने के लिए महिला विकास समिति ने मशरुम की खेती का प्रशिक्षण दिया। पाटन प्रखंड के गंगतुआ में इसका लाभ छात्राओं को दिया जा रहा है। प्रशिक्षक अनिल कुमार ने मशरुम की खेती के गुरू सिखाये। फिर उन्हें सर्टिफिकेट भी दिया। उन्हें बैंक से लोन भी मिलेगा। मौके पर डीपीम पुनीत ओझा, साकेत कुमार, सुनीता देवी, रंभा कुमारी, शीवानंद गुप्ता, सौरभ दुबे, अमरेंद्र नाथ चंद्रा, अमित कुमार आदि थे।

### आरडीडीई ने किया कई स्कूलों का निरीक्षण



**हरिहरगंज पलामू।** पलामू आरडीडीई शिवनारायण साह ने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र स्थित सीता +2 उवि, अररूआ खुर्द के उमवि उर्दू मकतब तथा एनपीएस ताराचक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से पठन-पाठन की स्थिति में सुधार लाने को कहा। सीता +2 उवि में प्राचार्य तथा शिक्षकों से कहा कि साफ-सफाई और समय से कक्षा का संचालन करना शिक्षकों की जिम्मेवारी होती है। मौके पर प्राचार्य गोपाल शरण राणा, शिक्षक कन्हैया प्रसाद, ओरेंद्र यादव, बिंदेश्वरी चौधरी, नागदेव यादव, अजय राय, कुमारी सुप्रिया, सलमा लकड़ा, जोगेंद्र राम भी थे।

### समर्थन दें, बदल देंगे क्षेत्र की तस्वीर: मनोज



**चैनपुर पलामू।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 34 में सोमवार को मेयर प्रत्याशी सह पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह नें दौरा कर लोगों से आशीर्वाद लिया। घर-घर यात्रा कार्यक्रम के तहत मुहल्ला वासियों से हाल पूछा। कहा कि पांच वर्ष पूर्व जब वह उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे थे तब से पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी क्षेत्र में कोई अपेक्षित बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा कि आप सब लोगों का आशीर्वाद मिला तो इस क्षेत्र में विकास का नया इतिहास लिखा जायेगा तथा क्षेत्र की तस्वीर बदल दूंगा। मौके पर जसीम अख्तर, डब्लू खान, मुन्ना खान, इकबाल खान, सत्येंद्र प्रजापति, भूषण रवि, सिराज खान, असलम आलम, पूसो खान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### कैदियों से समान व्यवहार करे जेल प्रशासन

**पंडवा पलामू।** एससी एसटी एक्ट में संशोधन को लेकर दो अप्रैल 2018 को आहूत भारत बंद के मामले आरोपी जेल से जमानत पर बाहर निकलने के बाद बसपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजन मेहता ने जेल प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाया है। सोमवार को पड़वा स्थित आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजन ने कहा कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में कैदियों के साथ अंग्रेजी शासन की तरफ प्रताड़ित किया जा रहा। कहा कि जेल प्रशासन सभी कैदियों के साथ समान व्यवहार करे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बसपा नेता धर्मेंद्र ठाकुर, राजीव मेहता, बुटन सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### किसानों के बीच बंटे सरसों के बीज



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के बेतला किसान निर्माता कंपनी लिमिटेड एफपीओ ने 35 किसानों को सरसों का उत्तम बीज बांटा गया। मौके पर किसानों को सही समय पर बीज लगाने तथा सूचित देखभाल करने पर बल दिया गया। कंपनी अध्यक्ष अशोक चौरसिया तथा सचिव बृजेश पांडे ने कहा कि बेतला किसान कंपनी लिमिटेड किसानों के सभी तरह की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए समर्पित एवं संकल्पित है। मौके पर पूर्वडीहा के पपलू दूबे ने कंपनी के कार्यों की सराहना की। मौके पर बेतला किसान निर्माता कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर रविंद्र कुमार, कृष्ण मुरारी चौरसिया, मुकेश चौरसिया एवं कार्यालय लेखापाल फरजाना सिद्दीकी भी थे।

### घर-घर यात्रा : मनोज ने सुनी समस्याएं



**चैनपुर पलामू।** घर-घर यात्रा का लक्ष्य है कि नगर निगम के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचा जाए और उनके समस्या को जाना जा सके। यह कहना है नगर निगम के भावी प्रत्याशी मनोज सिंह का। मनोज ने 34 नं वार्ड के सुरभि मोहल्ला, डबगर मोहल्ला, हरिजन मोहल्ला, भुइयां टोली, शास्त्री नगर व गुरहा के लोगों से मिल उनकी समस्याएं जानी। बताया कि नगर निगम के वैसे क्षेत्रों में जो नये जुड़े थे। उन क्षेत्रों के निवासियों को एहसास ही नहीं है कि वो निगम के वासी हो गये हैं। निगम के विकास की किरण इन क्षेत्रों में आज तक नहीं पहुंचा। उन्होंने ने कहा की सुविधा नही तो टैक्स भी नही लेना चाहिए निगम को। मौके पर रामलाल सोनी, विनय सिंह, कमलाकांत मिश्र, सत्येंद्र सोनी, मुन्ना खान, सराजू खान, संतोष राम, असलम, कैल खान, इकबाल खान, सिकंदर राम, पुशु खान, सोनू खान, वाहिद खलीफा सहित वार्ड नंबर 34 के निवासी शामिल थे।

### अभाविप ने की जीएलए कॉलेज इकाई पुनर्गठित



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेदिनीनगर इकाई अंतर्गत गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज इकाई का पुनर्गठन कॉलेज परिसर में किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला संयोजक अभय वर्मा और संचालन नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने किया। मौके पर परिषद के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे उपस्थित थे, जिसमें सर्वसम्मति से कॉलेज अध्यक्ष विपिन यादव, कॉलेज उपाध्यक्ष मुस्कान कुमारी, कौशल मिश्रा, निशांत पांडे बनाये गये।

# बारालोटा जलापूर्ति योजना को दुरूस्त करें पीएचइडी अभियंता : सांसद

- पांकी विस क्षेत्र में कई पुल-पुलियों के निर्माण में गड़बड़ी की हो जांच : डॉ शशिभूषण
- दिशा की बैठक में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति(दिशा)की बैठक सोमवार को समाहरणालय के सभागार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिले में आम लोगों के लिए चलायी जा रही योजनाओं की समीक्षा की गयी। कुछ योजनाओं की धीमी प्रगति पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त कर संबंधित अधिकारी से सवाल-जवाब भी किया। साथ ही पिछली बैठक में लिए गये निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर भी चर्चा की गयी।

बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा का क्रियान्वयन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं की समीक्षा की गयी।

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने समीक्षा के दौरान जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों में आ रही कमियों को भी बताया इस पर सांसद ने लक्ष्य आधारित कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में रेहला की प्रमुख ने कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय में चाहरदीवारी निर्माण कराने की बात उठायी । वहीं पांकी विधायक ने मनातू में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बच्चियों के लिए शौचालय निर्माण करवाये जाने का मामला उठाया गया। बैठक में विधायक आलोक चौरसिया ने अपने क्षेत्र अंतर्गत सड़क के शिलान्यास के दौरान विभाग द्वारा जानकारी नहीं दिये जाने का मामला उठाया। इसी तरह पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने पांकी विधानसभा क्षेत्र के कई पूल-पुलियों के निर्माण में गड़बड़ी किये जाने का मामला उठाया। मनरेगा योजनाओं में जांच की मांग की। इसी तरह बैठक में कई प्रमुखों ने पीडीएस डीलर के समय से राशन नहीं बांटने से संबंधित मामला उठाया। इसी तरह सांसद ने पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता से कहा कि बारालोटा जलापूर्ति योजना में लाखों खर्च होने के बावजूद लोगों को पानी नहीं मिला रहा है। इस पर कार्यपालक अभियंता ने कहा कि लीकेज की शिकायत मिली है जिसे ठीक करा दिया जायेगा। वहीं रामगढ़ प्रमुख ने जंगली क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त कराने की बात कही। बैठक में विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि रामगढ़ के कई टोलों में अब तक विद्युतीकरण नहीं हो पाया है। इस पर सांसद द्वारा बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को इसका तत्काल समाधान करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जहां बिजली नहीं है वहां तत्काल बिजली पहुंचाने हेतु निर्देशित किया गया। सतबरवा प्रमुख ने अपने कार्यालय में कुर्सी टेबल नहीं होने व बीडीओ द्वारा किसी भी कार्यक्रम का जानकारी नहीं देने संबंधित शिकायत की। इसी तरह अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी आवेदन देकर अपनी-अपनी बातें रखीं।




**दिशा की समीक्षा बैठक में शामिल सांसद, विधायक, डीसी-एसपी व अन्य।**

**ये भी थे उपस्थित :** बैठक में सांसद के अलावा डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता, उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, सभी प्रखंड प्रमुख, महापौर जिला परिषद उपाध्यक्ष समेत अन्य सभी विधायक के प्रतिनिधि सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अभियान : पलामू जिले के लोगों को नसबंदी के प्रति जागरूक करेगा रथ

- उपायुक्त ने किया पुरुष नसबंदी जागरूकता रथ को रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर पुरुष नसबंदी दो जागरूकता रथ को रवाना किया। इन रथों के माध्यम से जिले के सभी प्रखंड वासियों को पुरुष नसबंदी के प्रति जागरूक किया जायेगा। पुरुष नसबंदी अभियान के तहत जिले के सभी सीएचसी स्तर पर विशेष शिविर लगाकर पुरुषों का नसबंदी किया जायेगा।



यह अभियान जिले में 21 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलाया जायेगा। साथ ही नसबंदी कराने वाले पुरुषों को प्रोत्साहन राशि भी दी जायेगी। मौके पर इस संबंध में उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु यह अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि हर दंपत्ति को छोटा परिवार रखने का प्रयास करना चाहिए। उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों, सखी मंडलों से परिवार नियोजन की सेवाओं को अपनाने हेतु अपने क्षेत्र के योग्य दंपति को जागरुक एवं प्रोत्साहित करने की अपील की। मौके पर प्रभारी सिविल सर्जन,डीपीएम दीपक व अन्य उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद में चढ़ा फुटबॉल का बुखार कल से होगा कर्नल कप का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** कर्नल ब्रिगेड फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित कर्नल कप 2022 के आयोजन में स्थानीय ग्रामीण युवा की 32 टीमें हिस्सा लेंगी। कल से अनुमंडल मैदान में ग्यारह बजे से कर्नल कप का शुभारंभ होगा। सभी बत्तीसों टीम अपने फुट्बॉल टीम का झंडा और बैनर के साथ अनुमंडल मैदान से अम्बेडकर चौक गांधी चौक होते हुए वापस अनुमंडल मैदान तक राष्ट्रीय धुन पर मार्च पास्ट करेंगे। क्लब के संरक्षक कर्नल संजय सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि युवाओं का खेल के प्रति उदासीनता समाज के लिए चिंता का विषय है। हुसैनाबाद किसी जमाने में फुट्बॉल हब हुआ करता था जो आज समाप्त हो रहा है।



**खास बातें :** खेल के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए खिलाड़ियों द्वारा जपला में मार्च पास्ट तथा क्लब के सभी सदस्यों द्वारा खिलाड़ियों के गाँव में जाकर ड्रेस वितरण समारोह जागरूकता अभियान का ही एक हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रतिदिन दो मैच खेले जाएँगे पहला मैच दो बजे से तथा दूसरा साढ़े तीन बजे से खेल जाएगा। मार्च पास्ट के बाद 23 नवम्बर को एक ही ओपनिंग मैच मोहम्मदगंज बनाम सडेया के बीच 12 बजे से खेला जाएगा। 24 नवंबर को पहला मैच हैदरनगर और रपुरा दूसरा खड़गड़ा और पतहरिया , 25 नवंबर को को पहला मैच जमुआ और कूकही तथा दूसरा मैच देवरी कला और सरहु , 26 नवंबर को पहला मैच झरगड़ा और झरहा दूसरा मैच काजीनगर और अमही, 28 नवंबर को पहला मैच बभंडी बनाम बैराओं और दूसरा मैच रपुरा बनाम डंडिला , 29 नवंबर को को पहला मैच सडेया बनाम रानीदेवा और दूसरा मैच पाँती बनाम डंडिला, 30 नवंबर को पहला मैच लंगरकोट बनाम बैराओं तथा दूसरा मैच बेलासपुर बनाम झरगड़ा, एक दिसम्बर को पहला मैच पथरा बनाम पतरा कला दूसरा मैच झरहा बनाम मोहम्मदाबाद , दो दिसम्बर पहला मैच कचरा बनाम देवरी कला दूसरा मैच हीरा सिकनी बनाम रानीदेवा, चार दिसंबर को चार मैच खेला जायेगा।

# सतबरवा : कस्तूरबा की छात्रा प्रिया को शास्त्रीय नृत्य में मिला प्रथम स्थान

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**सतबरवा पलामू।** झारखंड शिक्षा परियोजना मेदिनीनगर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कला उत्सव 2022 प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सतबरवा के कक्षा नौ की छात्रा प्रिया कुमारी ने शास्त्रीय नृत्य में प्रथम स्थान लाकर विद्यालय के साथ-साथ प्रखंड क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रिया कुमारी को पलामू जिले से रांची में आयोजित होने वाली दो दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव में शास्त्रीय नृत्य में प्रदर्शन करने के लिए चयन किया गया है। विद्यालय की वार्डन सुषमा कुमारी ने विद्यालय की छात्रा प्रिया कुमारी की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि पलामू जिला स्तरीय कला उत्सव कार्यक्रम बीते 19 नवंबर2022 को मेदिनीनगर में आयोजित की गई थी जिसमें सतबरवा कस्तूरबा विद्यालय की 7 छात्राओं ने संगीत, नृत्य ,नाटक, दृश्य में भाग लिया था जिसमें प्रिया कुमारी शास्त्रीय नृत्य में प्रथम स्थान लाकर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित की है।

# थम गयी शास्त्रीय संगीत की गूंज, नहीं रहे प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक राजाराम मिश्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के संगीत जगत के धरोहर कला गुरु पंडित राजा राम मिश्र का निधन रविवार के रात हो गया। वे अपने पीछे चार पुत्र और एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। वे अत्यंत मिलनसार और सरल इंसान थे। उनकी आकस्मिक निधन से शहर के सभी कलाकार और सारा शहर दुःखी है। मृतक स्व मिश्र सेनिया घराने के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक और 1985 से आकाशवाणी और दूरदर्शन के बी ग्रेड कलाकार थे। वे सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखंड से जुड़े हुए थे। वह 1993 से देवरानी संगीत कॉलेज, डालटनगंज के केंद्र अधीक्षक थे। वे प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद के परीक्षक थे। वह कला और संस्कृति विभाग झारखंड के प्रसिद्ध कलाकार थे। पंडित मिश्र सेनिया घराने के पारंपरिक संगीत परिवार से संबंध रखते थे। उन्होंने संगीत की शिक्षा गुरु और पिता स्वर्गीय पंडित राम रक्षा मिश्रा जी और उनके बड़े भाई स्वर्गीय सुरेंद्र मिश्रा ( आरा, बिहार ) के मार्गदर्शन में गायन का प्रशिक्षण शुरू किया था। भारतीय शास्त्रीय संगीत के झारखंड राज्य के प्रसिद्ध गायक पंडित मिश्र ख्याल गायन में तान और तराना की उत्कृष्ट कमान के लिए प्रसिद्ध थे।

### निजी खर्च से करायी एक किमी सड़क की मरम्मत



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड दस के मधुरीडीह गांव में एक किलोमीटर लंबी सड़क की मरम्मत निजी खर्च से समाजसेवी गोपाल राम ने करवाया। पहले मेटल भरवाकर सड़क में बने गढ्ढों को समतल करवाया।उसके बाद मोरम से सड़क का पूर्ण मरम्मत करवाया। गोपाल राम ने कहा कि ग्रामीणों की हर समस्याओं का समाधान करने का सार्थक प्रयास करते रहता हूं। मौके पर नरेश यादव, लक्ष्मण यादव, देवनाथ यादव, बबलू यादव, डॉ राजेश कुमार, राकेश कुमार, ई चंदन कुमार, विश्वनाथ राम, राजेंद्र राम, लक्ष्मण राम, अखिलेश कुमार, मदन राम सहित कई लोग मौजूद थे।

### पूर्व सांसद ने किया खेल मैदान का निरीक्षण



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के ग्राम किशनपुर में 25 नवंबर से प्रस्तावित प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का खेल प्रारंभ होने से पूर्व सोमवार को पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद व भाजपा नेता मनोज कुमार ने किशुनपुर खेल के मैदान का निरीक्षण किया। इसके बाद पूर्व सासंद ने संबंधित खेल कमेटी को मैदान में कुछ आवश्यक सुधार हेतु महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया ताकि इस प्रखंड स्तरीय टूर्नामेंट खेल के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत दर्शकों और खिलाड़ियों को ना हो। मौके पर छतरपुर पाटन विस क्षेत्र के जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, राजू मालाकार, विकास साव, शुभम क्रांति, जितेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भारत जोड़ो यात्रा : नप के वार्ड एक में हुआ कांग्रेस का कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड एक में कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस नेत्री सह भावी अध्यक्ष प्रत्यासी रीना पांडेय व संचालन मणिभूषण पांडेय ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि हम सब देश को जोड़ने का प्रयास करते हैं और भाजपा तोड़ने की बात करती है। भाजपाइयों से जनता को सावधान रहने की जरूरत है। जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे ने कहा कि सभी धर्म व जात को एक साथ लेकर सिर्फ कांग्रेस ही चल सकती है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने भारत जोड़ो यात्रा के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

### भाकपा की बैठक आज

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला कमेटी की विस्तारित बैठक 22 नवंबर दिन मंगलवार को रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय में 11 बजे दिन से निर्धारित की गई है। जिसमें जिले में व्याप्त जनसमस्याओं पार्टी सदस्यता नवीकरण एवं नगर निगम, निकाय चुनाव की तैयारी पर चर्चा होगी। इसकी जानकारी भाकपा के जिलासचिव रूचिर कुमार तिवारी ने दी।

### पति समेत 15 पर केस

**पड़वा पलामू।** थाना क्षेत्र के बटसारा की रीमा देवी ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना एवं समझौता करने आये पिता-भाई के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए 15 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पड़वा थाना को दिये आवेदन में रीमा ने कहा है कि 31 मई 2022 को उसकी शादी बटसारा के रविअंश के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालवाले एक लाख नगद के साथ सोने की चेन, पलंग आदि मांगते थे।

# चौधराना का दर हुआ कम : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झारखंड चेंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री को बधाई दी है। महापौर ने कहा कि जो काम वर्षों से लंबित था, उसे श्री किशोर ने सोमवार की सुबह सीएम, नगर विकास सचिव विनय चौबे एवं महुआ मांझी के साथ बैठक के बाद मिलकर चौधराना बाजार का दर ₹6 से ₹4 करा दिया। झारखंड चेंबर अध्यक्ष किशोर बधाई के पात्र हैं। महापौर ने कहा, यहां के कई नेता डिंग हांक रहे थे कि दर कम करा लेंगे, लेकिन अंततः कल चेंबर के नेतृत्व में हुई बैठक के आलोक में संवाद का फल निकला। किशोर मंत्री, सीएम एवं महुआ माजी के साथ बैठक के बाद आश्वासन दिया है कि बहुत जल्द खासमहाल लीज का भी समाधान निकल जायेगा।

**>> बधाई के पात्र हैं चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री**



### महिलाओं से बेहतर है पुरुष नसबंदी: सिविल सर्जन



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अभियान के तहत सदर अस्पताल परिसर में पुरुष नसबंदी अभियान का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कहा कि जनसंख्या नियंत्रण समाज के लिए हितकर है। इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार महिला नसबंदी एवं पुरुष नसबंदी अभियान प्रत्येक वर्ष चलाती है। इसका लाभ लोगों को लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला बंध्याकरण से बेहतर है पुरुष नसबंदी पुरुष नसबंदी में छोटा ऑपरेशन कर किया जाता है, जो काफी सुरक्षित है। इसमें पुरुष को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होती है। और वह दो दिन के बाद पूर्व की तरह अपना नित्य काम कर सकता है। जबकि महिला नसबंदी में महिलाओं को थोड़ी कठिनाई होती है।

# ग्रामीणों का स्नेह देख भावुक हुए सदर थाना प्रभारी कमलेश कुमार

**मिन्हाज आलम**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर के ग्राउंड में विदाई समारोह का आयोजन किया गया । सदर थाना के पुलिसकर्मियों ने एक थाना प्रभारी सहित 2 एसआई विदाई दी। मौके पर पुलिसकर्मियों ने स्थानांतरित थाना प्रभारी कमलेश कुमार, एएसआई समाल अहमद, भूदेव कुमार को माला पहनाकर, बुके, शॉल, गमछा, ट्रॉली बैग व वस्त्र देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह कार्यक्रम में जिला ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह, एस आई राम तबक्या, टीओपी दो के प्रभारी रुद्रानंद सरस, एएसआई सुबोध कुमार ने पूर्व थाना प्रभारी कमलेश कुमार के कार्यों की सराहना की। मौके पर कमलेश कुमार ने कहा कि ग्रामीणों के स्नेह को आजीवन नहीं भूल सकते हैं। पुलिस कर्मियों का समन्वय से क्षेत्र को अपराधमुक्त व शांतिमुक्त बनाने में सफलता मिली है। ग्रामीणों के सहयोग से बेहतर कार्य किया गया है।



**कार्यक्रम की खास बातें :** मौके पर समाजसेवी प्रेम प्रकाश ठाकुर ने कहा कि थाना प्रभारी कमलेश कुमार सदर थाना क्षेत्र में सभी ग्रामीणों को कॉपोरेट कर अब केस का निष्पादन बहुत जल्द करते थे। ऐसे थानेदार का स्थानांतरण हमेशा यादगार रहेगा। टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस ने कहा कि पूर्व थाना प्रभारी कमलेश कुमार के कार्यो से सीख लेने की जरूरत है। ये लोगों की समस्या को गंभीरता से लेकर तत्काल निदान करते रहे। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये। जिला ट्रैफिक प्रभारी रंजीत सिंह ने बताया कि सदर थाना प्रभारी नेक दिल के इंसान रहे हैं। मौके पर प्रेम प्रकाश ठाकुर, टाइगर कुमार, 20 सूत्री उपाध्यक्ष छोटू पाठक, अवधेश विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि हृदया सिंह, राजा गुप्ता, सुधीर कुमार, सुरेंद्र ठाकुर, मुन्ना सिंह, मुकेश पांडे, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, पूर्व मुखिया सरजा आनंद, अविनाश गुप्ता, सुबोध कुमार, पंसस छोटन राम , अजीत सिंह, अखिलेश सिंह, रणधीर सिंह, परवेज अख्तर, बसंत कुमार मेहता, बादल राम, अविनाश कुमार गुप्ता, विनय तिवारी समेत सदर थाना क्षेत्र के कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# जनकल्याण ट्रस्ट ने प्रफुल्ल मंजरी बालिका उवि में किया पौधरोपण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट ने चैनपुर प्रखंड के परियोजना राज्य माता प्रफुल्ल मंजरी बालिका उच्च विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे, संरक्षक स्वीटी सिन्हा, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, संगठन सचिव नंदलाल दुबे, समाजसेवी प्रोफेसर जगन्नाथ प्रसाद सिंह, ट्रस्ट के भावी सदस्य संतोष दुबे, मिथिलेश दुबे, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष आशीष पासवान, विद्यालय के बड़ा बाबू सुरेंद्र पांडे, शिक्षक मुन्ना दुबे ने पौधरोपण कर विद्यार्थियों को ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण करने का संदेश दिये।




**कार्यक्रम की खास बातें :** कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे ने कहा कि आज युद्ध स्तर पर जंगल से पेड़ काटे जा रहे हैं यह काफी चिंता का विषय है। इससे पर्यावरण का खतरा बढ़ गया है। पौधा के बिना जीवन अधूरा है। मानव जीवन को जीवन को बचाने में पेड़ पौधों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ट्रस्ट के संरक्षक स्वीटी सिन्हा ने कहा कि जितना भी आज पृथ्वी गर्म हो रहा है कहीं ना कहीं वृक्ष काटने का ही नतीजा है। हमें संकल्पित होकर पौधा लगाना चाहिए और जंगल को बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की जरूरत है। उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे ने कहा कि आप अपने घर के बाहर एक पौधा जरूर लगाएं जिससे हमें शुद्ध ऑक्सीजन की प्राप्ति हो सके। प्रो जगन्नाथ प्रसाद ने कहा कि समाज में हर व्यक्ति को यह संकल्पित होना चाहिए पौधा को बचाने की जरूरत है। मौके पर राष्ट्रीय संगठन सचिव नंदलाल दुबे, अर्पिता कुमारी, सोनम कुमारी, मनीषा कुमारी, शिक्षिका नेहा प्रवीण, अर्चना कुमारी, अंकिता कुमारी, सुनैना कुमारी, किरण कुमारी, प्रीति कुमारी, सोनी कुमारी, स्कूल की छात्राएं शामिल थे।

# चक्रधरपुर के कमल देव गिरि हत्याकांड में दो गिरफ्तार, छह फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** गिरिराज सेना के संरक्षक कमलदेव गिरि हत्याकांड का पुलिस ने दा दिनों बाद खुलासा कर दिया है। कांड को अंजाम देने में शामिल सहयोगियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि मुख्य साजिशकर्ता सतीश प्रधान एवं जाहिद नामक समेत 6 अपराधी अब भी फरार है। सोमवार को एसडीपीओ के कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कमल देव गिरि हत्याकांड में कुल आठ लोग शामिल थे। जिनमें से दो गुलजार हुसैन और मतिउर रहमान उर्फ दानिश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों ने पूछताछ में पुलिस के समक्ष हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। दोनों ने पुलिस को बताया कि हत्या का मुख्य साजिशकर्ता सतीश प्रधान है। उसकी हत्या में आठ लोग शामिल थे। अन्य छह अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस विभिन्न राज्यों में छापामारी कर रही है। पुलिस ने दावा किया कि जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



हालांकि हत्या का मुख्य कारण का पता पुलिस अब भी नही लगा पायी है। पकड़े गए दो लोगों का कोई अपराधिक इतिहास भी नहीं रहा है। मालूम हो कि 12 नवंबर की शाम कमलदेव गिरि की भारत भवन चौक के पास बम मारकर हत्या कर दी गई थी। कमलदेव गिरि उस दिन शाम में अपने घर से रेलवे स्टेशन गए थे। भाजपा नेताओं से मिलकर लौटने के क्रम में उनकी हत्या कर दी गई थी। इसके बाद चाईबासा के एसपी ने विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया था। टीम का नेतृत्व सहायक पुलिस अधीक्षक सह एसडीपीओ चक्रधरपुर कपिल चौधरी और सहायक पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल संयुक्त रूप से कर रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### गिरिडीह: अलग-अलग सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**गिरिडीह।** जिले में सोमवार दो अलग-अलग सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। पहली घटना जिले के तिसरी थाना क्षेत्र के पालमो भुराई मोड़ के समीप हुई। बताया गया कि एक बाइक से भाई-बहन अपने घर जा रहे थे। इस दौरान भूराई मोड़ के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर एक घर से टकरा गई। इससे मौके पर ही बाइक सवार वीरेंद्र कुमार की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल बहन सरस्वती कुमारी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अन्य सड़क हादसा जिले के गांडेय में हुआ। यहां मुफ्फसिल थाना इलाके के जंगलपुरा निवासी जीतन टुडू बाइक से गांडेय के सिमराधाब जा रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन से जीतन की बाइक की टक्कर हो गई। दुर्घटना में जीतन की मौत हो गई।

### गिरिडीह : नाले में पड़ा मिला नवजात का शव

**गिरिडीह।** पचम्बा थाना क्षेत्र के कमरशाली गांव के नाले में सोमवार को एक नवजात शिशु का शव मिला है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कमरशाली के आसपास चल रहे कई नर्सिंग होम के कारण अक्सर इस इलाके में नवजात शिशुओं का शव पड़ा मिलता है। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पचम्बा थाना पुलिस को दे दी है।

### भाजपा नेताओं पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराना गलत: गुंजन यादव

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने जमशेदपुर पुर्वी के विधायक सरयू राय के द्वारा भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह एवं राकेश सिंह के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करने के निर्णय को गलत करार दिया है। सोमवार को जारी अपने मीडिया बयान में गुंजन यादव ने कहा कि सामाजिक जीवन में आरोप प्रत्यारोप राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा है। यदि किसी पर आरोप लगा है तो उसके खंडन के कई तरीके हैं। परंतु सीधे मानहानि का दावा कर मुकदमा दर्ज करना विधायक सरयू राय की बौखलाहट को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यदि सरयू राय पाक साफ है तो उन्हें डरने की क्या जरूरत है। सरयू राय के द्वारा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जी पर लगातार अनर्गल आरोप लगाया जा रहा है, परंतु उन्होंने इन सबपर कभी कोई कानूनी प्रतिवाद नहीं किया क्योंकि रघुवर जी जानते है कि उनका दामन पाक साफ है।

### शिक्षा विभाग एवं छात्रों के बीच प्राचार्य महत्वपूर्ण कड़ी- डीईओ

**दुमका।** 18 नवंबर को जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) रेणुका तिग्गा ने दुमका प्लस टू जिला स्कूल में सभी कोटि के विद्यालय प्राचार्यों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक का उद्देश्य स्कूलों में चलाए जा रहे सरकारी योजनाएं, नामांकन, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, शिक्षकों व छात्रों का अनुपात, शिक्षकों के रिक्त पद समेत अन्य विषयों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करना था। बैठक को संबोधित करते हुए डीईओ ने कहा कि शिक्षा विभाग एवं छात्रों के बीच प्राचार्य महत्वपूर्ण कड़ी हैं। पठन-पाठन के अलावा विद्यालय के सर्वांगीण विकास की जिम्मेवारी प्राचार्य पर होती है।

## निविदा को लेकर घंटों चला मैनेज का खेल, संवेदकों में आपस में हुई बहस



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद की ओर से निकाली गई विभिन्न योजनाओं को लेकर सोमवार को निविदा हुई। नगर परिषद की तीसरी आंख के नीचे संवेदकों द्वारा योजनाओं को आपस में मैनेज करने का खेल चलता रहा। घंटों चली इस मैनेज के खेल में अपनी अपनी बात नहीं बनता देख संवेदक आपस में काफी देर तक बहस करते रहे। वहीं संवेदक संघ के अध्यक्ष की मनमानी को लेकर कई संवेदक धक्का-मुक्की भी कर डाली। बाद में एक-एक कर सभी संवेदकों ने अलग-अलग निविदा डाली। उल्लेखनीय है कि ली गई योजनाओं में वार्ड नंबर 3 में 18 लाख 24 हजार की लागत से पेवर ब्लॉक एप्रोच रोड प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए वार्ड नंबर 7 में 12 लाख 86 हजार की लागत से आरसीसी नाला, वार्ड नंबर 19 कर्बला मैदान के निकट 12 लाख 84 हजार की लागत से टॉयलेट सीड, वार्ड नंबर 25 में 16 लाख 28 हजार की लागत से पीसीसी रोड, वार्ड नंबर 1 में 14 लाख 16 हजार की लागत से पीसीसी रोड एवं नाला सहित करोड़ो की लागत से 22 योजनाएं शामिल हैं।

## विधायक आवास में भाजपा ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सभी मंडल अध्यक्ष, मंच मोर्चा के जिला अध्यक्ष की एक बैठक कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रवंशी तथा संचालन महामंत्री अनुप जोशी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से डॉ.नीरा यादव, जिला प्रभारी टुन्नू गोप उपस्थित थे। वहीं डॉ नीरा यादव ने कहा कि झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के खिलाफ राज्यव्यापी जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन समाहरणालय परिसर में 23 नवंबर को 11 बजे हनुमान मंदिर से बाजार होते हुए समाहरणालय परिसर तक विरोध प्रदर्शन आक्रोश रैली के माध्यम से किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में हमारे कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। वहीं जिला प्रभारी टुन्नू गोप ने सभी मंडल अध्यक्षों से कहा कि आप अपने अपने मंडलों से दो दो सौ कार्यकर्ता लेकर समाहरणालय पहुंचे और आक्रोश रैली को ऐतिहासिक एवं सफल बनाये। वहीं जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री को ईडी से समन जारी हो रहा है और मुख्यमंत्री राजनीति स्टंट कर लोगों को बरगला रहे हैं, राज्य में कानून से लेकर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है, लूट की खुली छूट है, ट्रांसफर पोस्टिंग उद्योग में राज्य का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वहीं जिला महामंत्री अमित जोशी ने कहा कि 11 मंडल अध्यक्ष अपने-अपने बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ इस जन आक्रोश रैली में पहुंचे और इस विशाल जनाक्रोश रैली कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि मोदी, प्रकाश राम, शिवलाल सिंह ने भी संबोधित किया। मौके पर नरेंद्र पाल, कांति देवी, बैजनाथ यादव, चंद्रशेखर जोशी, आकाश वर्मा, पिंटू भारती, प्रवीण पांडेय, महेंद्र वर्मा, गोपाल कुमार गुतुल, सूरज मेहता, कामिनी देवी, दिनेश सिंह, विजय यादव, मुकेश राम, शशि भूषण चौधरी, द्वारिका राणा, नवीन चौधरी, पवन सिंह, कविता देवी, सविता देवी, संजीव यादव आदि उपस्थित थे।



## जमीन लूट के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** अंचल अन्तगर्त रांची-पटना मुख्य मार्ग चेचई के समीप जमीन विवाद को लेकर बीते रविवार से शुरू हुए अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को भी जारी रहा। धरना में शामिल कानूनगोबिगहा निवासी मीना देवी पति सरयू राणा ने बताया कि उनका 26 डिसमिल जमीन रांची पटना रोड के किनारे चेचई में है, जिसपर हमलोग लगभग 26 वर्षों से काबिज हैं, मगर चेचाई के कामदाला चंदू साव और उनके परिजनों के द्वारा उक्त जमीन को हड़पने के नियत से पिछले दो वर्षों से जमीन पर कोई कार्य नही होने दे रहे हैं और चंदू साव के दो पुत्र दस लाख रुपये रंगदारी मांग रहे है। उनलोगों के द्वारा एक षड्यंत्र के तहत वर्ष 2020 में उस जमीन का फर्जी केवाला भी बनवा लिए हैं, मामला कोडरमा पुलिस तक पहुंचा तो जांच के दौरान उपरोक्त लोगों के द्वारा पुलिस को कोई कागजात भी नही दिखाए, विरोध करने पर गाली गलौज और मारपीट करने का धमकी देते हैं। मामले को लेकर बीते 17 नवम्बर को एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार भी लगाया गया है। जब तक इस मामले में न्याय नही मिल जाता, तब तक हमलोगों का आंदोलन जारी रहेगा। धरना पर मीना देवी, सरयू राणा और उनके परिजन बैठे हुए हैं।



## एक उम्र के बाद रेड मीट का सेवन सम्भल कर करना चाहिए : प्रभारी सीएस



**कोडरमा।** सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन सभागार में प्रभारी सीएस डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में चिकित्सा पदाधिकारियों के लिए एनपीसीडीसीएस के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए प्रभारी सीएस ने कहा कि गैर संचारी रोग से पीड़ित मरीजों को वजन नियंत्रण को लेकर नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए, सामान्य लोगों को भी नियमित व्यायाम करना चाहिए, साथ ही लोगों को दैनिक जीवनशैली में साइकिलिंग, बागवानी आदि गतिविधियों में सक्रिय रहने की जरूरत है। वहीं डीएलओ डॉ. रमण कुमार ने कहा कि उम्र बढ़ने के साथ साथ शरीर में कई विकार उतपन्न होना शुरू हो जाता हैं, ऐसे में हमें फिट रहने के लिए एक्सरसाइज के साथ साथ खान पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मौके पर डॉ. भारती सिन्हा, डॉ. अजित कुमार मण्डल, डॉ.अशोक कुमार यादव, डॉ.अनीश कुमार सिन्हा, डॉ.सुनील कुमार, डॉ. सत्यनारायण भकत, डॉ.नीरज जैन, डॉ.सत्येंद्र कुमार सिन्हा, डॉ. कुमारी सीमा, डॉ. कुमार सौरभ, डॉ.सुनील कुमार, डॉ.वर्षा कुमारी, डॉ. कुलदीप कुमार, सिद्धान्त ओहदार, दीपेश कुमार, प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

## आजसू जिलाध्यक्ष ने जन्मदिन पर किया 18वां रक्तदान

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** आजसू पार्टी के जिला अयक्ष दीपक शर्मा ने अपने 47वें जन्मदिन पर 18वां रक्तदान किया। मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2003 में पहला रक्तदान किया था। उस वक्त गढ़वा में कोई भी ब्लडबैंक नहीं था और रक्तदान करने से लोगों में एक डर का माहौल हुआ करता था। मौके पर पार्टी के केंद्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा, नंदू ठाकुर, उपायक्ष मुकेश गुप्ता, महिला मोर्चा के केंद्रीय सदस्य चंपा देवी, कोषायक्ष संतोष केषरी, अभिनव राज, विभूति विश्वकर्मा सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच ने मनायी रानी लक्ष्मीबाई की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच नवादा के तत्वावधान में नवादा मोड़ स्थित आशीर्वाद मैरिज हल में प्रथम भारतीय स्वाीनता संग्राम की अमर वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनायी गई। कार्यक्रम की शुरूआत झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित, माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर किया गया।

मौके पर मंच के निदेशक नीरज श्रीर ने कहा कि पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच स्थापना काल से ही स्वतंत्रता सेनानियों के जयंतियों एवं पुण्यतिथियों के अवसरों पर आयोजित कार्यक्रमों के मायम से समाज को अमर बलिदानियों के योगदान से परिचित कराता रहा है। साथ ही विभिन्न आयोजनों के मायम से लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने का कार्य भी मंच के द्वारा निरंतर किया जाता है। वर्तमान परिवेश में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के जीवन चरित्र को हर परिवार में बताया जाना अत्यंत आवश्यक है। आगामी 27 नवंबर रविवार को मंच द्वारा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच द्वारा 2019 में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से सम्मानित चंद्रमुखी कुमारी ने कहा कि समस्त नारियों की आदर्श झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच के द्वारा मनाया जाना अत्यंत हर्ष का विषय है। आज आवश्यकता है कि ऐसे आयोजनों में विशेष रुप से बालिकाओं एवं महिलाओं को आना चाहिए। यहां आकर जब वे महान नारियों के जीवन चरित्र से भलीभाँति परिचित होंगी तो उनके अंदर भी अपने आत्मविश्वास के आार पर स्वाभिमान रक्षा का भाव जगेगा। मौके पर अंजलि शाश्वत, अनिल सोनी, श्याम नारायण पांडेय, कुमार गौरव गर्ग, आराया रंजन आदि लोग उपस्थित थे।




## एक नजर में

### मुखिया ने किया कंबल वितरण



**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत सचिवालय में मुखिया मूंगा साह ने सोमवार को गरीब, विकलांग एवं बेसहारा लोगों के बीच कंबल वितरण किया। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुकुंदपुर गांव से पहुंचे जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान कई लोगों को कंबल नहीं मिल सका। मुखिया ने बताया कि आवंटन के वजह से प्रत्येक वार्ड में सात-सात कंबल का वितरण किया गया है। अगले आवंटन आने के बाद सभी योग्य लोगों को कंबल का वितरण किया जाएगा। मुखिया ने बताया कि पिछले कई दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौके पर पंचायत के बीडीसी प्रतिनिाि इम्तियाज आलम, वार्ड सदस्य अशोक पासवान, र्मिेंद्र कुमार सिंह, रविकांत चंद्रवंशी, सुरजन कुमार, शंभू ठाकुर, भारद्वाज गुप्ता, ओम नारायण गुप्ता, अरविंद गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### जनता दरबार का आयोजन, जन समस्याओं से रूबरू हुए उपायुक्त



**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों ने बारी-बारी से उपायुक्त को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए आवेदन देकर उचित कार्रवाई की गुहार लगाई। इस दौरान डीसी श्री रंजन ने ग्रामीण की समस्याओं से रूबरू हुए और उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए उनके आवेदनों को सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों को प्रेषित कर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में रोजगार उपलब्ध कराने, सेविका पद पर पुनः चयन करने, राशनकार्ड, लम्बित मानदेय भुगतान, दाखिल खारिज आदि से सम्बंधित मामले आये।

### केकेसी झारखंड ने बिरसानगर से साकची तक निकाली भारत जोड़ो यात्रा

**जमशेदपुर।** झारखंड असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेश पांडेय के आह्वान पर कोल्हान प्रमंडल में आयोजित भारत जोडों यात्रा में शामिल होने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गाबा एवं प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय दोपहर 3 बजे बिरसानगर पहुंचे । यहां कार्यकारी जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह एवं प्रदेश सचिव राजा सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया. सर्वप्रथम बिरसानगर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया। तत्पश्चात यात्रा की शुरूआत बिरसानगर संडे मार्केट से हुई जो 10 किमी साकची गोलचक्कर तक चली जिसके बाद सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए संजय गाबा ने कहा कि भाजपा सरकार देश में भर्म एवं द्वेष फैला रही, सरकारी उपकरणों को निजीकरण कर रहीं हैं एवं अपने पूंजीपति मित्रों की स्वार्थसिद्धि करने में लगी हुई है। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा शिवाजी महाराज पर किए गए विवादित टिप्पणी को अशोभनीय बताया, उन्होंने कहा यह भाजपा के नीच मानसिकता का नमूना है। शैलेश पांडेय ने कहा कि भाजपा देश में नफरत की राजनीति कर रहीं हैं वही दूसरी तरफ राहुल गांधी देश में प्यार एवं सद्भावना का पैगाम भारत जोडों यात्रा के माध्यम से दे रहे हैं।

### राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजी जा चुकी कौसर आरा की मां की मुश्किलें हुईं दूर

**जमशेदपुर।** कहते हैं कि उम्मीद पर ही दुनिया कायम है. जून 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों राष्ट्रीय एसएमएसई पुरस्कार के तहत सामाजिक उद्यमिता के सूक्ष्म उद्यम श्रेणी में तृतीय पुरस्कार से नवाजी गई कौसर आरा अपनी मां जहां आरा को लेकर काफी परेशान थीं। उनकी मां पिछले दो सालों से चलने फिरने में असमर्थ हो चुकी हैं। महिलाओं को ब्यूटीशियिन का ट्रेनिंग देने के स्टार्ट अप को लेकर पीएम मोदी से अवार्ड पाना और सरकार से मदद मिलना बड़ी बात थी लेकिन जिदंगी की जद्दोदहद इतनी बड़ी है कि आर्थिक रूप से कमजोर कौसर को कुछ औ? मदद की जरूरत थी. वह अपनी मां के लिए व्हील चेयर खरीदने में सक्षम नहीं थी. लेकिन हालात से निराश हो चुकी कौसर अपनी व्यथा किसी से कह नहीं पा रही थी। मां के कष्ट को दूर नहीं कर पा रही थी और इधर पूरा परिवार भी संभालना है। ऐसे में उन्होंने समाजसेवी सुब्रत दास से संपर्क किया और पूरी कहानी बताई. सुब्रत दास ने नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी से इस संबंध में बातचीत की औ? कौसर के हालात से अवगत कराया। कुणाल षाड़ंगी ने तत्काल नाम्या फाउंडेशन की तरफ से कौसर की मां जहां आरा को व्हील चेयर उपलब्ध कराया। मां की खुशी देखते ही बन रही थी क्योंकि अब वह छोटी मोटी जरूरतों के लिए वह निर्भर नहीं रहेगी और दिनचर्या के काम आसानी से निपटा सकेंगी। इससे बेटी कौसर आरा भी सुकून से अपने स्टार्ट अप पर ध्यान दे पाएगी। मां की परेशानी और अपने हालात से वह खुद को असहाय महसूस कर रही थी। अब उसकी जिंदगी से उम्मीद और बढ़ गई है।

### भ्रष्टाचार में लिप्त चेहरों को नहीं मिलने देंगे मानगो निगम की कमान : सरयू राय

**जमशेदपुर।** भाजमो मानगो एवं उलीडीह के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक आज विधायक सरयू राय के आवासीय कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से विधायक सरयू राय उपस्थित हुए।बैठक में सर्वसम्मति से मानगो निगम चुनाव कमेटी के संयोजक के रूप में भाजमो जिला महामंत्री कुलविंदर सिंह पन्नु का चयन किया गया।साथ ही भाजमो जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, उलीडीह मंडल अध्यक्ष प्रेम सक्सेना, मानगो मंडल अध्यक्ष कन्हैया ओझा, को सदस्य मनोनीत किया गया है एवं आकाश शाह को प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। एक हफ्ते में मानगो की सभी स्तिथियों का आकलन करने और समर्थकों से विचार विमर्श करने के उपरांत कमेटी का विस्तार किया जाएगा। बैठक में विधायक सरयू राय ने कहा कि मानगो नगर निगम चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। विधायक ने कहा की मानगो में नगर निगम गठन के लिए हमने कड़ा संघर्ष किया तब जाकर वर्ष 2017 में मानगो नगर निगम का गठन हुआ। अब चुनाव का आगाज हुआ है और हम मानगो को एक बहतर क्षेत्र बनाने के लिए संकल्पित हैं। मानगो में व्याप्त जन समस्याओं एवं उनके निराकरण के लिए सरकार और अधिकारी क्या कार्य कर रहें है और किस तरह मानगो को बहतर बनाकर बिष्टुपुर एवं साकची जैसे क्षेत्रों की तुलना में विकसीत किया जा सके। इस दिशा में कदम उठाए जाएं इसके लिए चुनाव में हमारे विचारों को जनता तक ले जाने और योग्य उम्मीदवारों के समर्थन के लिए हमने एक कमेटी बनाने का निर्णय लिया है। यह कमेटी मानगो नगर निगम के सभी अहम पहलुओं पर विचार करेगी और नीतिगत निणनय के आधार पर चुनाव में जनता से संपर्क स्थापित करेगी।

# श्रीलंका की हालत

भारत का पड़ोसी देश श्रीलंका एक बार फिर से विरोध प्रदर्शनों का सामना कर रहा है जिससे देश के हालात एक बार फिर से खराब होने का अंदेशा है। दरअसल आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका को दोबारा अपने पैरों पर खड़े होने के लिए जितनी मदद चाहिए उतनी उसे मिल नहीं पा रही है। श्रीलंका की सरकार के पास भी सीमित संसाधन है जिससे वह लोगों की जरूरतें पूरी नहीं कर पा रही है और इसके चलते लोगों का आक्रोश भड़कता जा रहा है। श्रीलंका के लोगों को लगता है कि अस्थायी सरकार उनके मसलों का हल नहीं निकाल सकती इसीलिए वहां जल्द से जल्द चुनाव कराये जाने चाहिए ताकि देश पर छाया संकट दूर हो सके। लोगों को लगता है कि नये चुनाव ही सभी समस्याओं का समाधान हैं लेकिन वहां का निर्वाचन आयोग नये चुनाव कराये कहां से जब उसके पास पैसे ही नहीं हैं। लेकिन सड़कों पर प्रदर्शन बढ़ते दिख रहे हैं। इसके अलावा लोग इसलिए भी भड़क रहे हैं कि प्रदर्शनों को सरकार सख्ती से कुचल रही है। हम आपको बता दें कि रानिल विक्रमसिंघे ने जबसे श्रीलंका के राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण किया है, तब से कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में वह लोग भी शामिल हैं जोकि बुनियादी सुविधाओं और जरूरतों की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। कैरोसीन ऑयल जैसी बुनियादी जरूरत की चीजों के भी महंगा हो जाने से आम आदमी का खाना पका कर खाना भी दूभर हो गया है। अपनी अधिकतर जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर इस राष्ट्र के खजाने में विदेशी मुद्रा भंडार भी नहीं है जिससे कि वह बाहर से वस्तुओं का आयात कर सके। श्रीलंकाई लोगों ने इस दूभर जिंदगी को देखते हुए विदेशों की राह पकड़ना भी शुरू कर दिया है। इसके चलते लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है।

# 5 अरब फोन का कचरा

इलेक्ट्रॉनिक कचरे के निवारणपर काम करने वाली संस्था वेस्ट इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट ने कहा है कि इस साल दुनियाभर में 5.3 अरब फोन फेंक दिए जाएंगे। संस्था का यह अनुमान वैश्विक व्यापार के आंकड़ों पर आधारित है। दुनिया में ई-कचरे के बढ़ते संकट को दिखाते इस शोध अनुसार लोग पुराना फोन नहीं फेकते हैं। ई-कचरा का दोहरा नुकसान है क्योंकि इसे फेंकने के कारण जलवायु को नुकसान होता है और इसमें इस्तेमाल कीमती धातुओं को यदि रिसाइक्लिंग के दौरान निकाला नहीं जाता है तो खनन के जरिए उन्हें पृथ्वी से निकालना पड़ता है, जिसके अपने कई नुकसान हैं। एक स्मार्टफोन के अंदर 62 धातुएं हो सकती हैं। आईफोन के पुर्जों में सोना, चांदी और पैलेडियम जैसी बेशकीमती धातु भी होती हैं जिन्हें एशिया, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में खनन से निकाला जाता है। संस्था के महानिदेशक पास्कल लीरॉय ने कहा कि लोगों को अंदाजा नहीं है कि ई-कचरे में मौजूद कीमती धातुओं की मात्रा कितनी बड़ी है। एक अनुमान के मुताबिक दुनियाभर में इस वक्त 16 अरब से ज्यादा मोबाइल फोन हैं। डब्ल्यू ट्रिपल ई का शोध दिखाता है कि इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक कचरा 2030 तक सालाना 7.4 करोड़ टन की दर से बढ़ने लगेगा। इस कचरे में टैबलेट और कंप्यूटर से लेकर वॉशिंग मशीन, टोस्टर और फ्रिज व जीपीएस मशीन तक ई-कचरे का बड़ा हिस्सा बन रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक 2018 में पूरी दुनिया में 5 करोड़ टन ई-कचरा जमा हुआ। इस कचरे में कंप्यूटर प्रोडक्ट्स, स्क्रीन्स, स्मार्टफोन, टैबलेट, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन और हीटिंग या कूलिंग वाले उपकरण सबसे ज्यादा थे। इसमें से सिर्फ 20 फीसदी कचरे की रिसाइक्लिंग हुई, बाकी खुली जमीन या नदियों और समंदर तक पहुंच गए। यह एक गंभीर समस्या है जिस पर चिंतन आवश्यक है।

# राजनीतिक स्थिरता विकास के लिए जरूरी

हम सबों का प्यारा झारखंड 22 वर्षों का युवा हो चुका है। लंबे संघर्ष के बाद झारखंड अलग प्रांत का गठन हो पाया था। उम्मीद थी कि झारखंड अलग प्रांत निर्माण के बाद झारखंड वासियों के दिन सुधरेंगे। 2000 में एनडीए की मिली जुली सरकार बनी थी। बाबूलाल मरांडी इस प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री बने थे। प्रारंभ में सब कुछ ठीक ही चल रहा था, लेकिन सरकार गठन के 6 महीने बाद ही आपसी खींचातानी शुरू हो गई थी। एनडीए में शामिल दलो के मंत्रियों और नेताओं के आए दिन एक दूसरे के विरुद्ध बयान अखबारों में छपने लगे थे। सरकार में शामिल सभी मंत्री अपने अपने मन के हो गए थे।

जदयू के वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा को एनडीए सरकार का पहला संयोजक बनाया गया था। सरकार बेहतर ढंग से चले। झारखंड में चतुर्दिक विकास हो। आपसी खींचातानी के कारण मात्र 27 महीने में ही झारखंड की पहली बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में बनी सरकार चली गई थी। फिर अर्जुन मुंडा इस राज्य के मुख्यमंत्री बने थे। वे भी आपसी खींचातानी के कारण अपना कार्यकाल पूरा कर नहीं पाए थे। झारखंड अलग प्रांत के अगुआ शिबू सोरेन एक बार कुछ दिनों के लिए ही झारखंड के मुख्यमंत्री बन पाए थे। झारखंड की राजनीतिक अस्थिरता का आलम यह रहा कि मधु कोड़ा जैसे एक निर्दलीय विधायक झारखंड के मुख्यमंत्री बने थे।





-विजय केसरी

झारखंड का चतुर्दिक विकास तभी संभव होगा, जब झारखंड के एक-एक विधायक पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ विधानसभा के संकल्प के अनुरूप आचरण करेंगें। झारखंड को सुंदर बनाने के लिए सबसे पहले झारखंड को लूटना बंद करें। झारखंड की खनिज संपदा और हरियाली पर झारखंड वासियों का हक है। झारखंड वासियों ने आप सबों को मत देकर विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री बनाया हैं।

विचारणीय बात यह है कि एक निर्दलीय विधायक झारखंड के हित में निष्पक्ष होकर कैसे फैसला ले सकता है ? उसकी कुर्सी तो विधायकों की मुट्ठी में कैद होती है। मधु कोड़ा मुख्यमंत्री के रूप में एक के बाद एक संचिकाओं के ऊपर दस्तखत करते चले जा रहे थे, ये सारे दस्तखत किसी न किसी दबाव में जरूर हुए थे। झारखंड के 14 वर्ष राजनीतिक अस्थिरता में ही बीत गए थे। 14 वर्षों के बाद झारखंड में पहली बार रघुवर दास के नेतृत्व में एनडीए सरकार अस्तित्व में आई थीं। बीते 22 वर्षों के दरमियान रघुवर दास की पहली सरकार थी, जिसने किसी रूप में अपना 5 वर्षों का कार्यकाल पूरा किया था। झारखंड की जनता ने पांच वर्षों के बाद रघुवर दास की सरकार को अलविदा कह दिया था। हाल के कुछ दिनों में जो समाचार आ रहे हैं, उससे पता चलता है कि रघुवर दास सरकार में शामिल पांच मंत्रियों के खिलाफ ईडी अर्थात प्रवर्तन निदेशालय ने समन भेज कर ईडी दफ्तर बुलाया है। उनके खिलाफ ईडी ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाया है। प्रदेश में जो भी सरकारें आईं, किसी न किसी रूप में अस्थिर ही रहीं। अब तक झारखंड में जो भी सरकारें बनी, किसी ने भी झारखंड को खनिज संपदा की लूट से बचा नहीं पाई। मुख्यमंत्री और मंत्री इसके घेरे में आते रह रहे हैं।

पिछले दिनों झारखंड के वरिष्ठ नेता सरयू राय ने यह कहा है कि जब ईडी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए बुला सकती, तब पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से क्यों नहीं पूछताछ के लिए बुलाती है। सरयू राय के उक्त वक्तव्य का आशय यह है कि रघुवर दास की सरकार भी झारखंड के खनिज लूट में शामिल रही है। झारखंड लूट ने प्रांत के विकास को ग्रहण दिया है।

किसी भी राज्य के विकास के लिए 22 वर्षों का समय कम नहीं होता है। लेकिन अब तक झारखंड एक लूट का ही बना रहा। जिसे जब भी अवसर मिला, झारखंड को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ा। राजनीतिक अस्थिरता के कारण झारखंड के अधिकारी भी बेलगाम हो गए। झारखंड के अधिकारी अपनी मनमर्जी से प्रशासनिक कार्य पूरा करते हैं। यह झारखंड का दुर्भाग्य ही है कि झारखंड के लूट में झारखंड के बड़े बड़े अधिकारी शामिल रहे हैं। उदाहरण के तौर पर पूजा सिंघल जो इस प्रांत के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहीं। आज पूजा सिंघल मनी लांड्रिंग और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के केस में रांची जेल में बंद है। इसके अलावा झारखंड के कई वरीय पदाधिकारियों के विरुद्ध भी मुकदमे चल रहे हैं। झारखंड का चतुर्दिक विकास तभी संभव होगा, जब झारखंड के एक-एक विधायक पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ विधानसभा के संकल्प के अनुरूप आचरण करेंगें। झारखंड को सुंदर बनाने के लिए सबसे पहले झारखंड को लूटना बंद करें। झारखंड की खनिज संपदा और हरियाली पर झारखंड वासियों का हक है। झारखंड वासियों ने आप सबों को मत देकर विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री बनाया हैं। राज्य के प्रति आप सबों की नैतिक जवाबदेही बनती है कि राज्य के विकास के लिए ईमानदारी पूर्वक पहल करें। राजनीतिक अस्थिरता के कारण झारखंड के विकास पर ग्रहण लग गया है। यह तभी दूर होगा, जब इमानदारी पूर्वक पहल किया जाएगा। झारखंड को एक मजबूत और इमानदार सरकार की जरूरत है, जो राज्य वासियों के हित में फैसला लें।

राज्य के उद्यमिता विकास, हरियाली, खेतों में पानी, झारखंड से उत्पादित वस्तुओं से संबंधित उद्योगों का निर्माण प्रदेश में करें, बेरोजगारों को नौकरी दे सके, ऐसी एक मजबूत सरकार की झारखंड में जरूरत है। है। इस निमित्त झारखंड वासियों को अपने अपने मत का प्रयोग धर्म, जात पात से ऊपर उठकर करने की जरूरत है। ऐसे लोगों को चुनकर विधानसभा में भेजने की जरूरत है, जो झारखंड के विकास को गति दे सके।

( लेखक के निजी विचार हैं, लेखक हजारीबाग के प्रमुख कथाकार/स्तंभकार हैं।)

## खास बात

### बढ़ता मुनाफा

जिंसों के दामों में तेजी और ऊंची मुद्रास्फीति से भारतीय उद्योग जगत की ज्यादातर कंपनियों के मुनाफे पर दबाव देखा गया लेकिन बैंक सहित वित्तीय सेवा क्षेत्र की फर्मों की कमाई बेहतर बनी रही। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में उद्योग जगत के कुल मुनाफे में बैंकों, वित्तीय, बीमा और शेयर ब्रोकिंग (बीएफएसआई) उद्योग की हिस्सेदारी 41.5 फीसदी के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर रही। कुल मुनाफे में बीएफएसआई उद्योग की हिस्सेदारी पिछले 10 साल के औसत 21.8 फीसदी से करीब दोगुनी हो गई। बीएफएसआई सेगमेंट की कमाई में बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब गैर-वित्तीय कंपनियों को ऊंची ब्याज दरों के कारण मुनाफे पर दबाव का सामना करना पड़ रहा है। नमूने में शामिल 450 बीएफएसआई कंपनियों का समायोजित शुद्ध मुनाफा जुलाई-?सितंबर तिमाही में 86,000 करोड़ रुपये रहा जो सालाना आधार पर करीब 33 फीसदी

अधिक है और कोविड से पहले यानी अप्रैल-जून 2019 तिमाही के 30,000 करोड़ रुपये से करीब तीन गुना हो गया है। सबसे ज्यादा फायदा बैंकों को हुआ है जिनके कुल मुनाफे में सालाना आधार पर 35.8 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई।

इसकी तुलना में नमूने में शामिल गैर-बीएफएसआई कंपनियों का समेकित समायोजित शुद्ध मुनाफा चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 20 फीसदी कम रहा। परिचालन लागत और वित्तीय लागत ज्यादा होने की वजह से इन कंपनियों के मुनाफे में कमी आई है। कंपनियों के प्रदर्शन में इस विरोधाभास को देखते हुए कुछ विश्लेषक यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या ऋणदाताओं के लाभ में बढ़ोतरी गैर-बीएफएसआई क्षेत्रों के नुकसान की बदौलत आई है। सिस्टमैटिक्स इंस्टीट्यूशनल इक्विटी में निदेशक और इक्विटी एवं शोध प्रमुख धनंजय सिन्हा ने कहा, सितंबर में समाप्त तिमाही में बैंकों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उधारी में वृद्धि, जमा पर ब्याज दरों में कम बढ़ोतरी और जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ने का उन्हें लाभ मिला है। हालांकि बैंकों के मुनाफे में वृद्धि गैर-वित्तीय कंपनियों पर बढ़ते ब्याज दरों के बोझ को प्रतिबिंबित करता है।

# सच्ची श्रद्धा

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**कहते** हैं इब्राहिम के जीवन में क्रांति घट गई। उठकर उसने उस गुलाम के पैर छुए और कहा कि तूने मुझे राज बता दिया जिसकी में तलाश में था। अब यही मेरा और मेरे मालिक का नाता। तू मेरा गुरू है। तब से इब्राहिम शांत हो गया। जो बहुत दिनों के ध्यान से न हुआ था, जो बहुत दिन नमाज पढ़ने से न हुआ था, वह इस एक सूत्र से हो गया कि हकिम रजाई चलणा नानक लिखिआ नालि। सोचो, थोड़ा होश करो।

जैसा रखे, रहो। अपनी तरफ से तुमने बहुत कोशिश करके भी देख ली, क्या हुआ? तुम वैसे के वैसे हो जैसा उसने भेजा था, उससे विकृत भले ही हो गए हो, उससे सुकृत नहीं हुए हो। जैसे आए थे बचपन में भोले-भाले, उतना भी नहीं बचा हाथ में। स्लेट गंदी हो गई है, तुमने सब लिख डाला। पाया क्या है? सिवाय दुख, तनाव, संताप के क्या तुम्हारे हाथ लगा है?

थोड़े दिन सच्चे गुरु नानक देव जी की सुन कर देखो। छोड़ दो उस पर। इसलिए गुरु नानक देव जी कहते हैं, न जप, न तप, न ध्यान, न धारणा।

यह सब वही कर रहा है। एक ही साधना है वो है सच्ची श्रद्धा के सच्चे प्रेम का संपूर्ण समर्पण। आगे उस स्वांस देने वाले की मर्जी। जैसे ही तुम्हें खयाल आएगा उसकी मर्जी का, तुम पाओगे भीतर सब हलका हो जाता है। एक गहन शांति, एक वर्षा होने लगती है भीतर, जहां कोई तनाव नहीं, कोई चिंता नहीं। एक ओंकार सतनाम श्री वाहे गुरु जी।

**इस्पात** उद्योग में इस्तेमाल होनेवाले कोकिंग कोल का आयात घटाने को प्रयासरत हैमुझे सदन में बताया गया कि पर्याप्त कोकिंग कोल उपलब्ध होने पर भी

बीसीसीएल और सीसीएल के कोकिंग कोल में अधिक राख होने के कारण,उपयोग से पूर्व इसकी धुलाई जरुरी होती है

**-महेश पोद्दार, सांसद**

## रोचक ट्वीट

**ईडी** करे निष्पक्ष जांच, मिलेगा पूरा सहयोग। पक्षपात होगा, तो विरोध होगा। पूर्व सरकारों की गड़बड़ियां वर्तमान सरकार पर थोपने का न हो काम।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**





ताश के पत्ते जब पुराने हो जाते हैं,
तो उन्हें जोकरों से बदल दिया जाता है।

**-सोनू सूद, हीरो**

## कॉर्टून वर्ल्ड

हिंसा मुक्त हो दुनिया



## लेटर टू एडिटर

### हिंदी मीडियम पर ध्यान

राज्य में विज्ञान व गणित पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध हो। तकनीकी पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता वाली हिंदी की किताबें तैयार की जायें, जिससे देश में वैज्ञानिक सोच का विकास मातृभाषा के जरिये हो सके। आज का दिन इस पर मंथन करने का है।देश में अनुवाद के नाम पर हिंदी को जो जटिल बनाने की कोशिश हुई, उसने अन्य भाषाओं के लोगों को हिंदी से दूर ही किया है।

**- नीलेश, गढ़वा**

### निजी क्षेत्र का प्रभाव

देश की 83 पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग (पीएसयू) की सारी मार्केट केपीटलाइजेशन 15.16 लाख करोड़ रूपए है। वहीं मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की मार्केट केपिटलाइजेशन 15.30 लाख करोड़ रूपए है।देश की सभी सरकारी कंपनियों की संपत्ति रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से कम है।

**- अविनाश सिंह, रांची**

# जीएम सरसों से जुड़ीं चिंताएं भी दूर करना आवश्यक

## कृषि

**देविंदर शर्मा**

**अब** जबकि जेनेटिक इंजीनियरिंग अप्रेजल कमेटी (जीईएसी) ने जीएम सरसों को पर्यावरणीय अनुमति दे दी हैझ यह समय है जायजा लेने का कि पूर्व में लाई गई बीटी कॉटनझ जो कि भारत में जारी की गई पहली आनुवंशिक संवर्धित (जीएम) फसल थीझ उसका प्रदर्शन कैसा रहा।

बीटी कॉटन लाते वक्त मीडिया, बीज कंपनियों और नीति निमार्ताओं ने बीटी कपास की आमद को ह्यजादुई गोलीह्व करार दिया था, लेकिन किस्म-किस्म के मिथकों और हकीकतों का वैज्ञानिक विश्लेषण पूरी तरह नदारद है। तथ्य तो यह है कि सत्य अतिशय कसीदों के अंबार तले कहीं दबा रह गया।

तब मैंने खड़े होकर इसको चुनौती दी थी कि यदि यह सच है, तो फिर कंपनी ने किसानों को बुवाई दो महीने बाद ही करने का परामर्श क्यों नहीं दिया। इससे कृषक का समय और प्रयास, दोनों बचेगा, तिस पर दावे के मुताबिक उत्पाद भी अधिक मिलेगा। निगरानी कमेटी के अध्यक्ष ने तब कहा कि यह संभव नहीं है। तब मेरा उनसे सवाल था कि कंपनी को ऐसे अपवाद वाले दावों की अनुमति क्यों दी गई और इनके वैज्ञानिक आधार क्या हैं। यह वह कतई नहीं था, जो मुझे यूनिवर्सिटी में बतौर एक कृषि-विज्ञान छात्र सिखाया गया था, इसलिए मैंने तीन साल और अनुसंधान-परीक्षण करने की सलाह दी। पर जीईएसी ने, अपनी समझ से, बीटी कपास को केवल साल विलंब से जारी करने का फैसला लिया ताकि कंपनी परीक्षण कर सके।आगे, भारत में कपास के सिरमौर संस्थान यानी केंद्रीय कपास अनुसंधान केंद्र के तत्कालीन निदेशक डॉ. केएस क्रांति ने भी एक रिपोर्ट में माना : ह्य2004-11 के बीच बीटी कपास से उत्पादन मात्रा में कोई बहुत बड़ा अंतर नहीं पाया गया, जबकि बुवाई का क्षेत्रफल 5.4 फीसदी से बढ़कर 9.4 प्रतिशत हो गया।ह्व आगे लिखा : जहां वैज्ञानिकों का दावा यह था बीटी कपास से रसायनों का उपयोग कम हो जाएगा, हकीकत एकदम उलट रही। 2002 में, जब से बीटी कपास की बुवाई शुरू हुई है, किसानों की कीटनाशक लागत प्रति हेक्टेयर 37 फीसदी बढ़ी है।

ऐसा मैं इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि जीईएसी की भूमिका केवल विभिन्न किस्में जारी करना और इनके प्रदर्शन की निगरानी को भूल जाना नहीं है। किसी कंपनी के अनुवांशिक संवर्धित बीजों से जो भी पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संकट पैदा हो, उसके लिए जिम्मेवारी भी तय होनी चाहिए। इसलिए कमेटी की संरचना में विस्तार करते हुए इसमें स्वास्थ्य एवं खाद्य-पौष्टिकता विशेषज्ञों के अलावा पर्यावरणविद और सिविल सोसायटी के सम्मानित प्रतिनिधि शामिल किए जाएं।

विज्ञान एवं तकनीक विभाग और पर्यावरण एवं वन विभाग की संसदीय कार्यसमिति की 301वीं रिपोर्ट में निष्कर्ष था : सरकारी एंजेसियों ने बीटी कपास की सफलता को लेकर ह्यगुलाबी तस्वीरह्व पेश करने की कोशिश की है, जोकि हकीकत में सही नहीं है... कमेटी ने पाया है कि भारत के कपास उत्पादन में 2000-05 के बीच 69 प्रतिशत वृद्धि हुई थी, जबकि बीटी कपास के अंतर्गत रकबा 6 फीसदी से कम था, वहीं जब 2005-15 के बीच, जब बीटी कपास उगाने का दायरा बढ़कर 94 प्रतिशत हो गया, तो कुल उत्पादन में वृद्धि महज 10 फीसदी की रही। डॉ. क्रांति समेत अनेकानेक अध्ययन रिपोर्टों में, उत्पादन में वृद्धि के पीछे कारण रहा खाद, कीटनाशकों का अधिक उपयोग और सिंचाई युक्त रकबे में विस्तार। इनके अलावा बीटी कपास का पहला दशक संयोगवश सूखा रहित था। बताने की जरूरत नहीं, मौसम ने भी साथ दिया।

प्रचार किया गया था कि बीटी कपास पर कीटों का असर नहीं होता, परंतु यह दावा भी गलत निकला।

# विरोध के स्वर को भी सुना जाना चाहिए

## राजनीति

**शिवम विशिष्ठ**

**विपक्ष** के भारी विरोध और सहयोगी दल की नाराजगी के बावजूद केंद्र सरकार कृषि विधेयकों को संसद में पारित करवाने में सफल हो गई। कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्द्धन और सरलीकरण) विधेयक-2020 तथा कृषक (सशक्तिकरण एवं संरक्षण) कीमत आश्वासन समझौता और कृषि सेवा पर करार विधेयक-2020 इन तीनों को लोकसभा में भाजपा ने अपने बहुमत के बूते आसानी से पारित करा लिया था, लेकिन राज्यसभा में यह काम इतना आसान नहीं लग रहा था। फिर भी रविवार को राज्यसभा में भी ध्वनिमत से मोदी सरकार ने इन्हें पारित करवा ही लिया। विपक्ष की ऐसी प्रतिक्रियाएं सीएए के वक्त भी सुनने मिलीं थीं और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने पर भी। पिछले छह सालों में संसद में कई मौके ऐसे आए, जब सरकार ने इसी तरह एकतरफा फैसला लिया है और विपक्ष के विरोध का सम्मान तो दूर, उसका संज्ञान लेना भी जरूरी नहीं समझा गया। वास्तव में लोकतंत्र की हत्या तो तभी हो गई थी, जब भाजपा कांग्रेस मुक्त भारत का नारा देती थी और बाकी दल चुपचाप उसे सुनते थे। इन दलों ने अपने स्वार्थ में और कांग्रेस के विरोध में यह भी नहीं देखा कि भाजपा आज कांग्रेस को खत्म करने की बात कह रही है तो अगली बारी उनकी भी हो सकती है। लोकतंत्र में विपक्ष जरूरी होता है, इसके बिना लोकतंत्र पूरा ही नहीं होता। लेकिन जब भाजपा विपक्ष को समूल उखाड़ने की बात करती है तो उसकी लोकतंत्र में कितनी आस्था है, यह समझना कठिन नहीं है। जम्मू-कश्मीर में जिस पीडीपी के साथ मिलकर भाजपा ने सरकार बनाई, उसी दल को प्रदेश के लिए इतना बड़ा फैसला लेते हुए विश्वास में नहीं लिया गया, बल्कि उसके नेताओं को नजरबंद किया गया। महाराष्ट्र में शिवसेना ने मुख्यमंत्री पद की मांग की, तो उसके खिलाफ जाकर सरकार बनाने में भाजपा ने देर नहीं की। और अब विपक्ष में बैठकर भी भाजपा की कोशिश अपने पुराने सहयोगी की सरकार गिराने में है।

अब अकाली दल के विरोध के बावजूद राज्यसभा में इन बिलों को पारित करवा लिया गया है। भाजपा का यह रवैया बतलाता है कि उसे कार्पोरेट घरानों और अपनी सत्ता के अलावा किसी की फिक्र नहीं है। कृषि विधेयकों को भाजपा किसानों के हित में बता रही है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने किसानों को पिछले 70 सालों के अन्याय से मुक्त करा दिया है।

उन्होंने राज्यसभा में हंगामे पर विपक्षी दलों को किसान-विरोधी बता दिया और कहा कि प्रक्रिया का हिस्सा बनने के बजाय, उन्होंने किसानों की मुक्ति को रोकने की कोशिश की। भाजपा उनकी हरकतों की निंदा करती है। यानी विपक्ष अब अपना कर्तव्य भी भूल जाए और सरकार जिस तरह चाहे, उस तरह सदन की कार्रवाई का हिस्सा बने। सरकार तो पहले ही अपने कर्तव्य से विमुख हो चुकी है। इसलिए न केवल विपक्ष बल्कि किसानों का विरोध, उनकी नाराजगी भी वह अनदेखा कर रही है। अभी कुछ दिनों पहले हरियाणा में किसान बड़ी संख्या में इन विधेयकों के खिलाफ सड़कों पर उतरे थे, तब उन पर बलप्रयोग किया गया था। लेकिन आज फिर किसान अपने गुस्से के साथ सड़कों पर हैं। हरियाणा में जगह-जगह सड़कें जाम कर दी गई हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह ने किया पदभार ग्रहण

**बड़कागांव।** बड़कागांव में इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह ने लिया पदभार। मौके पर इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कहा कि बड़कागांव में अपराध पर अंकुश लगाना ही हमारा मुख्य मकसद होगा। आगे उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के साथ समन्वय बैठाकर बड़कागांव में लॉ एंड ऑर्डर को मेंटेन करूंगा।इसके साथ साथ पेंडिंग पड़े सभी केसों का निपटारा यथाशीघ्र किया जाएगा। ज्ञात हो कि नीरज कुमार सिंह 1994 बैच के हैं। इसके अलावा हजारीबाग सदर थाना में 2018 से 2020 तक बतौर थाना प्रभारी पदस्थापित थे। कोर्स करने के बाद अब बड़कागांव सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में अपना योगदान दिए।

### बजरंग दल द्वारा चलाया गया हितचिंतक सदस्यता अभियान

**टाटीझरिया ।** प्रखण्ड के झरपो पंचायत के बुधबाजर प्रांगण झरपो गांव में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के पंचायत अध्यक्ष साहिल रंजन के द्वारा हिंदू हितचिंतक सदस्यता अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान स्वेक्षा पूर्वक लोगों ने 20 रु का रसिद कटवाकर हिन्दू हित में अपना योगदान राशी देकर सनातन अथार्त हिंदू धर्म रक्षा ,प्रचार- प्रसार करने का शंकल्प लिये।

### योगेंद्र प्रसाद को राज्य सरकार द्वारा राज्य मंत्री का मिला दर्जा



**रजरप्पा।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने शुक्रवार को मुरुबंदा आवास पहुंचकर गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद को झारखंड समनव्य समिति में बतौर सदस्य बनाते हुए राज्य सरकार द्वारा राज्य मंत्री का दर्जा दिए जाने पर बुके भेंट कर बधाई दी। योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ मुख्यमंत्री ने मुझे समनव्य समिति सदस्य बनाते हुए मंत्री का दर्जा दिया है, पूरी निष्ठा और लग्न के साथ खरा उतरना है। पहले से दोगुनी ताकत से समस्याओं के समाधान के लिए काम करना है। साथ ही जनता के बीच सरकार की जन आकांक्षाओं योजनाएं पहुंचाना ही मकसद है। साथ ही कहा कि कोई पदाधिकारी अगर जनता की काम नहीं करें तो सुचित करें वैसे लापरवाह पदाधिकारी पर कारवाई किया जायेगा।

### रोजगार के मुद्दों पर हुई चर्चा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित प्रभावित अधिकार समिति की शिव शक्ति मंदिर प्रांगण रसदा में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता खुशबू देवी और संचालन वाहिद अंसारी एवं रामकुमार मुंडा ने किया। बैठक में विस्थापित प्रभावित अधिकार समिति के बचे हुए सदस्यों को रोजगार से जोड़ने को लेकर चर्चा की गई। कहा गया की रोजगार को लेकर जो विभिन्न एजेंसियों को इसकी सूची भेज जल्द से जल्द बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में पहल की जाएगी। साथ ही नए सदस्यों और बचे हुए बेरोजगारों को विभिन्न एजेंसियों में लगाया जाएगा। मौके पर जलेश्वर राम, उषा देवी, रवि राम, अजीत कुमार, संतोष मुंडा, कुर्बान अंसारी, के कुमार, जीतू कुमार, यशराज, महावीर करमाली, अमित कुमार मुंडा आदि मौजूद थें।

# छावनी परिषद के निर्देश पर पुराना डेली मार्केट पहुंचा जेसीबी

- दुकानों को हटाने का किया प्रयास
- दुकानदारों ने किया विरोध
- मामले को लेकर छावनी कर्मियों व दुकानदारों में झड़प

**खबर मन्त्र संवाददाता**



दुकानों को हटाने के लिए पहुंचा जेसीबी



घायल दुकानदार

**रामगढ़।** पुराना डेली मार्केट मामले को लेकर छावनी परिषद और दुकानदारों के बीच कुछ समय से मनमुटाव देखा जा रहा है। सोमवार को छावनी बोर्ड के निर्देश के बाद पुराना डेली मार्केट में वहां संचालित दुकानों को हटाने के लिए जेसीबी भेजा गया। इस क्रम में कुछ दुकाने क्षतिग्रस्त हो गईं। जिसके बाद वहां मौजूद दुकानदार हंगामा करने लगे। मामले की जानकारी के बाद रामगढ़ थाना प्रभारी सुशील कुमार दलबल के साथ पहुंचे और आक्रोशित दुकादनदारों को समझा बुझाकर शांत कराया।

बताया जाता है कि छावनी परिषद के सीईओ एम एस हरिविजय लगभग 1:30 बजे के करीब पुराना डेली मार्केट पहुंचे। पहुंचने के बाद उनके द्वारा जेसीबी संचालक को दुकान तोड़ने का निर्देश दिया गया। इस दौरान छावनी परिषद के लोगों एवं स्थानीय दुकानदारों के बीच झड़प आरंभ हो गई। घटना में कुछ लोग घायल हो गये। वहीं, स्थिति को देखते हुए सीईओ को वहां से ले जाया गया।

**दुकानदारों द्वारा थाना में आवेदन देने की तैयारी:** दुकानदारों ने बताया कि इस मामले को लेकर हमलोग रामगढ़ थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज करवायेंगे।

इधर, ऐसी सूचना मिल रही है कि मामले में छावनी परिषद द्वारा भी थाना में आवेदन दिया जा रहा है।

**संपर्क नही होने के कारण नही लिया जा सका छावनी का पक्ष**
मामले में छावनी परिषद का पक्ष लेने का प्रयास किया गया। पर छावनी परिषद के लोगों से संपर्क नही हो पाने के कारण छावनी परिषद का पक्ष नही मिल पाया।

### मामला न्यायालय में होने के बाद कार्रवाई समझ से परेः बलराम प्रसाद

घटना के संबंस में दुकानदार बलराम प्रसाद ने कहा कि डेली मार्केट का मामला अभी न्यायालय में है। अतः अचानक से जेसीबी भेजकर दुकानों को तोड़ने का आदेश किस कारण से दिया गया। उन्होंने कहा कि छावनी परिषद के लोगों द्वारा दुकान तोड़ने के दौरान दुकानदारों पर हमले किये गये। जिसमें चार पुरूष दुकानदार और तीन महिला दुकानदार घायल हो गये हैं। घायल दुकानदार सतपाल महतो ने बताया कि सीईओ के आदेश पर हमलोगों पर हमले किये गये। जिसमें 4 पुरुष दुकानदार और तीन महिला दुकानदार फुलेश्वरी देवी ,तेतरी देवी और भुवंति देवी घायल हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना निंदनीय है।

# हाथियों के आतंक से त्रस्त ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, एनएच 100 को किया जाम

- हाथियों ने गौशाला से गाय को खींचकर दूर ले जाकर कुचला, घरों के अंदर घुस जा रहे है गजराज
- हाथियों से हुए नुकसान की जांच करने गांव पहुंची अंचलाधिकारी नीतू कुमारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अंचलाधिकारी को नुकसान दिखाते ग्रामीण

**दारू।** दारू प्रखंड में हांथीयों के द्वारा लगातार आतंक मचाये जाने के बाद अपने बाल बच्चों के साथ डर के माहौल में रहने को मजबूर ग्रामीणों का गुस्सा सोमवार की सुबह फुट पड़ा जब सोमवार की सुबह भारी संख्या में आकर ग्रामीणों ने एनएच 100 सड़क को जाम कर दिया। ग्रामीण हांथीयों द्वारा लगातार तबाही मचाये जाने के बाद उनके फसलों और घरों को बर्बाद करने से काफी नाराज थे।ग्रामीणों ने हांथीयों को उनकी बस्ती से दूर हटाने ,संपति का हुए नुकसान की मुआबजे की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। जाम से राहगीर काफी परेशान नजर आये और देखते ही देखते सड़क के दोनो तरफ दो किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। जाम की खबर लगते ही दारू थाना प्रभारी अमित कुमार और अंचलाधिकारी नीतू कुमारी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा बुझा कर घंटों के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया।

**जाम में स्कूली बच्चे भी फंसे हुई परेशानीः** सड़क जाम के दौरान स्कूली बच्चे भी काफी परेशान रहे उनकी गाड़ियां भी जाम में फंसी रही। जाम में फंसने के कारण कई विद्यालय की छात्र छात्राएं समय पर विद्यालय जाने से वंचित रह गए। जामस्थल से जिन बच्चों का विद्यालय नजदीक था वे पैदल ही विद्यालय के लिए चल दिये।

**अंचलाधिकारी ने लिया जायजाः** हाथियों के द्वारा पिछले सात दिनों से ईरगा पंचायत के पुरनाडीह गाँव मे उत्पात मचा रहे और उनके द्वारा किये गए नुकसान का जायजा लेने पहुँची। ग्रामीणों को बताया कि जिन लोगो का फसल का नुकसान हुआ है आप अपना अपना आवेदन बना कर अंचल कार्यालय में जमा कर दे। वनकर्मियों को भी कहा कि आप और दूसरे क्षेत्रों से भी हाथी भागने वाले टीमो की सहायता लेकर जल्द से जल्द हाथियों की झुंड को अपने क्षेत्र से बाहर करे ।

### हाथियों के आतंक से त्रस्त ग्रामीण

इस बारे में ग्रामीणों ने बताया कि हांथीयों का झुंड लगातार तबाही मचा रहा है। हांथीयों का झुंड छह दिनों से इरगा पंचायत के पुरनाडीह में डेरा जमाए हुए है रविवार की रात्रि को हांथीयों ने यहां पर फिर से जमकर तबाही मचाई।हांथीयों ने शिवचरण साहू की गाय को गौशाला से निकालकर सौ मीटर दूर तक घसीट कर ले गए और बेरहमी से कुचल कर मार डाला। हुलास साव के घर का मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए और वहां पर खड़ी बाइक की डिक्की तोड़ कर छतिग्रस्त कर दी। हांथीयों ने पूरे बस्ती के ग्रामीणों की कई एकड़ में लगी धान, आलू, गोभी, मटर, टमाटर आदि की फसल बर्बाद कर दी।कई ग्रामीणों की लंबी लंबी चारदीवारी को भी तोड़ दिया।

## एक नजर में

### दो पंचायतों में सात स्थाई समिति का हुआ गठन

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के भराजो और खैरा पंचायत में सात स्थाई समिति का गठन किया गया है जिसमें सामान्य प्रशासन समिति,निर्माण एवं विकास समिति, महिला शिशु एवं समाजिक कल्याण समिति,स्वास्थ्य शिक्षा एवं पर्यावरण समिति,ग्राम रक्षक समिति,कृषि सहकारिता एवं उद्योग एवं सार्वजनिक समिति तथा संचार एवं अधो संरचना समिति का गठन किया गया जिसमें भराजो पंचायत के सभी विभाग के अध्यक्ष मुखिया स्वास्तिका कुमारी, सचिव पंचायत सेवक विश्वजीत दुबे एवं पदेन सदस्य में उपमुखिया कौलेश्वर कुमार तथा सभी समिति में दो- दो वार्ड सदस्य हैं। खैरा पंचायत के सभी समिति में अध्यक्ष मुखिया कुमारी माधुरी, सचिव पंचायत सेवक अर्जुन प्रसाद एवं पदेन सदस्य उपमुखिया सुलोचना देवी है। मुखिया स्वास्तिका कुमारी एवं कुमारी माधुरी ने कही कि समिति गठन है जो भी सदस्य हैं अपना काम को मन लगा कर करना है ताकि सभी विभाग अपना काम को सही तरीका से करें। समिति गठन करने में वार्ड सदस्य सुधीर कुमार,प्रिति कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### 29 नवंबर को बरही के श्रीनगर गांव में विस्थापितों के साथ निवेदन समिति करेगी बैठक



**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के श्रीनगर गांव में विगत लगभग 66 वर्षों से रह रहे ग्रामीणों को स्थानीय मुद्दों के समाधान को लेकर उच्चस्थ अधिकारियों के बीच विचार विमर्श हेतु 29 नवम्बर को एक शिविर का आयोजन किया गया है। जानकारी के अनुसार झारखंड में ईसवीं सन 1951-52 के अंतराल में बरही में बिजली निर्माण हेतु तत्कालीन बिहार सरकार के आदेशानुसार डीवीसी द्वारा कई एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना था। जिसके तहत कई गांवों को विस्थापित किया जा रहा था। डीवीसी के द्वारा उक्त समय में विस्थापित लगभग 56 गांवों के ग्रामीणों के लिए कई सुविधाओं का मसौदा तैयार किया गया था, परंतु उक्त मसौदे पर ना तो तत्कालीन बिहार सरकार और ना ही डीवीसी द्वारा कोई सहयोग दिया गया। परिस्थिति के अनुसार विस्थापित परिवारों को कई गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ गया। उन्हें विस्थापन होने का कोई प्रमाण पत्र नही मिलने से सरकार द्वारा मिलने वाले सभी सुविधाओं से वचिंत होना पड़ गया। जिनमे आवासीय, जाति एवं आय प्रमाण पत्र भी मिलने में घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, परन्तु विधायक उमाशंकर अकेला द्वारा झारखंड विधानसभा में उनके समर्थन में आवाज उठाने पर सरकार ने 29 नवम्बर को निवेदन समिति को सम्बंधित पदाधिकारियों के साथ जाने को लेकर एक कमिटी का गठन कर उनके स्थानीय मुद्दों के समाधान करने का निर्णय लिया है।

# कराटे चैंपियनशिप में बड़कागांव की तीन लड़कियों ने जीता स्वर्ण



**बड़कागांव।** झारखंड राज्य स्तरीय तीन दिवसीय ओपन कराटे चैंपियनशिप में बड़कागांव के तीन सब जूनियर महिला ने अपने- अपने खाते में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतकर गांव, प्रखंड एवं जिला का नाम रोशन किया। तीन दिवसीय ओपन कराटे चैंपियनशिप 18 से 20 नवंबर तक रांची के खेलगांव ताना भगत इनडोर स्टेडियम में आयोजित की गई थी। इस चैंपियनशिप में झारखंड राज्य से 400 कराटे कारों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में सोतोकान कराटे डू फेडरेशन ऑफ बड़कागांव शाखा के 3 सब जूनियर महिला सदस्य टीम ने भाग लिया। तीनों ने फीमेल कुमिते में अपने- अपने इवेंट में प्रथम स्थान यानी स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) हासिल की। स्वर्ण पदक जीत दर्ज करने वालों में बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी पंचायत के ग्राम खैरातरी के 8 वर्षीय कृतिका कुमारी , 10 वर्षीय सुरभि कुमारी तथा 13 वर्षीय रिया कुमारी जबकि रिया कुमारी कांडतरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के वर्ग आठ में अध्ययनरत हैं। इन तीनों स्वर्ण पदक विजेता को स्पोर्ट कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव केके सिंह एवं फैंसी मानस सिन्हा द्वारा मेडल देकर पुरस्कृत किया गया।

# छेड़खानी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश सीसीएल कुजू साइडिंग का किया घेराव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कुजू ओपी के बाहर प्रदर्शन करते

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत सतीबेड़ा की एक आदिवासी महिला ने सीसीएल कुजू साइडिंग के दो सुरक्षाकर्मियों पर उसके साथ छेड़छाड़ एवं दुष्कर्म करने का प्रयास का आरोप लगाते हुए कुजू ओपी में आवेदन दिया है। साथ हीं दोनों पर कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर कुजू ओपी तथा सीसीएल कुजू साइडिंग का घंटों घेराव किया।

**क्या है मामला**
कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत सतीबेड़ा निवासी सीता देवी पति सुखदेव मांझी द्वारा कुजू ओपी पुलिस को दिए गए लिखित सूचना के अनुसार सीता देवी रविवार की संध्या अपने पति सुखदेव मांझी, अनीता देवी, मुन्नी देवी के साथ कुजू साइडिंग के निकट जंगल में दतवन और पत्ता तोड़ने गई थी। तभी सीसीएल साइडिंग में कार्यरत दो सुरक्षा गार्डों ने सीता देवी को एकांत में देख कर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। सुरक्षा गार्डों ने उसके कपड़े फाड़ डाले। अपने बचाव में सीता देवी उनके साथ हाथापाई और धक्का-मुक्की भी किया। सीता देवी द्वारा हो हल्ला करने पर उनके साथ आए लोग एवं अन्य ग्रामीण इकट्ठा हो गए। दोनों सुरक्षा गार्ड ग्रामीणों के साथ हाथापाई करते हुए वहां से फरार हो गए। सीता देवी के अनुसार छेड़खानी करने वाले सीसीएल कुजू साइडिंग में कार्यरत सुरक्षा गार्ड राजकिशोर महतो एवं रमेश कुमार महतो हैं। सोमवार को आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा ओपी गेट के समक्ष प्रदर्शन किया गया। ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद द्वारा पीड़िता को उचित न्याय देने का आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीण सीसीएल रेलवे साइडिंग में जाकर धरना प्रदर्शन किया। सीसीएल प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच वार्ता के बाद आरोपी एक सुरक्षा गार्ड रमेश कुमार महतो को तत्काल प्रबंधन ने सस्पेंड कर दिया।

### लोकल सेल चालू कर स्थानीय बेरोजगारों को प्रबंधन दे रोजगार : डॉ.आशीष कुमार




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत अल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय कमेटी झारखंड द्वारा रविवार को भुरकुंडा परियोजना कार्यालय पर प्रदर्शन के माध्यम से लेबर ऑफिसर को परियोजना पदाधिकारी के नाम मांग-पत्र सौंपा गया। इसके पूर्व मोर्चा के कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए परियोजना कार्यालय पहुंचे। यहां सभा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष सुभाष दास उर्फ काला बाबू व मंच संचालन मोर्चा के केंद्रीय संगठन मंत्री नकुल प्रसाद ने किया। सभा को संबोधित करते हुए मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ड आशीष कुमार ने कहा कि बलकुदरा में रोड सेल चालू करके कोयलांचल के बेरोजगारों को प्रबंधन रोजगार दे। साथ ही मोर्चा की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उत्पादित कोयले का 75 प्रतिशत कोयला लोकल सेल में दिया जाए। मोर्चा के केंद्रीय प्रधान महासचिव राजेश वर्मा ने कहा कि भुरकुंडा रोड सेल समिति को भंग कर नई कमेटी का गठन हो। ट्रांसपोर्टिंग रोड पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए जिससे की लोग प्रदूषण से बच सकें। मोर्चा के लोगों ने कहा कि प्रबंधन सभी मांगों पर जल्द से जल्द सकारात्मक पहल नहीं करती है तो चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा।

# अमृत ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



टूर्नामेंट में शामिल खिलाड़ी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा के सौजन्य से क्षेत्र में अमृत ट्रफी फुटबल टूर्नामेंट का विशाल स्तर पर आयोजन चल रहा है। बड़कागांव और माण्डू विधानसभा के बाद रामगढ़ विधानसभा में भी मैच खेले जा रहे हैं। टुर्नामेंट के विजेता टीम को 1 लाख रूपये का नकद पुरस्कार व जमशेदपुर फुटबॉल क्लब से प्रशिक्षण मिलेगा। इसी कड़ी में रविवार को बासल क्षेत्र के रसदा ग्राउंड में खेले गये मैच में पालू की टीम ने गिद्दी की टीम को 1-0 से और टोंगी की टीम ने रेलीगढ़ा पश्चिमी को 3-0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। बताया गया कि सभी जगह खेले जा रहे मैच फेंटेसी अखाड़ा, एनटीपीसी व टाटा स्टील के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिये बेहतर मंच मिल रहा है। इस अवसर पर सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस टूर्नामेंट के माध्यम से हमारे खिलाड़ियों को बेहतर करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रतिस्पर्धा के माध्यम से खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आयेगी। हम खिलाड़ियों को हर सुविधा उपलब्ध करवा रहे हैं ताकि खेल के क्षेत्र में वे अपना करियर बना सकें।

# प्रधानमंत्री आवास योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हैः अरविंद सिंह



**रजरप्पा।** झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत में मुखिया अरविंद कुमार सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के चार लाभुकों को गृह प्रवेश कराया। मुखिया ने बताया कि पंचायत के चार लाभुकों ने अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया है जिसमें चार लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया है। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। मौके पर उपमुखिया परवेज आलम, वार्ड सदस्य मंटू कुमार, स्वयंसेवक सुदीप सिंह, प्रखंड समन्वयक कमल कुमार, निर्मल कुमार, देवेश कुमार बादल, रामवल्लभ करमाली आदि मौजूद थे।

### बालू के कारण प्रभावित विकास योजनाओं को पटरी पर लाने की जिम्मेवारी सरकार की है : पंकज महतो



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सोमवार को पतरातू समेत पूरे राज्य में बालू की भारी किल्लत एवं बालू लदे ट्रैक्टरों को प्रशासन द्वारा प्रताड़ित किए जाने के विरोध में प्रखंड कार्यालय पतरातू के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा प्रखंड अध्यक्ष अशोक पाहन व संचालन युवा नेता गजानंद मुंडा ने किया। इस दौरान प्रखंड कार्यालय के बाहर नारेबाजी के साथ उग्र प्रदर्शन भी किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि मूलवासी चिंतक द्वारिका दास व विशिष्ट अतिथि संविधान रक्षा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सरजीत मिर्धा उपस्थित रहें। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि रामगढ़ जिला समेत पूरे राज्य में बालू की वैध उपलब्धता पिछले 3 वर्षों से समाप्त है। जिसके कारण छोटे-मोटे असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, ट्रैक्टर-टर्बो मालिकों की स्थिति बेहद गंभीर हो चुकी है। वहीं मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना द्वारा घर निर्माण तथा निर्माण संबंधित विकास योजनाएं प्रभावित हो चुकी है, जिसे अब पटरी पर लाने की जिम्मेदारी हेमंत सोरेन की है। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद जन मुद्दों की अनदेखी कर रही हैं। जन मुद्दों को लगातार स्थानीय विधायक के द्वारा नजर अंदाज करने से लोगों में भारी आक्रोश है। इस दौरान झारखंड की हेमंत सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद का पुतला भी दहन किया। प्रदर्शन के बाद पतरातू सीओ को ज्ञापन सौंपा गया।

# भू-अर्जन विभाग के भेदभाव को लेकर रैयतों ने एसडीओ से लगाई गुहार

**खबर मंत्र संवाददाता**



प्रभावित ग्रामीणों के साथ बैठक करते विधायक उमाशंकर अकेला

**बरही।** बरही एनएच 31 तिलैया रोड के जमीन रैयतों ने बरही के तिलैया रोड उज्जैना में सड़क चौड़ीकरण के तहत भूअर्जन विभाग द्वारा अर्जित की जा रही जमीनों की उचित मुआवजा नही मिलने को लेकर प्रभावित ग्रामीणों ने एसडीओ के नाम लिखित ज्ञापन सौंपा। इस बाबत ग्रामीणों ने बताया कि भू अर्जन की मिलीभगत से रैयतों के बीच मुआवजा राशियों में काफी अंतर के बीच भुगतान किया जा रहा है। जिसे लेकर भारी संख्या में शामिल होकर प्रभावित ग्रामीणों ने एसडीओ पूनम कुजुर को बताया कि हमलोग बरही तिलैया रोड एन.एच. 31 फोर लेन रोड चौड़ीकरण में भू-अर्जन द्वारा अधिग्रहण किया गया जमीन एवं मकान (दुकान) का जो मुआवजा दिया जा रहा है, यह मुआवजा में बहुत विसंगति है। अपनी बात रखने के लिए भू-अर्जन पदाधिकारी एवं नियुक्त आर्बिटेटर भी हमलोगों की बात नहीं सुना जा रहा है और एन एच पदाधिकारी द्वारा मशीन लगाकर दुकान व मकान तोड़ने में लगे है और संबंधित पदाधिकारी द्वारा केस करने की धमकी दी जा रही है। इस बात से सभी रैयत दिग्भ्रमित एवं चिंतीत हो रहें है कि हमलोगों की बात कौन सुनेगा। उन्होंने एसडीओ से आग्रह किया है कि लोगों का मुआवजा जब तक उचित नहीं मिल जाता है तब तक मकान व दुकान नहीं तोड़े। उन्होंने एसडीओ से आग्रह किया है कि सबसे पहले तिलैया रोड में जो काम हो रहा है उसे रुकवाया जाए, ताकि उनका मुआवजा सही और न्यायपूर्वक मिल सकें। फोर लेन एन.एच. 31 बनने में गड़बड़ी की जा रही है, कोनरा मौजा में अलाइनमेंट से हट कर पाइपलाइन कि जमीन पर नाली बन रहा है। रैयतों ने कहा कि है कि पूरे तिलैया रोड में मकान एवं दुकान है परंतु जीएसटी नम्बर देने पर कॉमर्सियल मुआवजा दिया गया है लेकिन छोटे दुकानदार गरीब एवं मजदूर के दुकान का आवासीय एवं खाली जमीन कृषि जमीन में डाल दिया गया है।

# पीएलएफआइ का सक्रिय सदस्य देवराज उर्फ तिलकेश्वर सहित तीन अपराधी गिरफ्तार

## गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने एक कट्टा, दो जिंदा गोली, एक बाइक व आठ मोबाइल किया बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के एक सक्रिय सदस्य सहित तीन अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तों में कामडारा थाना क्षेत्र के मुर्गा गांव निवासी 25 वर्षीय प्रेम लोहरा उर्फ प्रेमानंद लोहरा उर्फ देवराज उर्फ तिलकेश्वर उर्फ बाबू, बामडीह निवासी 20 वर्षीय बसंत लोहरा एवं कोलेबिरा थाना क्षेत्र के कोरकोटोली अधरमा निवासी 37 वर्षीय कुलदीप केरकेट्टा के नाम शामिल है। इनमें से देवराज उर्फ तिलकेश्वर कई कांडों में वांछित है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा गोली, आठ मोबाईल फोन, एक बजाज डोमिनार बाईक बरामद किया गया है। सोमवार को बसिया एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने एसपी कार्यालय परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक गुमला को गुप्त सूचना मिली थी कि बसिया थाना क्षेत्र के



गिरफ्तार अपराधी, बरामद हथियार, जानकारी देते एसडीपीओ व अन्य

गुमला-सिमडेगा बोर्ड स्थित पहाड़ के पास पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य देवराज उर्फ तिलकेश्वर अपने सहयोगियों के साथ बैठक कर रही है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की रणनीति बना रहा है। एसपी के निर्देश पर बसिया एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा अभियुक्तों की घेराबंदी कर छापामारी किया गया। इस दौरान पुलिस को देखकर देवराज अपने साथियों के साथ भागने लगा। जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से साथियों के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार प्रेम लोहरा उर्फ देवराज पिछले दो साल से पीएलएफआई संगठन का सक्रिय सदस्य है। वह बसिया व सिमडेगा क्षेत्र में देवराज उर्फ तिलकेश्वर के नाम से 5 से 6 लाख रूपये धमकी देकर लोगों से रंगदारी मांग रहा था। पिछले कुछ दिनों से हथियार के बल पर कई लूट की घटना को भी अंजाम दिया है। उसके खिलाफ बसिया व कोलेबिरा थाना में कई मामले दर्ज है। छापामारी दल में एसडीपीओ के अलावे थाना प्रभारी बसिया छोटू उरांव, थाना प्रभारी पालकोट अनिल लिंडा, पुअनि बसिया मंटु कुमार, पुअनि रवि शंकर, पुअनि पालकोट कृष्णा गुप्ता, पुअनि संदीप कुमार, आरक्षी विजय लकड़ा व बसिया थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# नगर परिषद चुनाव को लेकर अधिकारियो की हुई बैठक



बैठक में शामिल अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में सोमवार को नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2022-23 से संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सभी निवार्ची पदाधिकारी और सहायक निवार्ची पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सभी निवार्ची पदाधिकारी व सहायक निवार्ची पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन 2022-23 में अभ्यर्थियों के नामांकन शुल्क, अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र क्रय किये जाने के समय दिये जाने वाले आवश्यक प्रपत्र एवं व्यय पंजी, अभ्यर्थियों की योग्यता, नाम निर्देशन पत्र, प्रस्ताव व समर्थक की योग्यता, भरा हुआ नाम निर्देशन व आवश्यक चेकलिस्ट, नाम निदेशन के समय दो सेट में विहित प्रपत्र प्राप्त करना, भरा हुआ नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करते समय आवश्यक सावधानियां रखना व आवश्यक प्रपत्रों की जांच करना, चेक लिस्ट से सही मिलान करना, अभ्यर्थी का शपथ पत्र भरे जाने, आवश्यक प्रमाण पत्रों की प्रति प्राप्त करना, अभ्यर्थी के व्यय हेतु आकलन के लिए अभ्यर्थी का नया बैंक खाता खुलवाना, भरा हुआ नामांकन पत्र जमा करते समय निवार्ची पदाधिकारी द्वारा अभ्यर्थी को व्यय पंजी देना, प्रपत्र-8,10,11 व 12 की प्रति देना, व्यय जांच कराने के लिए तिथि की जानकारी देना, ₹जीरो एरर₹ के साथ नाम निर्देशन किये हुए पत्रों की स्क्रूटनी करना, नाम निर्देशन पत्रों की बिक्री व नाम निर्देशन संबंधी प्रतिदिन का प्रतिवेदन देना संबंधी जानकारी दी गई। सभी निवार्ची पदाधिकारियों व सहायक निवार्ची पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने वार्ड अंतर्गत मतदान केंद्रों की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। बैठक में वार्ड संख्या 6-10 के निवार्ची पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी कुडू प्रवीण कुमार सिंह, वार्ड संख्या 11-15 के निवार्ची पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी सेन्हा विजय कुमार, वार्ड संख्या 16-20 तक के निवार्ची पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी किस्को बुड़ाय सारू, वार्ड संख्या 21-23 के निवार्ची पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी कैरो कमलेश उराँव और वार्ड 1-23 के सभी उप निवार्ची पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाना लक्ष्य: रास बिहारी

## गुमला जिला में पतंजलि योगपीठ का सहयोग प्रशिक्षण शिविर 11 दिसंबर से

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पालकोट रोड स्थित लक्ष्मी मंदिर परिसर में पतंजलि के सभी संगठनों की बैठक भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी श्री रुपेश सोनी की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पतंजलि योग समिति झारखंड के सहराज्य प्रभारी श्री रासबिहारी तिवारी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि हमें समाज के अच्छे लोगों को संगठित कर घर घर में योग, आयुर्वेद, स्वदेशी तथा भारतीय संस्कृति का प्रसार करना है। स्वदेशी और स्वावलंबन के द्वारा राष्ट्र को आत्म निर्भर एवं शक्तिशाली बनाना हमारा



बैठक में शामिल पतंजलि के विभिन्न संगठनों के सदस्य

पावन लक्ष्य है। बैठक में गुमला जिला में नियमित योग कक्षा का विस्तार, प्रखंड प्रवास, सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर, इत्यादि विषय पर चर्चा किया गया। साथ ही आगामी 11 दिसंबर से सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें राज्य स्तर एवं जिला स्तर के योग शिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण कराया जाएगा एवं स्वास्थ्य, निरोग, दैनिक दिनचर्या, सही जीवन जीने का तरीका, योग के माध्यम से सिखाएंगे, या वैसे युवक युवती जो योग के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं या स्वरोजगार स्थापित करना चाहते हैं। इस प्रशिक्षण में भाग लेकर स्वर्णिम भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। इसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ कर दिया गया है। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी भोला प्रसाद , पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी सुनील कुमार सिंह, महिला पतंजलि योग समिति के प्रभारी सुनीता देवी, भारत स्वाभिमान के महामंत्री प्रियंका देवी, पतंजलि के मीडिया प्रभारी सुनील कुमार दास, कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार साहू, बंटी देवी, पुष्पलता देवी, प्रभा देवी, गणेश जसवाल,विनय कुमार साह, प्रमोद लोहानी, जय मंगल मिस्त्री, संजय साहू, आनंद प्रसाद गुप्ता, सीता देवी, राजेश भारती, प्रमोद सिंह, श्याम प्रसाद गुप्ता इत्यादि लोग मौजूद थे।

### भाजपा की जन आक्रोश रैली आज

**गुमला।** राज्य सरकार के गलत नीतियों व राज्य में चरम पर पहुंचे भ्रष्टाचार को लेकर जिला भाजपा के द्वारा मंगलवार को जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी। रैली पालकोट रोड गुमला स्थित साहू पेट्रोल पंप के सामने स्थित ऑक्सफोर्ड स्कूल मैदान से आरंभ होगी। रैली में पूर्व मुख्यमंत्री सह केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा, सांसद श्री सुदर्शन भगत एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री प्रवीण सिंह शामिल होंगे। रैली पालकोट रोड से होकर टॉवर चौक, मेन रोड, पटेल चौक, जशपुर रोड होते हुए गुमला कचहरी में हड़ताली वृक्ष के पास जाकर एक जनसभा में परिणत हो जाएगी। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष सहित आगत अतिथि जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

# जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न



बैठक में शामिल कांग्रेसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक गुमला परिसदन में जिला अध्यक्ष रोशन बरवा की अध्यक्षता में हुई। जिसमे कांग्रेस सशक्तिकरण प्रोग्राम के तहत प्रखंड कमिटी व मंडल कमिटी की समीक्षा किया गया। सभी ब्लॉक में नई कमिटी बनकर तैयार हो गया है। पंचायत और बूथ की नई कमिटी दिसंबर तक बना कर देना है। सभी ब्लॉक मुख्यालय में भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 22 नवंबर को भरनो ब्लॉक में , 23 नवंबर को घाघरा ब्लॉक में 24 नवंबर को बिशुनपुर में, 25 को जारी में , 26 को बसिया में, 27 को सिसई में, 28 को रायडीह में, 30 को चैनपुर में एवं 4 दिसंबर को डुमरी ब्लॉक में आयोजित किया जाएगा।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से 65 वर्षीय युवक जख्मी

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के लाल पंडरिया गांव निवासी 65 वर्षीय झरी उरांव ट्रैक्टर की चपेट में आने से बुरी तरह जख्मी हो गये। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर को पीछे की ओर लाया जा रहा था। इसी दौरान झरी उरांव जो पीछे खड़ा था उसे अपने चपेट में लेते हुए ट्रैक्टर पेड़ से जा टकराया। जिसमें झरी उरांव का दोनों पैर जांग के जगह से बुरी तरह से टूट गया है। जिसे परिजनों ने सुबह 10:00 बजे सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया है। जानकारी देते हुए झरी का पुत्र अजीत उरांव ने बताया कि धान काट कर ट्रैक्टर से धान मिसने का काम किया जा रहा था। तभी अचानक ट्रैक्टर बैक होने लगा। वही मेरे पिता ट्रैक्टर के पीछे फंस गया ट्रैक्टर एक पेड़ से जा टकराई।

## एक नजर में

### एथलेटिक्स एसोसिएशन बैठक आज

**लोहरदगा।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक आज 22 नवम्बर को अपराह्न 3.00 से थाना रोड स्थित राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के आवास में रखी गई है। जिसमें झारखंड राज्य स्तरीय लोहरदगा एथलेटिक मीट आयोजित करने के संबंध में विशेष चर्चा की जाएगी। यह जानकारी देते हुए संघ के सुखैर भगत ने एथलेटिक्स एसोसिएशन के सभी सम्मानित पदाधिकारियों, खेल प्रेमियों से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

### जान से मारने और उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**कैरो।** थाना मुख्यालय स्थित कैरो निवासी राजकुमार महतो पिता जगू महतो ने मारपीट व पत्नी के साथ बलात्कार की प्रयास को लेकर थाना में मामला दर्ज कराया है। थाना में दिए आवेदन के अनुसार बताया कि जगू महतो कैरो निवासी का खेत कैरो नायटोली कब्रिस्तान के पास है जहाँ खेती बाड़ी कर जीवन यापन किया करता है। जिसमें इन दिनों टमाटर का खेती लगा हुआ है। जिसमें नायटोली निवासी जलील खान का पुत्र कलुवा खान एवं गोलू खान द्वारा हमेशा तीन चार गाय मवेशी को बांध दिया जाता है। जिससे आये दिन खेती का नुकसान होता है। बीते दिनों 19 नवम्बर को भी राजकुमार महतो की दीदी राजमुनि देवी खेत गई तो गाय बांधा देख उस वहां से गाय को हटा दिया।

### बाइक से गिरने से युवक का टूटा पैर

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के रोशनपुर के समीप बाइक से अनियंत्रित होकर सिलाफारी निवासी 23 वर्षीय गोविंदा लोहरा गिरकर घायल हो गया। घटना में घायल का बायां पैर फैक्चर कर गया है। वहीं शरीर के कई अन्य हिस्सों में चोट पहुंची है। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों की देखरेख में युवक का इलाज चल रहा है।

### बाइक से गिरी महिला, सर पर चोट

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के कांजी के समीप बाइक में बैठी महिला अनियंत्रित होकर गिरकर घायल हो गई। जिसको सर में लगी गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि जारी रुद्रपुर निवासी 60 वर्षीय चंपा देवी अपनी बेटी के घर दीना गांव आई हुई थी। जहां वापसी के क्रम में महिला का नाती बाइक से रोड तक बस चढ़ाने के लिए जा रहा था। उसी दौरान कांजी के समीप बाइक में पीछे बैठी महिला अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसके सर में चोट पहुंची है। जिसे परिजनों ने स्थानीय उप स्वास्थ्य केंद्र डुमरी में भर्ती कराया। जहां सर में लगी गंभीर चोट के कारण डॉक्टरों ने उसे गुमला रेफर कर दिया। वहीं गुमला में चिकित्सकों की देखरेख में महिला का इलाज चल रहा है।

# विद्यालय में कराया गया बच्चों से मजदूरी का कार्य



विद्यालय परिसर में कार्य करते स्कूली बच्चे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** शिक्षा के नाम पर विद्यार्थियों का शोषण आये दिन विद्यालय प्रबंध के द्वारा किये जाने का मामला प्रकाश में आते रहा है। जहां विद्यालय में पढ़ने गये बच्चों को पढ़ाने के स्थान पर काम पर लगा दिया जाता है। ताजा मामला चैनपुर प्रखंड के मालम पंचायत के आरसी माध्यमिक विद्यालय नवाटोली की है। जहां स्कूली के विद्यार्थियों से मजदूरी का कार्य विद्यालय प्रबंधन के द्वारा कराया जा रहा है। बच्चों से मिट्टी कटाई के साथ उसे फेंकने का भी कार्य कराया जा रहा है। शिक्षकों से पूछने पर बताया की बाहर से कोई विद्यालय का निरीक्षण के लिए आने वाला है। जिसको लेकर बच्चों से काम करा कर विद्यालय में साफ सफाई किया जा रहा है। इसका निर्देश प्रधानाध्यापक ने दिया है। वही बच्चों से पूछताछ करने के बाद पता लगा की विद्यालय की सिस्टर के द्वारा यह निर्देश दिया गया है। स्कूल कंपाउंड मे जो नली बनी हुई है उसे मिट्टी से ढंका जा रहा था। स्कूल में साफ-सफाई से लेकर कई तरह के फंड सरकार के द्वारा उपलब्ध करायी जाती है लेकिन उस फंड का उपयोग दूसरे कार्यों में कर अक्सर बच्चों को मजदूर बनाकर काम कराया जाता है।

### ग्राइंडर मशीन से युवक का कटा पैर

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के खटखोर अंबाटोली निवासी 25 वर्षीय अशोक तिर्की का ग्राइंडर मशीन से बांस काटने के क्रम में पैर कट गया। मिली जानकारी के अनुसार बांस काटने के क्रम में मशीन छटककर पैर में लग गया। जिसमें पैर बुरी तरह से कट गया है। जिसे परिजनों के द्वारा सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया है।

# उपायुक्त ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने सोमवार को गुमला शहरी क्षेत्र अंतर्गत केंद्रीय पुस्तकालय, साइंस लैब, कृष्णा छात्रावास, पुराना थाना गुमला अंतर्गत बन रहे भवनों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त के अलावा संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने नये केंद्रीय पुस्तकालय भवन का जायजा लिया। उपायुक्त ने दीवारों पर पड़े सीलन को ठीक करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में उपायुक्त ने विज्ञान



गुमला के पुराने थाना का निरीक्षण करते उपायुक्त

भवन में चल रहे निर्माण व मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त ने साइंस बिल्डिंग में टिकट काउंटर बनाने, दरवाजों में ग्रिल लगवाने व सीसा की साफ-सफाई एवं पेंटिंग कराने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने विज्ञान भवन में पड़े अनुपयोग सामान को दूसरे जगह शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया। बिल्डिंग निर्माण कार्य करने वाले कॉन्ट्रैक्टर्स को 15 दिसंबर से पूर्व कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विज्ञान केंद्र के दीवारों में विज्ञान से संबंधित वॉल पेंटिंग कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने छात्रावास की झाड़ियों की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया।

# अधिक से अधिक ग्रामीणों को आयुष मेला का लाभ दिलायें प्रखंड कर्मी: बीडीओ



बैठक में शामिल बीडीओ, सीओ व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय में आगामी 26 व 27 नवंबर को लगने वाले आयुष मेला के सफल संचालन को लेकर बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने अपने कार्यलय कक्ष में पदाधिकारी, कर्मियों व स्वास्थ्य विभाग के सदस्यों के साथ बैठक की। जिसमें स्वास्थ्य संबंधित जांच, जागरूकता वह मेला के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई। बीडीओ ने संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को इस मेला में उपस्थिति करवाएं ताकि इस मेला का समुचित लाभ ग्रामीण ले सकें।

# हैंडवाश के नाम पर घाघरा में लाखों के किये जा रहे हैं वारे न्यारे

## 45 हजार की सामग्री को ढाई लाख में लगाया गया, मापी पुस्तिका प्रखंड कार्यालय में बैठकर अभियंताओं ने बनायी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के अरंगी पंचायत में हैंडवाश लगाने के नाम पर लाखों रुपए वारे न्यारे करने का मामला प्रकाश में आया है। हैंड वाश लगाने के नाम पर प्राक्कलन के विपरीत सामग्री लगा दिया गया है और प्राक्कलन से भी अधिक राशि की निकासी कर ली गई है। 45 हजार की सामग्री को ढाई लाख में लगाया है।

यह पूरा कृत्य एक जनप्रतिनिधि के इशारे पर किया जा रहा है। जिसमें प्रखंड स्तरीय कई सरकारी कर्मी मुखिया के अलावे अधिकारी की भी संलिप्तता है और तो और योजना का मापी पुस्तिका अभियंताओं के द्वारा कार्यालय में ही बैठकर बिचौलिया के इशारे पर बनाया गया। जनप्रतिनिधि का दबदबा इतना है कि योजना में संबंधित सरकारी कर्मी व अभियंता सभी उसके आगे नतमस्तक रहते है। हैंडवाश लगाने के नाम पर टीना का एक डब्बा लगा दिया गया है और ऑर्डिनरी कंपनी का समरसेबल लगाया गया है। वही पानी को संग्रह करने के लिए सिंटेक्स भी ऑर्डिनरी कंपनी का लगाया गया। सोलर प्लेट भी लगाया गया है जो बिल्कुल भी कारगर नहीं है। बावजूद अभियंताओं के द्वारा मापी पुस्तिका शत-प्रतिशत प्राक्कलन के अनुरूप बना दिया गया। हैंडवाश निर्माण कार्य हैंड वाश बनाने के तुरंत बाद से ही सामग्री टूटने लगे हैं। जिससे उसकी पूरी तरह से उपयोगिता खत्म होने लगी है। इस संबंध में पंचायत के पंचायत सचिव आशिक मीर से जब बात किया गया तो उनके द्वारा



स्कूल में लगी पानी टंकी व टीना का हैंडवाश

कहा गया भुगतान आधा किया गया है। पूरा भुगतान नहीं किया गया है पर कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार से पूछने पर पता चला कि योजना का पूरा भुगतान हो गया है और ऑनलाइन साइड में भी योजना का पूर्ण भुगतान दिख रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि पंचायत सेवक को भी योजना में कितना पैसा का भुगतान किया गया इसकी जानकारी नहीं और योजना का पूरा भुगतान हो जाना भ्रष्टाचार की सीमा को दर्शाता है।

**मुखिया को भी नहीं पता है योजना की राशि में कितना हुआ भुगतान :** अरंगी पंचायत के पलमा स्कूल में हैंडवाश निर्माण व अरंगी के जामटोली स्कूल में हैंडवाश निर्माण कराया गया है। जिसमें मुखिया लोदो एक्का से भुगतान के संबंध में पूछने पर उन्होंने कहा एक हैंडवाश योजना का भुगतान हुआ है बाकी का नहीं हुआ है। वही पंचायत सचिव से योजना में हुए भुगतान की जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा दोनों योजनाओं में पहला भुगतान किया गया है।

एक योजना में 130000 रुपया वही दूसरे योजना में 140000 रुपया जबकि ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार जो सभी योजनाओं का भुगतान करता है उसने बताया कि दोनों योजनाओं में पूर्ण भुगतान हो गया है। एक योजना में 247600 रुपया वही दूसरे योजना में 247635 रुपया का भुगतान हो गया है।

**योजना कहां लगी है इसकी जानकारी भी पंचायत सचिव को नही :** हैंड वॉश योजना अरंगी पंचायत में किस जगह लगा है इसकी जानकारी जब पंचायत सचिव आशिक मीर से पूछा गया तो उन्होंने योजना अस्थल बताने में भी असमर्थ रहे उन्हें यह भी पता नहीं कि योजना किस जगह पर लगी है और योजना बनकर पूरी भी हो गई जिसका पैसे का भुगतान भी हो गया।

**सभी योजना की जांच होगी दोषी पाए जाने पर होगा करवाई: बीडीओ :** इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सभी हैंडवास योजनाओं की जांच की जाएगी भौतिक सत्यापन में जो भी योजनाओं में गड़बड़ी दिखेगा निश्चित रूप से जो भी दोषी होंगे कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अभी हमने सभी हैंड वास योजना पर रोक लगा दिया है और भुगतान करने के लिए भी मना कर दिया है।

# अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने चलाया जांच अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

लोहरदगा ।पुलिस अधीक्षक लोहरदगा के दिशा निर्देश में सोमवार को अपराध नियंत्रण हेतु पूरे जिले में बैंक, पेट्रोल पंप, ज्वैलरी शॉप में चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें सभी प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरे , वाहनों की जॉच की गई ।जिले को विभिन्न थाना क्षेत्र में स्थित बैंक ,ज्वैलरी शॉप और पेट्रोल पंप में पुलिस द्वारा जांच के क्रम में वही लगे सीसीटीवी



जांच करते पुलिस अधिकारी

कैमरे पर ध्यान देते हुए उसके साइट आदि को लेकर संचालकों को दिशा निर्देश भी दिए गए।

## स्पीड न्यूज

### दो अलग-अलग कांडों के चार को जेल

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना कांड संख्या 146/22 के प्राथमिकी अभियुक्त 38 वर्षीय मो.असलम पिता मंजूर मियां को थाना पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया। विदित हो कि उक्त अभियुक्त पर 20 नवंबर 2022 को मामला दर्ज किया गया था। वहीं दूसरी ओर डोमचांच थाना कांड संख्या 143/22 के प्राथमिकी अभियुक्त 45 वर्षीय मो.मुबारक पिता अब्दुल करीम, 50 वर्षीय असगर अली पिता स्व.मनजीद मियां, 40 वर्षीय मो.तस्लीम पिता अब्दुल करीम सभी ग्राम बागड़ो (बनसाटांड़) थाना डोमचांच जिला कोडरमा निवासी को गिरफ्तार कर डोमचांच थाना पुलिस द्वारा पकड़कर जेल भेज दिया गया। विदित हो कि उक्त अभियुक्तों पर डोमचांच थाना में 20 जनवरी 2022 को मामला दर्ज था।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड के द्वारा मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता 2022-23 के तहत मरकच्चो प्रखंड के पंचायत नावाडीह 1 में सोमवार को फुटबॉल मैच का उद्घाटन स्थानीय मुखिया बैजंती देवी ने फुटबॉल को कीक मार कर की। उद्घाटन मैच गुरहा स्थित खेल मैदान में नावाडीह बनाम बहादुरपुर के बीच खेला गया। जिसमें नावाडीह ने बहादुरपुर को एक गोल से पराजित किया। दूसरी ओर दूसरा मैच लोहोंडियो बनाम दरदाही के बीच खेला गया। जिसमें लोहोंडियो ने दरदाही को दो गोल से पराजित किया। मैच में बसंत साव, धनेश्वर यादव, पवन यादव, शंकर यादव, बासुदेव यादव, सुरेश दास, बालेश्वर राणा, सिकेन्द्र साव, नेहरू साहा आदि सैकड़ों दर्शक मौजूद थे।

### विद्यार्थियों के बीच पोशाक का वितरण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के पंचायत नावाडीह स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोपेटांड में सोमवार को स्थानीय मुखिया बैजंती देवी एवं समाजसेवी बसंत साव ने संयुक्त रूप से विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच पोशाक वितरण किया। वर्ग 1 एवं वर्ग 2 के छात्र छात्राओं को दो जोड़ा स्कूल ड्रेस, जूता, मौजा एवं स्वेटर दिया गया। मौके पर शिक्षक राजेन्द्र गुप्ता, विद्यालय सयोजक प्रकाश राणा आदि उपस्थित थे।

### खेलो झारखंड का हुआ आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय खेल मैदान में सोमवार को प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड के तहत विभिन्न तरह के खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता का संचालन आजाद अंसारी ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में सीओ ओमप्रकाश बड़ाईक, प्रखंड प्रमुख अंजू देवी, उप प्रमुख राज नारायण सिंह शामिल हुए और दीप प्रज्वलित कर खेलो झारखंड प्रतियोगिता का उद्घाटन किए। जिसमे प्रखंड के विभिन्न उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जिसमें 100 मीटर की दौड़, मेडक दौड़, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता सहित लगभग एक दर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया गया और बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीइओ शेख शकील अहमद, प्राचार्य वरुण कुमार, राधा देवी, प्रवीण कुमार, श्यामसुंदर यादव आदि ग्रामीण व शिक्षक मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के चयनित छह लाभार्थियों ने किया गृह प्रवेश

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के उत्तरी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के चयनित छः लाभार्थियों को सोमवार को आवास की चाबी मुखिया रंजीत कुमार सिंह के द्वारा सौंपी गई तथा लाभार्थियों को गृह प्रवेश कराया गया। वहीं उत्तरी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार सिंह ने सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। वहीं उत्तरी पंचायत के करबला नगर निवासी ग्यासुउद्दीन मिंया, पुनर्वास निवासी द्रोपती देवी, पुनर्वास निवासी बेबी देवी, कन्हैया नगर निवासी आशीष कुमार, धुबाडीह निवासी देवकी देवी, धुबाडीह निवासी कैलाश कुमार दास को चाभी सौंपा गया।

# टीएसपीसी के दो उग्रवादी गिरफ्तार, लोडेड बंदूक और पांच जिंदा गोली भी बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** जिले के पिपरवार थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टीपीसी के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में विक्की गंझु और सुनील गंझु शामिल है। इनके पास से एक लोडेड सिंगल शॉट, पांच जिंदा गोली और दो मोबाइल फोन बरामद किया है।टंडवा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शंभू सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की दो व्यक्ति हथियार के साथ संदिग्ध अवस्था में पिपरवार क्षेत्र के बेती गांव के सैनिक कंपनी के आस-पास किसी बड़े घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इसी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गठित टीम द्वारा छापेमारी कर टीएसपीसी संगठन के दो सक्रिय सदस्यों की गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पिपरवार थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी की ओर से लगातार कोल कम्पनियों, कोल व्यवसायियों, ठेकेदारों से रंगदारी और लेवी की मांग की जा रही थी। इन सभी बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए उग्रवादी संगठन के विरूद्ध छापामारी की जा रही है। इस दौरान पिछले तीन माह में भिन्न भिन्न कांडों में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के कुल सात सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।

## शटर काट कर नकद समेत जेवरात की चोरी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत टैक्सी स्टैंड के समीप जेक़े. मार्केट स्थित चंद्रिका जेवर दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर काटकर नगदी समेत लाखों रुपये की जेवरात चोरी कर लिए। चोरों ने मार्केट का पिछला ग्रील गेट को काटकर मार्केट में प्रवेश किया और जेवर दुकान का शटर तोड़कर दुकान के अंदर प्रवेश किया और दुकान के अंदर रखे लोहे की अलमीरा को काटकर उसमें रखे जेवर को चुरा लिया। चोरी की घटना सुनते ही लोगों के होश उड़ गये। वहीं चंद्रिका जेवर दुकान के मालिक सूरज कुमार राणा ने बताया कि प्रतिदिन की भांति रविवार को रात आठ बजे दुकान बंद कर घर चला गया, जब सोमवार सुबह छह बजे मार्केट का रात्रि प्रहरी मेरे घर आया और बोला कि मेन गेट का शटर का ताला टुटा हुआ है और आपका दुकान का शटर भी टूटा है, तो आनन-फानन में दुकान पहुंचा। तो देखा कि दुकान में रखे सभी जेवर गायब हैं। वहीं मेन लॉकर भी टूटा था और उसमें रखे सभी जेवर गायब थे, जिसकी कीमत पचास लाख रुपया के आस पास है। उसके बाद तत्काल इसकी सूचना डोमचांच पुलिस को दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ अशोक कुमार, इंस्पेक्टर श्रीराम पासवान, थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान, एसआई संजय शर्मा, विनय कुमार सहित पुलिस दल पहुंचकर मामले की जानकारी लिये। वहीं सोना चांदी दुकान पर हुई चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरा को खंगालने में जुटी है।

### डीलर महासम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री सत्यानंद भोगता

## डीलर एशोसिएशन संघ की मांगों को जल्द किया जायेगा पूरा : सत्यानंद भोगता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता सोमवार को चतरा नगरपरिषद क्षेत्र के नइकी तालाब स्थित उमा पैलेस में फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एशोसिएशन की ओर से आयोजित जिला डीलर्स महासम्मेलन में शामिल हुए। इस मौके पर जिलापरिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव सहित अन्य मौजूद थे। यहां एशोसिएशन के सैकड़ों लोगों ने मोटरसाइकिल रैली निकाल कर सत्यानंद भोगता सहित अन्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत संघ के लोगों के द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात मंत्री श्री भोगता व जिप उपाध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से संघ ने मंत्री के समक्ष अपनी मांगों को रखा। मंत्री श्री भोगता ने सम्बोधित करते हुए कहा कि डीलर एशोसिएशन के लोगों की मांग जायज है। सरकार इसपर सहानुभूति पूर्वक विचार करेगी। कोरोना जैसे महामारी में भी इनका योगदान सराहनीय रहा है। कुछ विसंगतियां हैं जिसे दूर किया जा रहा है। हेमंत सरकार सभी गरीबों पिछड़ों दलितों जरूरतमंदों के उत्थान के लिए कृत संकल्पित है। सरकार हरेक क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। डीलर एशोसिएशन की मांगों से यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराएंगे और समाधान का सकारात्मक प्रयास करेंगे। उक्त कार्यक्रम में जिलापरिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, नगरपरिषद अध्यक्ष गुंजा देवी, मंत्री प्रतिनिधि हारून रशीद, संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय खूंडू, संघ के जिलाध्यक्ष अब्दुल्ला अंसारी, डीलर पंकज दुबे, पंकज यादव, मोनू रजक समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## अभद्र टिप्पणी करने पर भोगता समाज ने की कड़ी निंदा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को चुंदरु धाम परिसर में खरवार भोगता समाज विकास संघ के प्रखण्ड ईकाई के अध्यक्षता मे एक बैठक किया गया। जिसमें बीते शुक्रवार शाम शिपुर के हरगड़ा साइडिंग में कार्य कर रहे कबरा पंचायत मुखिया नीलेश ज्ञासेन व अन्य ने आपसी लड़ाई के दौरान खरवार भोगता समाज को गाली - गलोज करके उसकाने का आरोप लगाया गया। जिसमें यह घटना काफी निंदनीय बताई है। उक्त मामले को लेकर स्थानीय प्रशासन से घटना की जाँच करते हुए आरोपियों पर कडी कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया गया।

## जीवन को बचाना है तो मिट्टी का स्वास्थ्य सुधारना जरूरी: डॉ. नंदकिशोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सदगुरु द्वारा शुरू की गई मिट्टी बचाओ अभियान के तहत चतरा कॉलेज चतरा के बीएड सभागार में सोमवार को मिट्टी का हमारे जीवन में महत्व विषय पर एक चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें बीएड विभाग ने सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं और सत्र 2021 - 2023 के प्रशिक्षु शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। इसमें बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर सिंह के द्वारा बताया गया कि वर्तमान में धरती की 52 प्रतिशत भूमि बंजर हो चुकी है। उपजाऊ मिट्टी में कम से कम 3 से 6 प्रतिशत जैविक पदार्थ होना चाहिए परंतु भारत के 62 प्रतिशत भूमि में यह 0.5 प्रतिशत से भी कम है। यूएन की विभिन्न एजेंसियों के अनुसार वर्ष 2045 तक विश्व की जनसंख्या 9 अरब को पार कर जाएगी और भोजन में 40 प्रतिशत तक की कमी आ जाएगी। अगर ऐसा ही चलता रहा तो वर्ष 2060 तक पूरी धरती बंजर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मिट्टी है तो अनाज है अनाज है तो जीवन है और यदि जीवन को बचाना है तो मिट्टी का स्वास्थ सुधारना आवश्यक है। कृपया जहरीले रसायनों से मिट्टी को बचाना आवश्यक है। वरिष्ठ शिक्षक प्रो. प्रेम बसन्त बाखला के द्वारा जानकारी दी गई कि यदि सरकार ने समय रहते ध्यान नहीं दिया तो आने वाला समय हमारे वंशजों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण होगा। बंजर भूमि पर खेती नही होगी। इसके चलते सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व मे खाद्य समस्या उत्पन्न हो जाएगी। प्रो संजय ने कहा अब समय आ गया है कि हम सभी बुद्धिजीवी आगे आए और मिट्टी को बचाने हेतु जमीनी स्तर पर कार्य करे। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मिट्टी के प्रति जागरूक किया गया जिससे वे मिट्टी के प्रति जागरूक होकर इसे बचाने हेतु सरकार से नीतिगत बदलाव की माँग करें।

## एसपी ने बैठक कर पुलिस पदाधिकारियों को दिये निर्देश




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** सोशल क्राइम पर नकेल व नशा मुक्ति अभियान में तेजी लाने को ले सोमवार को एसपी राकेश रंजन सदर थाना में एसडीपीओ अविनाश कुमार व अन्य पुलिस पदाधिकारियों व जवानों के साथ मैराथन बैठक की। एसपी राकेश रंजन ने शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर सीसीटीवी अधिष्ठापन, ट्रैफिक व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने, ड्रोन से शहर व आसपास के ईलाकों की नियमित निगरानी, बाइकर्स गैंग व काला शीशा लगाकर संचालित गाड़ियों के विरुद्ध सख्ती समेत जनहित को प्रभावित करने वाले अपराधों पर लगाम लगाने को ले अधिकारियों को कठोर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चोरी, लूट, छेड़खानी व असमाजिक तत्वों के जमावड़े समेत अन्य अपराध की सूचना पर त्वरित सख्त कार्रवाई होगी। अपराध पर नकेल में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे।

इंसाफ की उम्मीद लेकर थाना पहुंचने वाले फरियादियों से शालीनता से पेश आकर बेहतर पुलिसिंग का संदेश देने का अधिकारियों व जवानों को निर्देश दिए। वहीं शहर में टाईगर मोबाइल व अन्य पेट्रोलिंग और भी तेज होगी। अफीम व ब्राउन शुगर समेत अन्य नशा से जुड़े अपराधों के विरुद्ध स्पेशल ड्राइव चलाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा स्टेडजी के तहत अपराधमुक्त स्वक्ष समाज का निर्माण किया जाएगा। शिक्षण संस्थानों के आसपास भटकने वाले मजनुओं के विरुद्ध विशेष पेट्रोलिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया।

### शिक्षा सचिव ने किया तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण

## प्रधानाध्यापक को बर्खास्त करने व बीइइओ पर कार्रवाई करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सूरज एवं उसकी मां से बातचीत करते शिक्षा सचिव

**भवनाथपुर।** झारखण्ड सरकार के शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने सोमवार को प्रखण्ड के तीन विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बेलपहाड़ी के प्राानायापक बबन सिंह को बर्खास्त करने एवं बीईईओ विजय कुमार पांडेय पर कार्रवाई करने का डीओ को निर्देश दिया।

शिक्षा सचिव सबसे पहले उत्क्रमित मध्य विद्यालय झुरही पहुंचे। जहां प्रधानाध्यापक और शिक्षक तो आ गए थे, लेकिन बच्चे को 10 बजे आने पर प्रधानाध्यापक राम इकबाल पाल एवं बीईईओ को जमकर फटकार लगाया। उन्होंने प्रधानाध्यापक को कार्यप्रणाली में सुधार लाने और बच्चों को जागरूक करने का निर्देश दिया। बीईईओ को हर महीने विद्यालय का निरीक्षण करने का आदेश दिया। शिक्षा सचिव ने लाइब्रेरी एवं रसोई घर का भी जांच किया। इसके बाद बनसानी पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय झगराखाड़ में विद्यालय के बच्चों का उपस्थिति और शिक्षकों की उपस्थिति का जांच किया। वर्ग एक के विद्यार्थी सूरज के अनुपस्थित होने पर शिक्षक को उसके घर भेज बच्चे एवं उसकी मां को विद्यालय बुलाकर अनुपस्थिति की जानकारी ली। साथ ही मां को समझाते हुए बच्चे को विद्यालय प्रतिदिन भेजने का आग्रह किया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक मृत्युंजय प्रसाद यादव ने शिक्षा सचिव से जर्जर भवन की शिकायत की। वहीं सुभाष पाठक से लेसन प्लान की मांग की। नही होने पर जम कर फटकार लगाई। इस दौरान पंडरिया पंचायत के कुछ ग्रामीणों ने विद्यालय में पहुंच कर सचिव से बेलपहाड़ी विद्यालय के प्रधानाध्यापक के शराब पीकर विद्यालय पहुंचने की शिकायत किया। जिस पर शिक्षा सचिव ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलपहाड़ी पहुंच कर जांच किया। जहां प्रभारी प्रधानाध्यापक बबन सिंह उपस्थिति बनाकर शिक्षक इकलाख अंसारी को प्रभार देकर दवा कराने के नाम पर गायब थे। शिक्षा सचिव ने प्रभारी प्रधानाध्यापक से फोन पर बात किया। विद्यालय के शिक्षक प्रदीप पाल, इकलाख अंसारी, नसीम अंसारी, याकूब अंसारी, धीरेंद्र पाल, सुनील कुमार, संजय कुमार से शराब पीने जानकारी लिया तो सभी शिक्षकों ने स्वीकार किया। शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने कहा कि विद्यालय में कुछ कमियां है उनको दुरुस्त किया जा रहा है। एक महीना में फिर हम आकर गढ़वा जिला स्कूल का जांच करेंगे।

## एक नजर में

### जयनगर पूर्वी सभागार में अस्थाई समिति का गठन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत भवन जयनगर पूर्वी में सोमवार को अस्थाई समिति का गठन किया गया। जिसमें कुल 7 समिति का गठन किया गया। प्रत्येक एक समिति में अध्यक्ष, सचिव तथा दो सदस्य के रूप में चुनाव किया गया। वहीं समन्वय समिति में सर्व समिति से अध्यक्ष पद के लिए स्थानीय मुखिया कौशर खान को चुना गया तथा संचार एवं अधोसंरचना समिति का गठन सर्व समिति से अध्यक्ष पद के लिए सुनील साहू को चुना गया तथा कृषि सहकारिता उद्योग व सार्वजनिक संपदा के लिए स्थाई समिति का अध्यक्ष पद के लिए अजय कुमार को सर्व समिति से चुना गया तथा ग्राम रक्षा समिति के अध्यक्ष पद के लिए तस्लीम खान को चुना गया।

### गरीब लाभुकों के बीच कंबल का वितरण

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कटिया पंचायत मुखिया रेखा देवी ने बढ़ती ठंड को देखते हुए सभी पंचायतों में गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लोगों को उपलब्ध करा रहे सुविधाओं को घर-घर पहुंचाना हमारा दायित्व है। वहीं मुखिया प्रतिनिधि हिंद किशोर राम ने कहा कि सभी गरीबों को आवश्यकता के अनुसार कंबल दिया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि जो लोग निहायती गरीब, असहाय, वृद्ध हैं वैसे वैसे लोगों को कंबल देना यह हमारे लिए गौरव की बात है कि सरकार गरीबों के हक के लिए हर एक समय सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। मौके पर कुमार प्रिंस, सहदेव यादव, शिवबालक सिंह, सुरेश दास, पिंकू कसेरा एवं ग्रामीण महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

### जल जांच किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड क्षेत्र के सभी जलसहिया का एक दिवसीय जल प्रशिक्षण एवं जल जांच किट का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जल विशेषक रामपुकार प्रसाद के द्वारा जल में गुणवत्ता की विशेष जानकारी दी गई तथा सभी जलसहिया को अपने क्षेत्र में जल जांच करने से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। वहीं बीडीओ बैजनाथ उरांव भी जल से संबंधित विशेष जानकारी दिए। मौके पर जयराम कुमार, सोनी देवी, तारा देवी, सरिता देवी, रेखा देवी, ममता देवी, संगीता देवी समेत प्रखंड क्षेत्र के 80 जलसहिया ने भाग लिया।

### मां तारा क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

**कोडरमा।** प्रखंड के अनन्तडीह कमयडीह में पत्थलडीहा बॉयज क्लब के द्वारा आयोजित मां तारा क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल सोमवार को डूमरडीहा बनाम कोडरमा टीम के बीच खेला गया, जिसमें डूमरडीहा की टीम ने कोडरमा को 7 विकेट से हराकर टूर्नामेंट का चौंपियन बना। टूर्नामेंट के फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित पूर्व जीप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। इसके अलावे मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार श्याम कुमार को दिया गया।

### दो मरीजों का हुआ हाइड्रोसिल का ऑपरेशन

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन के अथक प्रयास से इन दिनों सदर अस्पताल में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा विभिन्न रोगों से सम्बंधित इलाज के अलावे ऑपरेशन का कार्य सुगम तरीके से किया जा रहा है, जिससे आमजनों के बीच सदर के प्रति नजरिया बदलने लगा है। ओपीडी में मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि देखने को मिल रहा है। सोमवार को डोमचांच प्रखंड के ढोढाकोला निवासी मनोज कुमार चौधरी और डोमचांच बाजार के प्रकाश दास का हाइड्रोसील का ऑपरेशन किया गया।

### जंगली हाथियों की आहट से ग्रामीणों में दहशत

**चतरा।** जिले के इटखोरी प्रखंड क्षेत्र में रविवार की रात जंगली हाथियों का झूंड पहुंच गया। जहां फसल और मकान को नुकसान पहुंचाया है। आसपास के लोगों को जैसे ही हाथियों के होने की सूचना मिली लोग दहशत में आ गए।हाथियों का झुंड जब चौपारण जंगल की ओर प्रवेश कर गया तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। यह झुंड गिद्धौर जंगल के रास्ते इटखोरी प्रखंड में प्रवेश किया था। जानकारी के अनुसार भद्रकाली मंदिर के पश्चिम दिशा में मुहाने नदी स्थित पुल पर करीब सात बजे ग्रामीणों ने एक दर्जन जंगली हाथियों का झुंड देखा।

### प्रमंडलीय आयुक्त ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**चतरा।** फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर सोमवार को प्रमण्डलीय आयुक्त, हजारीबाग-सह-मतदाता सूची पर्यवेक्षक चन्द्रकिशोर उरांव ने निर्वाचन कार्य की समीक्षा के लिए चतरा जिले का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त चतरा अबु इमरान ने चतरा परिसदन में उनसे शिष्टाचार मुलाकत कर पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए स्वागत किया। जिसके पश्चात प्रमण्डलीय आयुक्त, हजारीबाग-सह-मतदाता सूची पर्यवेक्षक के द्वारा प्रखण्ड चतरा में विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

### कैंडल मार्च निकालकर की श्रद्धा को न्याय की मांग

**चतरा।** जिले के गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में सामाजिक संगठनों द्वारा रविवार की देर शाम कैंडल मार्च एवं शोक सभा का आयोजन किया गया। इस क्रम में श्रद्धा के हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने के साथ-साथ कड़ी सजा देने की मांग लोगों ने किया। जबकि एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कैंडल मार्च मुख्य चौक से प्रारंभ हुआ जो मुख्य मार्ग होते हुए झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के समीप नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गई। इस क्रम में श्रद्धा के हत्यारों को फांसी दो फांसी दो के नारे भी लगा रहे थे। वही आफताब के खिलाफ दिल्ली पुलिस से कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने की मांग किया।

### मोटरसाइकिल की चपेट में आने से छात्रा की मौत

**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के सदाबाह नदी समीप सोमवार को सड़क दुर्घटना में एक बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लरंगा निवासी प्रेम उरांव की लगभग 7 वर्षीय पुत्री तन्नू कुमारी ने मंडेर के मिशन स्कूल से पढ़ कर लौट रही थी। इसी दौरान सदाबाह नदी समीप अज्ञात बाईक के चपेट में आ गई। जिससे घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि ब्लू रंग के अपाची में सवार दो लोग टंडवा के तरफ से जा रहे थें, इस दौरान मिशन स्कूल के वर्ग दो में पढ़ रही तन्नू कुमारी ने अपनी सहेलियों के साथ करीब साढ़े तीन बजे घर वापसी के लिए आ रही थी, इसी दौरान अपाची बाइक ने स्टंड की चाल पर रहे अनियंत्रित होकर बच्ची को अपने चपेट में ले लिया। जहां बच्ची की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ततपश्चात आक्रोशित ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगाते हुवे बाईक सवार को धर-पकड़ की मांग को लेकर सड़क जाम कर आवागमन को बाधित कर दिया।

### विधायक ने किया डीप बोरिंग का उद्घाटन

**कोडरमा।** विधायक नीधी से कोडरमा बंगाली एसोसिएशन को उपलब्ध कराए गए डीप बोरिंग का उद्घाटन रविवार की शाम विधायक डॉ.नीरा यादव ने बटन दबाकर किया। आयोजित समारोह के मौके पर बंग भाषियों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि बांग्ला भाषा काफी मीठी भाषा है। ऐसी मीठी भाषा की लोगों से मिलकर काफी अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि बंगाली समाज के लोग एक बार जिससे दिल से जुड़ता है, वह हमेशा के लिए जुड़ा रहता है, आज मैं भी उनसे दिल से जुड़ गयी हूं। उन्होंने समाज को भरपूर सहयोग देने साथ ही साथ हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वहीं समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉ. ओमियो विश्वास ने भी विधायक के प्रति समर्पित भाव दिखाते हुए हमेशा साथ खड़ा रहने की बात कही। वहीं समारोह के पूर्व विधायक डॉ. नीरा यादव ने रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर प्रदीप साहा, आलोक सरकार, डॉ.अधीर विश्वास, रविंद्र चंद्र दास, सुनील देवनाथ, सुधन्य घोष, विमल चटर्जी, उत्तम दास पाल, डॉ.अशोक विश्वास, अनूप सरकार, पिंटू मजूमदार, राकेश सेन गुप्ता, वाणी चटर्जी सहित काफी संख्या में एसोसिएशन के लोग मौजूद थे।

# खेलो झारखंड के तहत प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय व स्टेडियम मे स्कूली शिक्षा एंव साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान मे खेलो झारखंड 2022-23 के तहत प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेल खुद प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीपीओ वीरेंद्र भगत, प्रधानाध्यापिका अनिता कुमारी व शिक्षक संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर व फीता काटकर किया। प्रतियोगिता उद्घाटन के मौके पर प्रमुख उर्मिला ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से कही की आप सभी को विद्यालयवार चयनित कर प्रखंड स्तरीय खेल मे शामिल किया गया है। प्रखंड स्तरीय खेल को खेल की भावना से खेलकर अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपना स्थान सुनिश्चित करें। अच्छे खेल का प्रदर्शन कर प्रतिभा निखारते हुए अपना कैरियर बनाकर प्रखंड जिले के नाम देश स्तर पर रौशन करे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिला से राज्य तक खेलने का अवसर प्राप्त होगा। आप सभी अनुशासन मे रहकर सभी खेल को खेलें। खेलो झारखंड के तहत फुटबॉल, बॉलीबॉल, एथलेटिक्स, जैवलीन थ्रो, कुश्ती, हॉकी खेल प्रतियोगिता स्टेडियम में खेला गया। जबकि आदर्श मध्य विद्यालय मे कबड्डी, लॉन्ग जम्प, हाई जम्प, एक सौ से 06 सौ मीटर तक की लंबी दौड़ खेल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 06 से आठ व नवम से बारहवीं कक्षा तक के छात्र-छत्राओ को खेल मे शामिल किया गया। प्रतियोगिता का संचालन के लिए भीम प्रजापति, लालचंद पासवान, निरंजन सिंह, एमरेंसिया कुजूर, रमेश प्रसाद मांझी, उत्तम पांडेय, अनिल कुमार सुमन सहित अन्य शिक्षक मुख्य भूमिका निभाये। इधर खेल स्टेडियम मे फुटबॉल मैच बारा बनाम मध्य विद्यालय बारियातू के बीच खेला गया जिसमे पेनाल्टी शूट ऑउट मे 1 गोल से बारा के टीम ने जीत हासिल किया। दूसरा टीम नचना बनाम डाढा के बीच फुटबॉल खेला गया जिसमे डाढा की टीम को 4 गोल से नचना की टीम ने पराजित कर दिया। बालिका टीम के खिलाड़ियों को भी फुटबॉल मैच कराया गया। समाचार लिखे जाने तक झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय बारियातू बनाम बारा के बीच खेल जारी था। खेल स्टेडियम मे संजीव कुमार, ईश्वरी कुमार, नागेंद्र कुमार, प्रदीप खलखो, दयानन्द उरांव, खीरीश स्टोफर खलखो, अरुण सिंह, प्रेम जीवनधर लकड़ा सहित अन्य शिक्षाकर्मी मुख्य रूप से शामिल थे।



मैच उद्घाटन करते प्रमुख।

## बालूमाथ हाई स्कूल के मैदान में खेलो झारखंड प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बालूमाथ।** बालूमाथ हाई स्कूल के मैदान में खेलो झारखंड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उटन मुख्य अतिथि बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम ने दिप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बोलते हुए उप-प्रमुख ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा खेलो झारखंड खेलो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह एक अच्छी पहल है। वही जानकारी देते हुए हाई स्कूल की प्रधानाध्यापिका रूबी बानो ने बताया की झारखंड शिक्षा विभाग निर्देश पर सभी सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए खेलो झारखंड खेलो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 100 मीटर से लेकर 800 मीटर तक की दौड़, रिले दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेक कबड्डी और फुटबॉल जैसे खेल शामिल है। वही बालूमाथ प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से आये बच्चों ने आयोजित खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। मौके पर प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

## चंदवा में खेलो झारखंड प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा स्थित हाई स्कूल खेल स्टेडियम में समग्र शिक्षा अभियान के तहत सोमवार को दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2022 का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन बीडीओ विजय कुमार, बिस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझु, प्रखंड उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के उपरांत प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से आये बालक व बालिकाओं के लिए प्रतिस्पर्धा आयोजित की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये अतिथियों ने कहा कि विद्यालय स्तर पर हीं बच्चे-बच्चियों को प्रतिभा को परख कर निखारने में यह प्रतियोगिता काफी अहम साबित होगी। इस दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों से लगन व मेहनत के साथ पढ़ाई और अपने अंदर की प्रतिभा को निखारने की बात कही। मौके पर शिक्षक केदारनाथ महतो, विजय कुमार, उदय चरण भारती, अनुप बड़ाईक, विजय कुमार, राजेन्द्र प्रजापति समेत कई शिक्षक व अन्य लोग मौजूद थे।



प्रतियोगिता का उद्घाटन करते अतिथि।

## एकमहुआ से अमझरिया तक सड़कनिर्माण कार्य स्थल पर जेजेएमपी ने दिखायी धमक



घटना की जानकारी लेती पुलिस।

➲ काम करा रहे मुंशी व कर्मियों से छिना मोबाईल बिना बात किये काम नहीं करने की दी धमकी

**चंदवा।** चंदवा से अझमरिया रोड तक हो रहे पथ निर्माण कार्य में लगे संबेदक के मंझीलाडीह स्थित साइट पर रविवार की देर शाम प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी ने धमक दिखायी है। रविवार की शाम अचानक से आ धमके जेजेएमपी के उग्रवादियों ने मजदूरों के मोबाइल को लूटकर काम बंद करने की धमकी देकर चले गए। मिली धमकी के बाद से निर्माण स्थल पर कार्य ठप है। सोमवार को चंदवा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात की। चंदवा पुलिस ने बताया कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है जल्द ही आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होगा। भयमुक्त वातावरण बनाना हमारा काम है। ऐसे असामाजिक तत्वों से कढ़ाई के साथ निपटा जाएगा। धमकी के संबंध में समाचार लिखे जाने तक संवेदक की ओर से किसी प्रकार की लिखित प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

# श्रमिक सहयोग समिति तेतरियाखांड़ ने 11 सूत्री मांगों को लेकर परियोजना पदाधिकारी को सौंपा मांग पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** श्रमिक सहयोग समिति लिमिटेड तेतरियाखांड़ के सचिव देवनारायण कुमार यादव ने सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड़ कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी को आवेदन देकर विस्थापित-रैयतों की समस्याओं से अवगत कराया है। साथ ही विभिन्न समस्याओं को लेकर 11 सूत्री मांग भी किया है। दिए आवेदन में कहा है कि नगड़ा, बसिया, पिंडारकोम ग्राम के लोगों ने वर्ष 1991-92 में सीसीएल को अपना जमीन दिया था। जहां पर वर्तमान में खनन कार्य जारी है। उसमे से ग्राम नगड़ा के 14, बसिया ग्राम के 52 विस्थापितो को नौकरी मिला है। वहीं कुछ लोगों को नौकरी मुआवजा मिलना बाकी है। लेकिन पिंडारकोम ग्राम के किसी भी रैयत नौकरी-मुआवजा नहीं मिला है। इसकी सूचना कई बार सीसीएल को लिखित रूप से दी गई है। लेकिन सीसीएल के ढुल-मुल रवैया के कारण पिंडारकोम गांव के विस्थापित ग्रामीण काफी नाराज हैं। इसके अलावा श्रमिक सहयोग समिति ने सीसीएल से 11 सूत्री मांग किया है। जिसमे विस्थापित परिवारों को प्रत्येक घर में जलावन हेतु कोयला दिया जाए। विस्थापित पहचान पत्र निर्गत कराया जाए। सीसीएल में एक करोड़ तक का डीएमएफटी कार्य श्रमिक सहयोग समिति द्वारा कराया जाए। विस्थापित परिवारों को सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा की सुविधा अभिलंब दी जाए। प्रदूषण नियंत्रण के लिए सड़को में 24 घंटे नियमित पानी का छिड़काव किया जाए। सीसीएल के बेकार बड़े जमीन पेड़-पौधों का रोपण किया जाए। विस्थापित परिवारों का ट्रक कोलावरी में प्रवेश, लोडिंग में प्राथमिकता दिया जाए। कोलिवरी में पूर्व में मिलते आ रहे लेबर लोडिंग को पुनः लागू किया जाए,सीसीएल द्वारा जो ऑक्शन में कोयला निकलता है उसका 25% कोयला बेसिक रेट से श्रमिक सहयोग समिति लिमिटेड को दिया जाए। विस्थापित परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा हेतु अविलंब स्कूल बस का प्रबंध कराया जाए। साथ ही कहा अगर उनकी मांगों पर सीसीएल विचार नहीं करती है तो सीसीएल द्वारा अधिकृत की गई भूमि सीसीएल को कार्य के लिए नहीं दिया जाएगा। वहीं इसकी प्रतिलिपि खान प्रबंधक तेतरियाखांड, महाप्रबंधक राजहरा क्षेत्र, अंचलाधिकारी बालूमाथ, उपायुक्त लातेहार, पुलिस अधीक्षक लातेहार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार, थाना प्रभारी बालूमाथ को ही दी गई है।

## एक नजर में

### लातेहार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**लातेहार।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में युवा मतदाताओं को नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने के लिए एसडीओ शेखर कुमार एवं बीडीओ मेघनाथ उरांव के नेतृत्व में कस्तुरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय, लातेहार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को मतदान तथा मतदाता के अधिकार, भारत निर्वाचन आयोग तथा निर्वाचन हेतु नये मतदाताओं के पंजीयन संबंधी जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में आधार लिंक कराने संबंधी जानकारी दी गई। युवा मतदाताओं को मतदान की आवश्यकता उनकी भूमिका एवं पंजीयन के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान जानकारी देते हुए कहा गया की वर्तमान में जिनकी उम्र-17 वर्ष है तथा आगामी वर्ष 2023 को जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण होगी ऐसे नवीन मतदाताओं का नाम पात्रता अनुसार अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने की अपील की गई। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुर्नरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत मतदाता जागरूकता के लिए जिलेभर में अभियान संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत नए प्रपत्र-6, 7 एवं 8 में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित करने या मतदाता सूची में दर्ज जानकारी को संशोधित करने की जानकारी दी गई।

### सड़क पर बह रहा है नाली का पानी, चलना हुआ दुश्वार



निरीक्षण करते बीडीओ और मुखिया कालो देवी।

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के समीप शैलेंद्र सिंह उर्फ सिंपी के घर के बाहर नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने से आसपास के घरों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर स्कूली बच्चों को भी दूषित और बदबूदार पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों की माने तो एक माह से नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इससे उठने वाली दुर्गंध से लोग परेशान हो रहे हैं। गंदा पानी सड़क पर बहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। संक्रामक बीमारी फैलने का भय बना हुआ है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चे व बुजुर्गो का चलना दुश्वार हो गया है। लोगों की शिकायत पर सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और मुखिया कालो देवी ने स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाली जाम देख कर नाराजगी जताई। जहां बीडीओ ने कहा कि नालियों की सफाई समय-समय पर कराने से यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। स्थानीय लोगों को इसका ख्याल रखना चाहिए। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि नाली अगर जर्जर होगी तो 15 वें वित्त की राशि से इसकी मरम्मत कराई जाएगी। मौके पर वार्ड सदस्य अशोक प्रसाद एवं शैलेंद्र सिंह उर्फ सिंपी सहित कई लोग मौजूद थे।

### दो दिवसीय यादव महासभा की बैठक संपन्न



**लातेहार।** जिला मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय यादव महासभा की बैठक रविवार को संपन्न हो गया। समापन के मौके पर संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर दास ने कहा कि अहीर रेजिमेंट स्थापना की मांग को ले कर कलश यात्रा निकाली जा रही है। उन्होने बताया कि अहीर रजिमेंट की स्थापना से देश व समाज और अधिक सुरक्षित होगा। उन्होने कहा कि यादवों ने देश के लिए अपनी कुर्बानियां दी है और अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की है। उन्होने कहा कि यादव महासभा अहीर रेजिमेंट के निर्माण एवं जातिगत जनगणना के पक्षधर है। जातिगत जनगणना से कमजोर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले सकेगा। लातेहार जिला अध्यक्ष वृंद बिहारी यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष रमेश यादव, नीलम देवी, सुनील यादव, राजधानी यादव, संजय यादव, बलवंत यादव, वंश यादव, नरेंद्र कुमार यादव, सत्येंद्र यादव, अनुराग मंडल, लक्ष्मण यादव, कामेश्वर यादव, दरोगी यादव, रंजीत यादव, हरिशंकर यादव, संतोष यादव, मोती लाल यादव, प्रदीप यादव, मोहर सिंह यादव, सत्यनारायण यादव, बीरेंद्र यादव, बालेश्वर यादव, दामोदर यादव, परमानंद यादव, सुरेश यादव, हीरा यादव व अंजू यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने की उपायुक्त से सड़क बनवाने की मांग



जर्जर सड़क

**लातेहार।** मनिका प्रखंड के मटलौंग पंचायत में बड़का आहर शिव साव के घर से होते हुए हरैया फटरिया टोला से गुजरते हुए कोरिद गांव तक सड़क जाती है जो काफी जर्जर है इसी मामले को लेकर ग्रामीण रमेश उरांव, कमलेश उरांव, दिनेदश उरांव, बलदेव उरांव ने उपायुक्त के नाम आवेदन देकर सड़क को दुरूस्त करवाने की मांग की है। वहीं रमेश उरांव ने बताया कि इस सड़क के बीच में दो नदी भी है जो बरसात के दिन में राहगिरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अभी तक कई बार जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी को आवेदन दिया गया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुआ है। यह सड़क दो किलोमीटर है यदि एक किलोमीटर भी सड़क बन जाये तो राहगिरों को आने जाने में काफी सहुलियत मिलेगी। वहीं ग्रामीणों ने उपायुक्त से सड़क दुरूस्त करवाने की मांग की है।

## मनिका प्रखंड में खेल प्रतियोगिता का आयोजन



प्रतियोगिता का उद्घाटन करते अतिथि।

**मनिका।** मनिका प्रखंड अंतर्गत स्थित हाई स्कूल के खेल मैदान में दिन सोमवार को खेलो झारखंड प्रतियोगिता के तहत प्रखंड संसाधन केंद्र के द्वारा दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बीईओ अमरेंद्र कुमार पाठक व शिक्षकों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के 54 मध्य विद्यालय के 6 से 8 क्लास के छात्र एवं छात्राएं ने भाग लिया। जिसमें कराटे, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल लोंग जंप, हाई जंप, दौड़, समेत इत्यादि खेल आयोजित की गई। कराटे प्रतियोगिता में भारती कुमारी ने पहला स्थान प्राप्त किया। खेलो झारखंड प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय से लगभग 300 से ज्यादा छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका दिया जाएगा। मौके पर शिक्षक संदीप पासवान, कराटे प्रशिक्षक अक्षय कुमार सिंह समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## प्रतिभाओं को निखार रही है सरकार : राकेश सहाय



**बरवाडीह।** खेलो झारखंड के तहत बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत रेलवे स्पोर्ट्स क्लब के मैदान में स्कूली बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल कूद प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने अपनी-अपनी प्रतिभा को दिखाया। खेल में दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, कराटे, चक्का फेंक आदि खेलो का आयोजन प्रखंड स्तर पर किया गया। वहीं प्रतियोगिता के दूसरे दिन हॉकी कबड्डी और फुटबॉल खेल का भी आयोजन किया जाएगा। इधर उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि खेलो झारखंड के तहत राज्य सरकार लगातार खेल को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है। इसलिए खिलाड़ियों को पूरी ईमानदारी के साथ मेहनत करते हुए आगे बढ़ना चाहिए और अपने स्कूल के साथ-साथ प्रखंड, जिला और राज्य का नाम रौशन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रखंड स्तर पर आयोजित खेल कूद में हिसा लेंगे और प्रखंड स्तर में जो बेहरत करेगा वह जिला स्तर में भाग लेगा। वहीं कार्यक्रम में बीईईओ नागेंद्र कुमार सिंह, प्रमुख सुशीला देवी, मुखिया कालो देवी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, सुनील सिंह, समाजसेवी ओमप्रकाश मेहता, दिलीप यादव, अशोक प्रसाद, मनोहर यादव, संजय सिन्हा, बीपीओ कामेश्वर राम, राजू छाबड़ा एवं रूबी कुमारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# लातेहार चैबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष बने सुशील अग्रवाल और रामनाथ अग्रवाल बने सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता



चेंबर ऑफ कॉमर्स के बैठक करते गणमान्य लोग।

**लातेहार।** रविवार को स्थानीय परिषदन भवन में एक बैठक आयोजित लातेहार चैंबर ऑफ कामर्स का गठन किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि फेडेरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर कुमार मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा व अमित शर्मा, महासचिव अभिषेक रामाधीन, सह सचिव शैलेश अग्रवाल, प्रवक्ता ज्योति कुमारी एवं रांची नगर निगम चेयरमैन अमित किशोर मुख्य रूप से उपस्थित थे. बैठक में सर्वसम्मति से लातेहार चैबर ऑफ कामर्स का अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल व सचिव रामनाथ अग्रवाल को बनाया गया। जबकि उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रसाद व प्रमोद प्रसाद को बनाया गया है. सह सचिव सुनील कुमार व प्रवीण कुमार, कोषाध्यक्ष निर्मल अग्रवाल, प्रवक्ता डा विशाल शर्मा व सह प्रवक्ता निर्दोष कुमार को बनाया गया है। अधिवक्ता राजीव रंजन कुमार पांडेय को कानूनी सलाहकार बनाया गया है. कार्यकारिणी सदस्यों में विष्णु देव प्रसाद, रमेश प्रसाद, रंजन प्रसाद, अनिल कुमार, द्वारिका अग्रवाल, पपन अग्रवाल, विनोद प्रकाश मल्लान, नरेश अग्रवाल, अनूप महलका, आशीष कुमार गुप्ता, महेंद्र प्रसाद, राजू प्रसाद व प्रीतम कुमार गुप्ता को शामिल किया गया है. बैठक में असीम कुमार बाग, राजू रंजन प्रसाद, श्याम अग्रवाल, अनिल कुमार, कृष्णा गोयल, अनूप कुमार, महेंद्र प्रसाद शौंडिक, दिनेश कुमार महलका व सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

## भव्य सूर्य मंदिर के निर्माण को लेकर दो दिसंबर को भूमि पूजन



**लातेहार।** शहर के चाणक्यनगरी स्थित औरंगा नदी तट में भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण कराया जायेगा। इसकी तैयारी एवं दायित्वों के बंटवारा के लिए एक बैठक सूर्यनारायण पूजा समिति, लातेहार के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। उन्होने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए आगामी दो दिसंबर को पूर्वाह्न दस बजे से भूमि पूजन किया जायेगा। मंदिर की रूपरेखा के संबंध में श्री सिंह ने बताया कि मंदिर का निर्माण कुल 20 डिसमिल भूमि पर कराया जायेगा। इसमें 17 डिसमिल जमीन सावित्री कुंवर पति स्व लक्षमण सिंह के पुत्र महेंद्र सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सिंह व धमेंद्र सिंह ने मंदिर निर्माण के लिए दान दिया है। जबकि तीन डिसमिल जमीन पावर्ती कुंवर व स्व हरकेश यादव के वंशजों ने दान दिया है। मंदिर के नीचे पूरा हॉल होगा। मंदिर के उपरी तल्ले में सात गुंबद होगें। सबसे बड़ा गुंबद 81 फीट का होगा। सिंह ने बताया कि 11 हजार रुपए अधिक दान देने वाले दान दाताओं का नाम शिलापट्ट में अंकित किया जायेगा। बैठक में भूमि पूजन समारोह के लिए दायित्वों का बंटवारा किया गया। अध्यक्ष ने मंदिर निर्माण के लिए तन मन व धन से सहयोग करने की अपील जिला वासियों से की।

## लातेहार में जेजेएमपी के तीन उग्रवादी ढेर



मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर मौजूद डीआईजी एसपी व अन्य



घटना स्थल पर पड़ा मारे गये उग्रवादी का शव।

लातेहार के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में पुलिस ने जेजेएमपी के तीन नक्सली को मुठभेड़ में मार गिराया। इस विशेष टीम में कोबरा बटालियन, सीआरपीएफ बटालियन, जैप और जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## जर्जर सड़क को दुरुस्त करने हेतु डीसी को दिया ज्ञापन

**चंदवा।** एनएच 99 में बुधबाजार के समीप करीब 10 मीटर सड़क को खोदकर छोड़ दिया गया है। इसी टूटे हुए सड़क से आधे शहरवासियों को धूलकण का सामना करना पड़ रहा है। छठ के समीप जब सड़क का निर्माण हो रहा था तो बुधबाजार से करीब 10 मीटर पहले ही सड़क निर्माण को रोक दिया गया। सोमवार को चंदवा पश्चिमी वार्ड सदस्य विनायक कुमार ने लातेहार उपायुक्त से सड़क को दुरुस्त करने की मांग की है। उन्होंने चंदवा बीडीओ के माध्यम से डीसी को ज्ञापन सौंपा है।

# सड़क निर्माण में भारी अनियमितता, लोगों में आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता



**गारू।** जिले में विकास योजनाओं में अनियमितता थमने का नाम नहीं ले रही है। संवेदक मोटी रकम कमाने के चक्कर में गुणवत्ता को ताक पर रखकर योजनाओं को भ्रष्टाचार की बलि चढ़ा दें रहें है। ताजा मामला लातेहार जिला अंतर्गत गारू प्रखंड का है। जहां बस स्टेंड बारेसाढ़ से मायापुर तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 4 किमी सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर रामसेली से पहाड़कोचा तक लगभग 5.23 किमी सड़क का निर्माण कराया जा रहा हैं। इन योजनाओं में संवेदक द्वारा काफी अनियमितता बरती जा रही है। जिसकी शिकायत मिलने पर सोमवार को जांच करने पहुंचे जिला परिषद जीरा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष कमरुद्दीन खलिफा, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, जीरा देवी ने जांच के बाद बताया की सड़क निर्माण में घोर अनियमितता बरती जा रही है। कालिकारण पथ जो की जर्जर हो चूका था। उसी के ऊपर मिट्टी भरकर बिना वाईब्रेटर के पीसीसी ढलाई की जा रही है। इससे गुणवत्ता पर सवाल उठ रहा है। वहीं निम्नस्तर की मेटेरियल बालू व छरी की जगह डेढ़ इंच ग्रोटीन की ग्रोटीन का उपयोग किया जा रहा है। विभाग के जेई जनेश्वर राम की अनुपस्थिति में ढलाई किया जा रहा है। वहीं बताते चले की वर्ष 2017 में कालीकरण सड़क का निर्माण हुआ था जो की तीन माह में खराब हो गया था। उखड़कर सड़क में अनेको जगह गड्ढे बन गए थे। इस बार भी सड़क निम्नस्तर का बनाई जा रही है। ग्रामीणों में इसका भय है की पुरानी सड़क की तरह ही कम समय में ही ये पीसीसी टूट न जाए। इस बारे में जानकारी लेने के लिए जेई जानेश्वर राम से संपर्क किया गया तो उन्होने बताया की जनप्रतिनिधि से शिकायत मिली है जांच की जाएगी। मिट्टी पर पीसीसी की ढलाई नहीं करना है यदि ऐसा हुआ है तो फिर से ढलाई करना पड़ेगा। संवेदक प्रतिनिधि अरुण चौबे से पूछे जाने पर बताया की आगे से गलती नहीं की जाएगी। मिट्टी को हटाया जाएगा उसके बाद ढ़लाई की जाएगी। लगाए गए बोर्ड पर प्रा. राशि अंकित नहीं है। पर उन्होने बताया की विभाग का काम है लिखना मजदूर की मजदूरी दर कितनी दी जा रही है तो बताया की मजदूर को 300 रुपया व मिस्त्री को 500 रुपया दिया जा रहा है।

स्पीड न्यूज

## एसीबी की टीम ने सब इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

**धनबाद।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धनबाद एसीबी की टीम ने सरायडेला थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर राजेंद्र उरांव को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच है। एसीबी की टीम आरोपी सब इंस्पेक्टर से पूछताछ कर रही है

## बेनीडीह साइडिंग गोली कांड की न्यायिक जांच की मांग

**कतरास।** सोमवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि बेनीडीह साइडिंग गोली काण्ड अवैध कोयला सिंडीकेट, बीसीसीएल के भ्रष्ट अधीकारी और सीआईएसएफ की देन है। आज बीसीसीएल में एरिया एक से बारह तक बड़े पैमाने पर कोयला चोर हो रही है। कोयला सिंडीकेट, बीसीसीएल के भ्रष्ट अधीकारी और सीआईएसएफ मिल कर बंद खदानों से अवैध रूप से कोयला उत्खनन कर रही है। फिर अवैध कोयला को फर्जी पेपर के माध्यम से बिहार, यूपी एवं बंगाल भेज कर करोड़ों रुपए कमाने में लगे हुए हैं। बेनीडीह साइडिंग गोली काण्ड में हताहत लोग सिर्फ एक मोहरा है। इस काण्ड में कई बड़े – बड़े अधिकारी और कोयला चोर सिंडीकेट की संलिप्तता है। अगर गहराई से इसकी जांच हो तो एक बड़ा गिरोह का पदार्फाश हो सकता है। जदयू पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए बेनीडीह साइडिंग गोलीकांड की निंदा करती है। साथ ही साथ हेमंत सरकार से पीड़ित परिवार को 25 – 25 लाख रुपया मुआवजा और न्यायिक जांच की मांग करती है।

## यूपी सूचना आयोग के उप सचिव ने किया कॉलेजों का भ्रमण

**धनबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग के उप सचिव तेजसकर पांडेय ने आज पंचेत डैम और मैथन का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पंचेत में स्थित डीवीसी हाई स्कूल, सिनीयर बेसिक, एमई विद्यालय में छात्रों और प्राचार्य के साथ मुलाकात की। इसके बाद वे बीएसके कॉलेज मैथन पहुंचे। बीएसके कॉलेज पहुंचने पर उप सचिव का पुष्पवर्षा कर और आरती उतारकर भव्य स्वागत किया गया। यहां उन्होंने छात्रों और प्राचार्य के साथ मुलाकात की। साथ ही आरटीआई एक्ट की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि उन्होंने इसी संस्थान से शिक्षा प्राप्त की है। छात्रों से वातार्लाप के दौरान इस कॉलेज के कुछ अविस्मरणीय संस्मरण साझा किया। एक बार पुनः यहां वापस आने की इच्छा प्रकट की।

## लोयाबाद क्षेत्र में निगम का सप्लाई पानी 4 दिनों से बंद

**लोयाबाद।** निगम की पानी की आपूर्ति चार दिनों से ठप है। पानी की एक बूंद बूंद लिए तरस रहे हैं लोग ।जामाडोबा में केबल फाल्ट और सियालगुदरी फिल्टर प्लांट में आई खराबी के कारण पानी का सप्लाई बंद है। पानी का सप्लाई बंद रहने से लोयाबाद मोड़ लोयाबाद छः नंबर सात नंबर मदनाडिह, कनकनी, बांसजोडा 12 नंबर , सेंद्रा, लोयाबाद कोक प्लांट लोयाबाद पावर हाउस आदि क्षेत्रों में पानी के लिए लोग काफी परेशान हैं। लोग नदी नाले का गंदा या प्रदुषित पानी सेवन करने को विवश है। निगम का जलापूर्ति ठप रहने के कारण करीब पच्चीस हजार आबादी के बीच जल संकट गहरा गया है । लोग खरीद कर पानी पीने को विवश है ।

## सामाजिक जागृति व सहयोग हेतु सेवा परिषद ने की बैठक

**बोकारो।** राजस्थानी ब्राह्मण समाज धर्मशाला चास में विश्व शांति सेवा परिषद द्वारा हेमंत कुमार पाठक की अध्यक्षता में एक बैठक की गई जिसमें सामाजिक जागृति एवं समाज के दबे.कुचले लोगों की सहायता में आगे आने पर विचार.विमर्श किया गया। संस्था की ओर से मेधावी गरीब छात्रों की आर्थिक मदद प्रदान करने की रणनीति तैयार की गई।

# बाघमारा में सीआइएसएफ की कोयला चोरों से हुई झड़प के मामले में जांच दल गठित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** दिनांक 19/20 नवंबर 2022 की रात्रि करीब 12 बजे बाघमारा प्रखंड, बाघमारा थाना अवस्थित बीसीसीएल की बेनीडीह रेलवे साइडिंग के समीप सीआईएसएफ जवानों द्वारा झड़प वा फाइरिंग के संबंध में डीआइजी सी॰आई॰एस॰एफ॰ एवं एस॰एस॰पी॰ धनबाद द्वारा सूचना प्राप्त की गई है। प्रारंभिक पुलिस वा सी॰आई॰एस॰एफ॰ रिपोर्ट के अनुसार प्राप्त सूचनानुसार धनबाद जिला के बाघमारा थानांतर्गत दिनांक 19/11/22 को रात्रि करीब 23:45 से 01 बजे के बीच बेनीडिह के के॰के॰सी॰ साइडिंग में लगभग दो दर्जन मोटर साइकल से कोयला चोरी करने हेतु कुछ व्यक्ति गए थे। प्रतिनियुक्त सी॰आई॰एस॰एफ॰ बल द्वारा रोके जाने पर कथित रूप से कोयला चोरी कर रहे लोगों द्वारा सी॰आई॰एस॰एफ॰ जवानों पर पत्थरबाजी करते हुए जानलेवा हमला कर हथियार छीनने का प्रयास किया गया। उसके बाद सी॰आई॰एस॰एफ॰ जवानो द्वारा जवाबी कारवाई में फाइरिंग की गयी जिसमे कथित रूप से कोयला चोरी कर रहे चार लोगों 1) प्रीतम नोनिया (29) पिता स्व गणेश नोनिया, 2)अताउल अंसारी उर्फ अतुल अंसारी (26) पिता मो मुस्लिम अंसारी, 3) शहजाद खान (32) पिता अस्लम खान तथा 4) शमीम अंसारी (25) पिता स्व हबीब अंसारी, सभी थाना बाघमारा, की मृत्यु हो गयी एवं बादल रवानी, पिता दिनेश रवानी, पता- डुमरा. रमेश दास, पिता उमेश राम, पता तेलोटाँड दोनो थाना- बाघमारा के घायल होने की सूचना है। घायल दोनो व्यक्ति के इलाज हेतु एस॰एन॰एम॰सी॰एच॰ धनबाद भेजा गया जहाँ से बेहतर इलाज हेतु आर॰आई॰एम॰एस॰ राँची भेजा गया है। चारों मृतकों के शव को पोस्ट्मॉर्टम हेतु एस॰एन॰एम॰सी॰एच॰ धनबाद भेजा गया है। झड़प में सी॰आई॰एस॰एफ॰ के क्यू॰आर॰टी॰ के दो जवानो के घायल होने की सूचना है। दोनो जवानो को इलाज हेतु सेंट्रल हॉस्पिटल धनबाद भेजा गया है। घटना की जांच के लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा एडीएम विधि व्यवस्था की अध्यक्षता में अनुमंडल पदाधिकारी के साथ मजेस्टेरीयल जाँच दल गठित किया गया है।



### सीआइएसएफ ने प्रस्तुत किया अपना पक्ष

उपायुक्त द्वारा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशानिर्देश के तहत मृतकों का इंक्वेस्ट एवं पोस्टमार्टम मेजिस्ट्रेट की देखरेख में किया जा रहा है। उक्त घटना से संबंधित एक प्रेस विज्ञप्ति सीआईएसएफ के द्वारा जारी कर घटना की जानकारी देते हुएअपना पक्ष दिया गया है।

### परिजनों को सौंपा गया शव

**बाघमारा।** शनिवार को देर रात बाघमारा अनुमंडल के बाघमारा थाना क्षेत्र स्थित बेनीडीह साइडिंग में कोयला तस्करों और सीआईएसएफ के बीच हुई मुठभेड़ में मारे गए चार कोयला तस्करों का शव सोमवार को पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों को सौंपा गया। शव बाघमारा पहुंचते ही परिजनों के चित्कार से आसपास का माहौल गमगीन हो गया। भारी पुलिस सुरक्षा के बीच सभी शवों को उनके उनके परिजनों को सौंपा गया। 100 का अंतिम संस्कार होने तक पुलिस बल मुस्तैदी के साथ मौजूद रहे। बताते चलें कि उपायुक्त के आदेश पर मजिस्ट्रेट की देखरेख में वीडियो रिकॉर्डिंग कराते हुए शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया है।

## शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती प्रबला खेसए जिला परामर्शी मो असलम तम्बाकू नियंत्रण कोषांग बोकारो व दीपक मिश्रा सीडस संस्थान के कार्यपालक निदेशक के संयुक्त तत्वाधान में बोकारो जिला के सभी शिक्षण संस्थानों व उसके परिसर को तम्बाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के क्रियान्वयन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रामरुद्र हाई स्कूल जोधाडीह मोड़ चास में किया गया जिसमें सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारीए सभी बी०पीओ०ए पांच शहरी क्षेत्र के गैरसरकारी स्कूल व पांच सरकारी स्कूल के प्राचार्य के साथ एक नोडल शिक्षक व प्रत्येक स्कूल के दो बच्चे उपस्थित थे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सभी शैक्षणिक संस्थानों में टाफी गाईडलाईन को सख्ती से लागू करना हैए जिससे शैक्षिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाये जाने के उद्देश्य को पूरा किया जा सके ।दीपक मिश्रा ने कहा कि तम्बाकू की लत वैश्विक स्तर पर जन स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या के रूप में उभर रही है। हम सभी शिक्षण संस्थान के प्रबंधकके साथ छात्र की जवाबदेही है।

## भाजपा के प्रदर्शन में सिंदरी से शामिल होंगे कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिन्दरी ।** झारखंड प्रदेश भाजपा के निर्देश पर हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ 21 नवंबर से 24 नवंबर तक चल रहे जिलास्तरीय आक्रोश रैली में भाग लेने के लिए भाजपा सिन्दरी नगर कमेटी की एक बैठक रोहड़ाबाँध में भाजपा सिन्दरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में नगर प्रभारी जिला उपाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर उपस्थित रहे। नगर अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश भाजपा के निदेर्शानुसार धनबाद जिला ग्रामीण भाजपा आगामी 23 नवंबर को धनबाद उपायुक्त कार्यालय के समक्ष उग्र प्रदर्शन करेगी। इसके लिए सिन्दरी से सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। नगर प्रभारी घनश्याम ग्रोवर ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्टाचार में कंठ तक डूबी हुई है। इस भ्रष्ट सरकार को जबतक कार्यकर्ता उखाड़ नहीं फेंकते हैं, तबतक विश्राम नहीं करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रकाश बाउरी, जिला कार्यसमिति सदस्य राकेश तिवारी, ब्रजेश सिंह, सुमन चौधरी, रंजना शर्मा, नगर महामंत्री इंद्रमोहन सिंह, नगर उपाध्यक्ष गणपति बाउरी व धीरज सिंह, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष नकुल सिंह, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सुशांत महतो, अनुसूचित जाति मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रदीप हांडी, युवा मोर्चा नगर महामंत्री बीरेंद्र, रोहित मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, नरेंद्र तिवारी, भवानी कर्मकार सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## शहर को गौरवान्वित करने वाली महिलाएं सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** श्खुशहाल बोकारोश की ओर से बोकारो को एक खुशहाल शहर बनाने के लिए लगातार अपने स्तर से प्रयास किए जा रहे हैं ।सेक्टर वन स्थित कार्यालय में संस्था के सदस्यों की एक सभा आयोजित की गई जिसमें बेहतर काम के जरिए बोकारो का नाम गौरवान्वित करने वाली कई महिलाओं को सम्मानित किया गया ।खुशहाल बोकारो की पृष्ठभूमि में शहर के युवा वर्गए महिलाओंए अवकाश.प्राप्त अधिकारियों एवं अन्य लोगों की रचनात्मक भागीदारी पर विचार.विमर्श किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे संस्था के संस्थापक अमरेंद्र कुमार झा ने कहा कि सकारात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है ।देश को सशक्त बनाने में स्वण इंदिरा गांधी व अन्य की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए श्री झा ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी मायने में किसी से कम नहीं हैं। राष्ट्र.निर्माण में उनकी समान भागीदारी है। मौके पर डीएवी के प्राचार्य एके झाए बोकारो सिटी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान के अवकाश.प्राप्त विभागाध्यक्ष डॉण केके मिश्र आदि मौजूद थे।



## सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कुड़माली जागरण का समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के करमा गांव में आयोजित एक दिवसीय कुड़माली भाखिचारि जागरण जुड़आहि कार्यक्रम का कुड़माली सांस्कृतिक कार्यक्रम झूमर एवं पांता नाच के साथ समापन हुआ। इससे पूर्व कार्यक्रम में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र महतो भी पहुंचे। सभी ने एकमत होकर मजबूती के साथ कुड़मी जाति को आदिवासी सूची में शामिल करने की मांग का समर्थन करने का संकल्प लिया।गोमिया विधायक ने कहा कि जो कुड़मियों को आदिवासियत में शामिल करने की बात करेगा वही झारखंड में राज करेगा।पूर्व विधायक सह राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त योगेंद्र महतो ने कहा कि कुड़मियों को अपनी पुरातन पारंपरिक रीति.रिवाजों में लौटना होगा। तभी कुडमियों का खोया हक.अधिकार वापस मिलेगा।

## मास्टर ट्रेनरों की बैठक में विचार-विमर्श

**धनबाद।** आसन्न नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2022 के आलोक में आज राज्य पुस्तकालय परिसर में प्रशिक्षण कोषांग के अंतर्गत चयनित मास्टर ट्रेनरों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में लगभग 25 मास्टर ट्रेनर उपस्थित हुए। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी - सह - जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री भूतनाथ रजवार ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार प्रशिक्षण कार्य को सभी संपादित करें। निर्वाचन तिथि की घोषणा होते ही एक प्रशिक्षण तालिका जारी की जाएगी जिसके अनुसार जिले में कुल दो चरणों में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसमें हैंड्स ऑन ट्रेनिंग पर ज्यादा जोर दिया जाएगा।

# बीआइटी सिंदरी में कचरे से बनेगी बायोगैस

### बायोगैस के उपयोग से एलपीजी पर कम होगी निर्भरता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिन्दरी ।** बीआईटी सिन्दरी के छात्रावास संख्या 26 में नवस्थापित बायोगैस संयंत्र से खाना बनाने व उप उत्पाद यानी जैविक खाद का उपयोग संस्थान के सौंदर्यीकरण के लिए किया जाएगा। इस प्लांट की क्षमता प्रतिदिन 100 किलोग्राम कचरे से 8 किलो बायोगैस का उत्पादन करने की है। इससे एलपीजी पर निर्भरता कम होगी। प्लांट की स्थापना करते हुए 1972 बैच के एलुमनाई प्रफुल्ल कुमार व अन्य छात्रों ने स्वर्ण जयंती समारोह पर परियोजना की प्रगति व बिट गोइंग ग्रीन की दिशा में पहले कदम की सराहना की।

छात्रों ने बीआईटी सिन्दरी एलुमनाई एशोसिएशन (बिटसा) को इस विचार को प्रायोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं आवश्यकताएँ प्रदान करने के लिए संस्थान निदेशक डॉ डी के सिंह व उत्पादन व औद्योगिक अभियंत्रण विभाग प्रमुख डॉ प्रकाश का भी धन्यवाद किया। बीआईटी सिंदरी में बायोगैस प्लांट संस्थान के छात्र कुमार आर्यन, गीत कुमार, नीतीश कुमार, आदर्श तिर्की और राज सिंह की एक पहल थी। ऊर्जा वायबल सॉल्यूशंस (यूवीएस) के रखरखाव प्रमुख नीतीश ने कहा कि प्रत्येक छात्रावासों में दो बड़े कूड़ेदान लगाए जाएँगे। जिनमें से हरे रंग के कूड़ेदान में बचे हुए खाने और अन्य बायोडिग्रेडेबल कचरे को इकट्ठा किया जाएगा। वहीं नीले कूड़ेदान का उपयोग सूखे कचरे को इकट्ठा करने के लिए किया जाएगा। एक अन्य बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग छात्र सह यूवीएस के परिचालन प्रमुख गीत कुमार ने परियोजना के बारे में बताते हुए कहा कि संस्थान के कर्मचारी खाद्य अपशिष्ट के संग्रह में हमारी मदद करेंगे। इसे बाद में छात्रावास 26 में स्थित बायोगैस संयंत्र को कार्ट के माध्यम से खाद्य अपशिष्ट के अंतिम पृथक्करण के बाद प्रसंस्करण के लिए बायोगैस संयंत्र में डाला जाएगा। प्रोजेक्ट मैनेजर आर्यन के अनुसार बायोगैस प्लांट की क्षमता प्रतिदिन 100 किलो कचरे को ट्रीट करने की है। बेंगलुरु में उपकरण विकसित किए जा रहे हैं।



# बंद खदान से कोयला निकाल रहे तस्कर

### मजदूरों के जान के साथ किया जा रहा खिलवाड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद जिले में कोयले के काले कारोबार में वर्चस्व बनाने को लेकर बम गोली चलना कोई नई बात नहीं है। जहां एक और शनिवार देर रात जिले के बाघमारा अनुमंडल बाघमारा थाना क्षेत्र स्थित बेनीडीह साइडिंग में कोयला चोरी को लेकर कोयला चोरों और सीआईएसएफ के बीच मुठभेड़ हो गई जिसमें सीआईएसएफ ने अपने बचाव के लिए फायरिंग कर दी और चार कोयला चोरो की मौत हो गई। अभी इन युवकों का मट्टी मंजिल भी नहीं हुआ था कि दूसरा मामला बाघमारा अनुमंडल क्षेत्र का अगरपथरा ओपी से सामने आया है जहां गजलीटांड के बंद पड़े खदान में कोयला तस्करों के द्वारा बाहर से मजदूर बुलाकर कोयला की कटाई करवाई जा रही है और बोरे में भराई जा रही है जिसे रात में ट्रकों में लोड कर गोविंदपुर के रास्ते बाहर भेज दिया जाता है। एक और जहां बीसीसीएल को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है ,वहीं दूसरी ओर जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा कोयले की लूट में खुली छूट देना विधि व्यवस्था की ओर भी इशारा करता है। उपरोक्त मामले को लेकर जब खबर मन्त्र की टीम अंगारपथरा ओपी प्रभारी कृष्ण कुमार से बात करने के लिए पहुंची तो उन्होंने इस मामले में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। अब सवाल ये उठता है कि बाघमारा में चार कोयला चोरों की मौत के बाद पुलिस कोयले के काले कारोबार को रोकने में सफल होती है या इसी तरह से कोयले का काला कारोबार चलता रहेगा।



## वार्ड पार्षद ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

**बेरमो/फुसरो।** फुसरो नप क्षेत्र के वार्ड संख्या 19 के आंबेडकर कॉलोनी में सोमवार को बढ़ती ठंड से ठिठुर रहे जरूरतमंदए गरीब व असहायों के बीच वार्ड पार्षद कविता कुमारी ने कंबल वितरण कियाण कंबल वितरण के दौरान पार्षद कविता कुमारी ने कहा कि जरूरतमंदए गरीबों व असहायों को मदद करना मेरी नियती में शामिल हैण उन्होंने बताया कि यह कार्य विगत कई साल से करते आ रही हूं कहा कि आगे भी जारी रहेगाण कंपकंपा देने वाली ठंड में असहायों के बीच कंबल वितरण करना एक साहसिक कदम हैण एक ओर जहा ठिठुरती ठंढ मे रजाई एवं कम्बल के सहारे घरों में लोग सो जाते हैण लेकिन उसकी जिंदगी कैसे गुजरती होगी जो एक साधारण चादर के सहारे ठंढी रात गुजारते हैण रात के अंधेरे में जब सारा जहां ठंड से अपने घरों में दुबके हों ऐसी परिस्थिति में असहायों की सुधि लेने को सक्षम लोग भी बहार निकल गरीबों का दर्द समझ सैकड़ों गरीबों व असहायों के बीच कंबल बांटेण कंबल वितरण को लोगों ने बताया सराहनीय कदम है।

## पेज एक का शेष

### स्थापना दिवस पर ...

**24 को छात्र संसद :** 24 नवंबर को द्वितीय झारखंड छात्र संसद आयोजित होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। समारोह को यादगार बनाने के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। कपिलेश्वर प्रसाद उत्कृष्ट विधान कर्मी के रूप में चयनित संयुक्त सचिव धनेश्वर राणा, निजी सहायक अमित कुमार दास, वरीय सचिवालय सहायक अनवारूल हक अंसारी, चालक हेमंत कुमार चौरसिया और अनुसेवक अजित नारायण सम्मानित किये जायेंगे।

### मुख्यमंत्री ने दी ...

आरक्षित कोटि की 77 प्रतिशत में से आरक्षित उम्मीदवारों को विभिन्न कोटियों की रिक्तियां निम्न तरीके से भरी जायेगी। इसमे अनुसूचित जाति को 12 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 28 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अनुसूची-1 को 15 प्रतिशत और पिछड़ा वर्ग ;अनुसूचित 2 को 12 प्रतिशत आरक्षण होगा। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षित होगी।

**नौवीं अनुसूची में शामिल होने के बाद होगा प्रभावी:** यह अधिनियम झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षणसंशोधन अधिनियम-2022 के नाम से जाना जायेगा । इसका विस्तार संपूर्ण झारखंड राज्य में होगा। यह अधिनियम भारत राज्य के संविधान की नौवीं अनुसूची में सम्मिलित होने के उपरांत प्रभावी होगा।

### लातेहार में सुरक्षाबलों...

इस सूचना पर सुरक्षाबलों ने संयुक्त अभियान चलाया। सुरक्षाबलों के जवान जैसे हीं बेंदी जगंल पहुंचे, उग्रवादियों ने ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी तीन नक्सलियों को मार गिराया। अभी इनके शवों की शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस ने नक्सलियों के शवों को कब्जे में ले लिया है। इलाके में अब भी सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

### रांची समेत राज्य...

इनमें जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज का ऑटोनोमस का दर्जा 2020 में समाप्त हो गया। लेकिन, यूजीसी द्वारा उक्त कॉलेज को अपग्रेड कर जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी का दर्ज दिया गया है। इसी प्रकार, रांची कॉलेज का ऑटोनोमस का दर्जा 2021 में समाप्त हो गया। हालांकि, इस कॉलेज को विवि का दर्जा देकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि बनाया गया है। रांची विवि अंतर्गत मारवाड़ी कॉलेज का ऑटोनोमस दर्जा 2021 में समाप्त हो गया है। वहीं, रांची वीमेंस कॉलेज का ऑटोनोमस का दर्जा अगस्त 2022 में समाप्त हो गया है। इसी प्रकार संत जेवियर्स कॉलेज का भी ऑटोनोमस का दर्जा इस वर्ष समाप्त हुआ है।

**इनकी नैक की मान्यता समाप्त :** रांची विवि की नैक की मान्यता एक मई 2022 को ही समाप्त हो गयी है। इसी प्रकार विनोबा भावे विवि की नैक से मान्यता 16 मार्च 2021 को समाप्त हो गयी है। कोल्हान विवि की मान्यता 24 मई 2021 को समाप्त हो गयी है। सिदो-कान्हू मुर्मू विवि की मान्यता एक नवंबर 2023 में समाप्त होगी। विवि द्वारा पुनः मान्यता प्राप्त करने के लिए कार्रवाई शुरू की गयी है। इधर, राज्य सरकार ने भी स्पष्ट किया है कि सभी विवि और कॉलेजों को 2023 तक नैक से मान्यता प्राप्त कर लेनी है। मान्यता नहीं रहने पर राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) की तरफ से अनुदान नहीं दिये जायेंगे।

### जावा में भूकंप ....

राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण एजेंसी ने कहा कि एक इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल, एक अस्पताल और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं सहित दर्जनों इमारतें क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। एक बयान में कहा गया है कि हताहतों की संख्या और क्षति के बारे में अभी भी जानकारी एकत्र की जा रही है।

**ग्रेटर जकार्ता इलाके में भी झटके :** भूकंप के झटके ग्रेटर जकार्ता इलाके में भी महसूस किये गये। राजधानी में ऊंचे ऊंचे स्थान बच गये और कुछ को खाली करा लिया गया। दक्षिण जकार्ता में एक कर्मचारी ने कहा, 'भूकंप का झटका काफी तेज महसूस हुआ। वे अपने सहयोगियों के साथ आपातकालीन सीढ़ियों का उपयोग करके नौवीं मंजिल से बाहर निकल भागे। राजधानी जकार्ता समेत आसपास के इलाकों में लोग दहशत में बाहर निकल आये। इमारतों को खाली करवा दिया गया है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वो फिलहाल अपनी इमारतों से बाहर रहें, क्योंकि आफ्टर शॉक्स की आशंका है। राजधानी जकार्ता में एम्बुलेंस के सायरन लगातार सुनाई दे रहे हैं। इंडोनेशिया सरकार की क्विक रिस्पॉन्स टीम हालात पर नजर रख रही है।

**जकार्ता में भूकंप का आना असामान्य :** इंडोनेशिया में अक्सर भूकंप आते रहते हैं, लेकिन जकार्ता में उन्हें महसूस किया जाना असामान्य है। 270 मिलियन से अधिक लोगों का देश अक्सर भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोट और सूनामी से प्रभावित होता है।

### पीएम आज 71 हजार...

अगले साल तक10 लाख नौकरियों देने का टारगेट रखा गया है। केंद्र सरकार का प्रयास है कि विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में खाली पड़े पदों को मिशन मोड में डेढ़ साल के अंदर भर दिया जाये। इसके लिए युद्ध स्तर पर काम हो रहा है। इससे पहले दीपावली पर आयोजित हुए रोजगार मेले में देशभर से चयनित युवाओं को नियुक्त पत्र दिया गया था। इनमें समूह-ए, समूह-बी (राजपत्रित), समूह-बी (अराजपत्रित) और समूह-सी की नियुक्तियों के साथ ही केंद्रीय सशस्त्र बल, उपनिरीक्षक, कांस्टेबल, कनिष्ठ लिपिक (एलडीसी), स्टेनो, पीए, आयकर निरीक्षक, रेलवे एमटीएस जैसे पद शामिल थे।

**इन विभागों में की जायेगी नियुक्ति :** अब जिन पदों के लिए अपॉइंटमेंट लेटर्स दिये जायेंगे, उनमें शिक्षक, लेक्चरर, नर्स, नर्सिंग ऑफिसर, डॉक्टर, फार्मासिस्ट, रेडियोग्राफर और अन्य तकनीकी और पैरामेडिकल जैसे पद शामिल हैं। कई केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में गृह मंत्रालय के जरिये बड़ी संख्या में पदों को भरा जा रहा है। पीएमओ कहा कि इसके साथ ही प्रधानमंत्री कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल भी शुरू किया जायेगा। इस मॉड्यूल के तहत सरकारी विभागों में सभी नयी नियुक्तियों के लिए एक ऑनलाइन ओरिएंटेशन कोर्स होगा। इसमें सरकारी कर्मचारियों के लिए आचार संहिता, कार्यस्थल नैतिकता और अखंडता, मानव संसाधन नीतियां और अन्य लाभ और भत्ते शामिल होंगे। जो उन्हें नीतियों और नई भूमिकाओं को निभाने में मदद करेंगे।

**अगले साल तक10 लाख नौकरियों का टारगेट :** पीएम ने धनतेरस पर मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव की लॉन्चिंग की थी। इसके तहत 50 केंद्रीय मंत्रियों ने अलग-अलग लोकेशन पर 75 हजार 226 युवाओं को नियुक्ति पत्र, यानी अपॉइंटमेंट लेटर सौंपे थे। इस ड्राइव के जरिये अगले डेढ़ साल, यानी दिसंबर 2023 तक 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का टारगेट है। सभी भर्तियां यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड और दूसरी केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से की जायेंगी।

कोरोना के चलते बीते दो साल से सरकारी पदों पर नियुक्तियां रुकी हुई थीं। इस साल जून में प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की थी कि अगले 18 महीनों में सरकार 10 लाख लोगों को भर्ती करेगी। इसके बाद ही मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव शुरू करने का फैसला लिया गया, जिसके तहत आज रोजगार मेले में 75 हजार युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर दिया गया।

स्पीड न्यूज

## हेमा मालिनी को प्राइड ऑफ नेशन अवॉर्ड



**मुंबई।** अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों के बीच लगातार सामाजिक सेवाओं में तल्लीन रहने वाली अभिनेत्री हेमा मालिनी को मुंबई में प्राइड ऑफ नेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। ये सम्मान उन्हें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों प्राप्त हुआ। इस दौरान मंच पर महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद रहे। सामाजिक गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान करने वालों को सोसाइटी अचीवर्स अवार्ड की तरफ से मिले इस सम्मान को प्राप्त करने वालों में अभिनेता सोनू सूद भी शामिल रहे।

## नहीं रहे रसना ब्रांड के संस्थापक पिरोजशॉ

**नयी दिल्ली।** रसना के संस्थापक और चेयरमैन आरिज पिरोजशॉ खंबाटा का शनिवार को निधन हो गया। कंपनी ने इस बात की जानकारी दी है। रसना समूह की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 85 वर्षीय खंबाटा का शनिवार को निधन हो गया। बता दें कि आरिज खंबाटा बेनेवॉलेंट ट्रस्ट और रसना फाउंडेशन के भी चेयरमैन थे।

## भीड़ जुटाने पर गुरमीत राम रहीम को नोटिस

**बागपत।** बागपत के बिनौली में पैरोल के नियमों को ताक पर रखकर डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम द्वारा बरनावा आश्रम में जुटाई जा रही अनुयाइयों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन सख्त हो गया है। एसपी बागपत के निर्देश पर बिनौली पुलिस ने आश्रम में पहुंचकर डेरा प्रमुख के नाम प्रबंधक सदस्यों को नोटिस दिया।

## अरुण गोयल ने ई सी का कार्यभार संभाला

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग में नव नियुक्त चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने सोमवार को अपना कार्यभार संभाल लिया।

## चीन में कोविड प्रतिबंध से सहमा शेयर बाजार

**मुंबई।** चीन में कोविड की रोकथाम के लिए एक बार से नये प्रतिबंध लगाए जाने से वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को लेकर बढ़ी चिंता के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आई गिरावट से हताश सोमवार को सेंसेक्स 518.64 अंक यानी 0.84 प्रतिशत लुढ़ककर 61144.84 अंक और निफ्टी 147.70 अंक का गोता लगाकर 18159.95 अंक पर रहा।

## गुजरात : प्रधानमंत्री मोदी का कांग्रेस पर पलटवार, बोले

# मैं सेवादार हूं, मेरी कोई औकात नहीं

### मधुसूदन मिस्त्री ने कहा था, इस चुनाव में औकात दिख जायेगी

एजेंसी

**अहमदाबाद।** तेलंगाना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष की गालियों को पोषण का सोर्स बताया था। अब गुजरात में पीएम ने कांग्रेस नेता मधुसूदन मिस्त्री के औकात वाले बयान पर तंज कसा है। सुरेंद्रनगर में सोमवार की सभा में मोदी ने कहा- मैं तो जनता का सेवक हूं, मेरी औकात ही क्या है। कांग्रेस नेता मधुसूदन मिस्त्री ने कहा था- चुनाव में पीएम मोदी को औकात दिख जाएगी। सुरेंद्रनगर में पीएम ने कहा, 'कांग्रेस वाले कहते हैं कि मोदी को औकात दिखा देंगे। अहंकार है भाइयों अहंकार, मोदी को औकात दिखा देंगे। अरे माई-बाप आप तो राज परिवार से हैं, मैं तो एक सामान्य परिवार की संतान हूं। मेरी कोई औकात नहीं है। तुम मेरी औकात मत दिखाओ। मैं तो सेवादार हूं, नौकर हूं, सेवादार की कोई औकात नहीं होती है।'



### औकात बनाने का खेल छोड़ दो भाई

सुरेंद्रनगर में प्रधानमंत्री मोदी बोले, 'तुमने मुझे नीच कहा, नीची जाति का कहा।

तुमने मौत का सौदागर कहा, गंदी नाली का कीड़ा कहा। तुम औकात बताने की बात कह रहे हो, हमारी कोई औकात नहीं है। मेहरबानी करके विकास के मुद्दे की चर्चा करो। विकसित गुजरात बनाने के लिए मैदान में आओ। औकात बनाने का खेल छोड़ दो भाई।'

### राहुल गांधी की यात्रा पर भी साधा निशाना

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जो लोग सत्ता से बाहर किए जा चुके हैं, वे यात्रा के जरिए वापसी करना चाहते हैं। उन्होंने लगातार दूसरे दिन नर्मदा प्रोजेक्ट की बात दोहराते हुए कहा- नर्मदा डैम परियोजना को तीन दशक तक ठप रखने वाली महिला के कंधे पर हाथ रखकर पदयात्रा करते हुए कांग्रेस नेता नजर आए हैं। यह चुनाव नर्मदा प्रोजेक्ट का विरोध करने वालों को हराने का चुनाव है।

## राहुल ने भाजपा को बताया आदिवासियों का दुश्मन

**राजकोट।** गुजरात में विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को पहली बार गुजरात पहुंचे। उनका पहली जनसभा सूरत के पांच काकडा गांव में हुई। इसके बाद वे राजकोट पहुंचे। यहां जनसभा को संबोधित करने से पहले उन्होंने मोरबी ब्रिज हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा।



**आपको आदिवासी नहीं, वनवासी कहते हैं :** भाजपा पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा, भाजपा आदिवासियों के साथ अन्याय करती है। यह देश आपका है, जो भाजपा ने आपसे ले लिया है। भाजपा के लोग आपको आदिवासी नहीं, वनवासी कहते हैं। इसका मतलब है कि आप जंगल में रह रहे हैं। वे नहीं चाहते कि आप आगे बढ़ें, आपके बच्चे शहरों में पढ़े और आगे बढ़ें। भाजपा सोचती है कि आपको जंगल में ही रहना चाहिए। भाजपा जंगल भी उद्योगपतियों को दे देगी। उसके बाद जंगल में भी आपके लिए जगह नहीं होगी। 2 या 3 उद्योगपति ही पूरा जंगल हड़प लेंगे। भाजपा आपका हक छीनना चाहती है।

**कांग्रेस आदिवासी या भाजपा वनवासी :** राहुल ने कहा कि आपके पास दो विकल्प हैं कांग्रेस आदिवासी या भाजपा वनवासी। एक ओर सुख है तो दूसरी ओर पीड़ा है। हम आपके सपनों को साकार करेंगे। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य हम देंगे। हम आपके इतिहास की रक्षा करेंगे, जीने का अधिकार देंगे। हम आपके लिए पदयात्रा कर रहे हैं।

## सीतारमण ने शुरू की प्री बजट मीटिंग, बजट के लिए मांगे सुझाव



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार यानी आज से इंडस्ट्री लीडर्स और क्लाइमेट चेंज और इंफ्रास्ट्रक्रर एक्सपर्ट्स के साथ प्री-बजट मीटिंग की शुरूआत की। मीटिंग में स्टेकहोल्डर्स से 2023-24 के बजट बनाने के लिए सुझाव मांगे गए। अगला बजट 1 फरवरी 2023 को पेश किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने उद्योग संघों के प्रमुखों और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ आगामी आम बजट के संबंध में चर्चा की। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये आयोजित हुई इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, भागवत किशनराव कराड और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। वित्त मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नयी दिल्ली में बजट से पहले आयोजित होने वाली बैठकों के तहत पहली बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें उद्योग जगत के दिग्गज और बुनियादी ढांचा क्षेत्र तथा जलवायु परिवर्तन के विशेषज्ञ शामिल थे। मंत्रालय ने कहा कि बजट से पहले की दूसरी बैठक में वित्त सचिव टी वी सोमनाथन, मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन, डीईए सचिव, दीपम सचिव, राजस्व सचिव और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार शामिल थे। इन लोगों ने आम बजट 2023-24 पर अपने सुझाव दिए।

## ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के वैज्ञानिक सर्वे मामले की सुनवाई 30 को होगी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की कार्बन डेटिंग सहित साइंटिफिक सर्वे कराए जाने की मांग में दाखिल याचिका पर पुरातत्व विभाग से पूछा है कि क्या बिना क्षति पहुचाए कार्बन डेटिंग की जा सकती है। कोर्ट ने कहा अधीनस्थ कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी यथास्थिति आदेश को देखते हुए साइंटिफिक सर्वे कराने की अर्जी खारिज की है। आशंका व्यक्त की गई है कि कार्बन डेटिंग से कथित शिवलिंग को क्षति हो सकती है। कोर्ट ने कहा कि आकार को बिना नुकसान उसकी आयु का निर्धारण किया जाना जरूरी है। याचिका की सुनवाई 30 नवंबर को होगी।

## मंगलुरु : ब्लास्ट से पहले खुद को हिंदू बताता रहा शारिक

### कुकर बम से शहर दहलाने निकला, पहले ही धमाका हो गया

एजेंसी

**बेंगलुरु।** मंगलुरु में शनिवार को ऑटो में हुए धमाके के मामले में रोज नई परत खुल रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी मोहम्मद शारिक कुकर बम लेकर ऑटो में पैसेंजर बनकर बैठा था। उसका टारगेट शहर का भीड़-भाड़ वाला इलाका था। गनीमत रही कि बम ऑटो में ही फट गया और खुद शारिक इसका शिकार हो गया। वह 40 फीसदी तक जल चुका है। पुलिस के अनुसार आरोपी शारिक ने ऑटो में बैठते ही कहा कि उसे पंपवेल एरिया जाना है। एडीजीपी ने कहा कि शारिक विस्फोटक को नगौरी में प्लांट करना चाहता था, लेकिन इससे पहले ही इसमें विस्फोट हो गया। फिलहाल पुलिस की देखरेख में ऑटो चालक और आरोपी शारिक का इलाज चल रहा है। कर्नाटक के मंत्री के. सुधाकर ने कहा कि शारिक ऑटो में हिंदू होने का दिखावा कर रहा था, ताकि किसी को उस पर शक न हो। इसके लिए वह एक आधार कार्ड भी दिखा रहा था, जिस पर हिंदू नाम था। यह कार्ड उसने एक रेलवे कर्मचारी से चुराया था।

## यूपीएससी सीडीएस का अंतिम परिणाम जारी 164 का हुआ चयन

**नयी दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा अप्रैल, 2022 में आयोजित संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा (I), 2022 यानी यूपीएससी सीडीएस का अंतिम परिणाम जारी कर दिया गया है। आयोग द्वारा जारी सीडीएस (I), 2022 के परिणामों में रक्षा मंत्रालय के सेवा चयन बोर्ड द्वारा आयोजित एसएसबी साक्षात्कार के आधार पर 164 उम्मीदवारों ने अर्हता प्राप्त की है। आयोग द्वारा अप्रैल माह में आयोजित संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा (I), 2022 के परिणामों के आधार पर अर्हता प्राप्त करने वाले 164 (104+46+14) अभ्यर्थियों की मेरिट सूची भी जारी की गई है।

## शिवाजी हमारे भगवान : गडकरी

एजेंसी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के छत्रपति शिवाजी पर की गई टिप्पणी के बाद हर तरफ तनाव पैदा हो गया है। कांग्रेस-एनसीपी समेत सभी दल उनके इस बयान की कड़ी निंदा कर रहे हैं। बढ़ते तनाव के बीच भाजपा ने अपने सहयोगी दल की नाराजगी दूर करने की कोशिश की है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यपाल के बयान पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए राज्य में अपनी सहयोगी शिंदे गुट की नाराजगी दूर करने की कोशिश की। नितिन गडकरी ने कहा कि 'शिवाजी महाराज हमारे भगवान हैं.. हम उन्हें अपने माता-पिता से भी ज्यादा मानते हैं'। वहीं उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी रविवार को कहा था कि जब तक सूरज और चंद्रमा का अस्तित्व रहेगा, महान योद्धा शिवाजी राज्य और देश के नायक और आदर्श बने रहेंगे। मालूम हो कि कोश्यारी ने शनिवार को महाराष्ट्र के आदर्श व्यक्तियों के बारे में चर्चा की थी। उन्होंने कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज पुराने जमाने के आदर्श व्यक्ति थे। साथ ही उन्होंने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर और नितिन गडकरी का भी जिक्र किया था। उन्होंने अंबेडकर और गडकरी को आज के जमाने का आदर्श बताया था। जिसके बाद उनकी हर ओर आलोचना होने लगी।

## मंजू नैन बनीं देश की पहली महिला सोल्जर स्काई डाइवर

### दस हजार फीट की ऊंचाई से लगाई छलांग



**चंडीगढ़।** हरियाणा की बेटियों ने इतिहास में एक और पन्ना जोड़ दिया है। गांव धमतान साहिब की बेटी मंजू नैन देश की पहली महिला सोल्जर स्काई डाइवर बन गई हैं। मंजू सेना की पूर्वी कमान में लांस नायक हैं। जींद के चौधरी भरतसिंह मैमोरियल खेल स्कूल निडानी में पढ़ी मंजू कबड्डी की खिलाड़ी रही हैं। लांस नायक मंजू ने 10 हजार स्काई फीट की ऊंचाई से छलांग लगाई है। इसका वीडियो भारतीय सेना की ईस्टर्न कमांड ने जारी किया है। उन्होंने एएलएच ध्रुव हेलिकॉप्टर से छलांग लगाई। 27 नवंबर को खेल स्कूल निडानी में उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

## पाक सेना प्रमुख के लिए पांच नामों की हुई सिफारिश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में नए सेना प्रमुख की नियुक्ति के लिए कवायद शुरू हो गई है। रक्षा मंत्रालय ने नए सेना प्रमुख की नियुक्ति के लिए सोमवार को प्रधानमंत्री कार्यालय को पांच नामों की सिफारिश की, जो जनरल कमर जावेद बाजवा का स्थान लेंगे और 29 नवंबर को कार्यभार संभालेंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के हवाले से खबर सामने आई है। पाकिस्तानी सेना अधिनियम 1952 के तहत रक्षा मंत्रालय को अपने उत्तराधिकारी की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए सेना प्रमुख का कार्यमुक्ति सारांश जारी करना होता है।

## देश की आजादी से पूर्व का समय भारतीय पत्रकारिता का स्वर्णिम काल : हरिवंश



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने आजादी के पूर्व के समय को भारतीय पत्रकारिता का स्वर्णिम काल बताते हुए सोमवार को कहा कि उस समय के पत्रकार खोजी पत्रकार होने के साथ ही साथ निवेशक भी थे। हरिवंश ने भारतीय जनसंचार संस्थान के शैक्षणिक सत्र 2022-2023 का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश को आजादी मिलने से पहले के पत्रकारों ने सीमित संसाधनों के साथ पत्रकारिता के स्वर्णिम काल का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में तकनीकी और बनावटी बौद्धिकता के दौर में आसानी से हम बहुत कुछ कर सकते हैं और पत्रकारिता एक नया स्वर्णिम काल गढ़ सकते हैं। 'अमृतकाल के संकल्प और मीडिया' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए हरिवंश ने कहा कि जो चीजें पहले सौ वर्षों में बदलती थीं, आज उसके लिए दो दिन का समय भी नहीं लगता। मौजूदा समय में आप मामूली संसाधनों के साथ मीडिया स्टार्टअप की शुरूआत कर सकते हैं और समाज में बदलाव ला सकते हैं।

## कॉन्सर्ट के बाद श्रेया घोषाल के साथ हुआ बड़ा हादसा, पूरी तरह खो दी थी अपनी आवाज



बॉलीवुड की फेमस प्लेबैक सिंगर श्रेया घोषाल को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। सिंगर ने बताया है कि पिछली रात को ऑरलैंडो में नाइट कॉन्सर्ट के बाद उनके साथ एक बड़ा हादसा हो गया था, जब उन्होंने अपनी आवाज पूरी तरह खो दी थी। इस बीत की जानकारी श्रेया ने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दी है, जिसके बाद उनके चाहने वाले काफी चिंतित भी हैं। श्रेया ने इंस्टाग्राम पर अपनी स्टोरी में लिखा कि पिछली रात को ऑरलैंडो में नाइट कॉन्सर्ट के बाद उन्होंने अपनी आवाज पूरी तरह खो दी थी। उनके शुभचिंतकों की दुआओं और डॉक्टर समीर भार्गव की बेस्ट केयर की बदौलत वह अपनी आवाज को वापस ला सकीं। इसके बाद वह न्यूयॉर्क एरिना में 3 घंटे के पैक्ड कॉन्सर्ट में गा पाई। उन्होंने लिखा, 'थैंक्यू न्यूयॉर्क मुझे इतना प्यार देने के लिए।' श्रेया घोषाल की ऐसी खबर सामने आने के बाद फैंस उनके लिए दुआएं मांग रहे हैं। फिलहाल, श्रेया की हालत और उनकी आवाज ठीक बताई जा रही है। बता दें, बेहद सुरीली श्रेया, मेलोडी क्वीन के नाम से फेमस हैं।






## इंग्लैंड की धमाकेदार जीत ईरान को 6-2 से रौंदा

**दोहा।** इंग्लैंड ने विश्व कप में अपने अभियान का आगाज शानदार अंदाज में किया। उसने ईरान को 6-2 से हरा दिया। इंग्लिश टीम ने इस जीत के साथ दूसरी टीम को यह चेतावनी दे दी है कि उसे कोई हल्के में न ले। टीम विश्व कप में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी नहीं कर सकी। उसने पिछली बार 2018 में पनामा को 6-1 से हराया था। इंग्लैंड के मैच में पांच खिलाड़ियों ने गोल किए। आर्सेनल के लिए क्लब मुकाबले में खेलने वाले बुकायो साका ने सबसे ज्यादा दो गोल किए। उनके अलावा रहीम स्टर्लिंग, ज्यूड बेलिंघम, जैक ग्रिलिश और मार्कस रैशफोर्ड ने एक-एक गोल किए। ईरान के हिस्से में दो गोल आए। दोनों गोल मेहदी तरेमी ने किए। इंग्लैंड ने मैच में धमाकेदार अंदाज में शुरूआत की। उसने पहले हाफ में 3-0 की बढ़त हासिल कर ली थी। जूड बेलिंघम ने 35वें मिनट में टीम का पहला गोल किया। यह उनके इंटरनेशनल करियर का भी पहला गोल था। उनके बाद बुकायो साका ने 43वें मिनट में टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। हाफटाइम के इंजरी टाइम (45+1वें मिनट) में रहीम स्टर्लिंग ने टीम का तीसरा गोल किया। हाफटाइम के बाद बुकायो साका ने 62वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। यह टीम का चौथा गोल था। 70वें मिनट में इंग्लैंड ने एक साथ चार बदलाव किए। मार्कस रैशफोर्ड, एरिक डायर, जैक ग्रिलिश और फिल फोडेन को भेजा। मार्कस रैशफोर्ड ने मैदान पर उतरते ही गोल किया। 71वें मिनट में उन्होंने टीम का पांचवां गोल किया। उनके बाद निर्धारित 90 मिनट से ठीक पहले जैक ग्रिलिश ने भी अपना नाम स्कोरकार्ड में लिखवा लिया। उन्होंने 89वें मिनट में गोल किया। इंग्लैंड का अगला मुकाबला अब 26 नवंबर को अमेरिका से होगा।

**आज का मैच**

अर्जेंटीना बनाम सऊदी अरब

डेनमार्क बनाम ट्यूनीशिया

## लिस्ट ए क्रिकेट में 500+ रन बनाने वाली पहली टीम बनी तमिलनाडु



**बेंगलुरु।** विजय हजारे ट्रॉफी में तमिलनाडु ने रिकॉर्ड की झड़ी लगा दी है। अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ बेंगलुरु में खेले गए मैच में सोमवार को तमिलनाडु ने 50 ओवर में दो विकेट पर 506 रन बनाए। नारायण जगदीशन ने तमिलनाडु के लिए जबरदस्त बल्लेबाजी की। उन्होंने 277 रन की पारी खेली। इसमें 25 चौके और 15 छक्के लगाए। तमिलनाडु का यह टोटल लिस्ट-ए का सबसे बड़ा टोटल है। इससे पहले यह रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम था। इंग्लैंड ने नीदरलैंड के खिलाफ वनडे में 498 रन बनाए थे। हालांकि, तमिलनाडु ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया। जगदीशन ने भी रिकॉर्ड की झड़ी लगा दी। उन्होंने लिस्ट-ए क्रिकेट में हाईएस्ट इंडिविजुअल स्कोर अपने नाम किया। इस मामले में जगदीशन ने सरे के एलेक्स ब्राउन को पीछे छोड़ा। जगदीशन और साई सुदर्शन ने पहले विकेट के लिए 38.3 ओवर में 416 रन की साझेदारी निभाई। यह लिस्ट-ए क्रिकेट के इतिहास की सबसे बड़ी साझेदारी है। सुदर्शन 102 गेंदों पर 154 रन बनाकर आउट हो गए। अपनी पारी में उन्होंने 19 चौके और दो छक्के लगाए। जगदीशन का यह लगातार पांचवां शतक रहा। वह लिस्ट-ए क्रिकेट में ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। उन्होंने इस मामले में श्रीलंका के कुमार संगकारा को पीछे छोड़ दिया।

### 17 छक्के, 45 चौके, 50 ओवर में 506 रन और टूट गया इंग्लैंड का महारिकॉर्ड

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar– I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 | | |
| English Grammar– I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !